आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 32°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज

10 तक कर सकेंगे कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में आवेदन
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 03 नवंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 22 www.janexpresslive.com/epaper



ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम... 12

# कश्मीर में 36 घंटे में तीन एनकाउंटर

## श्रीनगर में उस घर को उड़ाया, जहां आतंकी छुपे थे, 4 जवान घायल, 3 आतंकी ढेर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। एक आतंकी अब भी छिपकर फायरिंग कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में 36 घंटे में यह तीसरा एनकाउंटर है। श्रीनगर के खान्यार और बांदीपोरा के पन्नेर में भी मुठभेड़ चल रही है। श्रीनगर एनकाउंटर में 2-3 आतंकी छिपे हुए हैं। यहां गोलीबारी में 2 सीआरपीएफ के जवान और 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर है। तीनों ही एनकाउंटर की लोकेशन पर जम्मू-कश्मीर पुलिस भी पहुंच गई है। तीनों जगह सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है। इलाके से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। ड्रोन से भी निगरानी हो रही है। इधर, श्रीनगर के ही रावलपुरा इलाके में सेना का एक जवान एक्सीडेंटल फायरिंग के चलते शहीद हो गया। इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें यूपी के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों ने बताया था कि टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति फैलाने की नई साजिश है। माना जा रहा है कि इसका मकसद, आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजनाओं पर पानी फेरना है। आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही कश्मीर में टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें खास तौर पर आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों, प्रवासी कामगारों और यहां तक कि सरकार या पुलिस में काम करने वाले उन स्थानीय मुस्लिमों को भी निशाना बनाया है, जिन्हें वे भारत का करीबी मानते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में बढ़ी आतंकी घटना

जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में आतंकियों ने एक सेना के वाहन पर गोलीबारी की, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई थी। इसके बाद इलाके में को घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया गया था, जिसके लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबल भेजे गए गए थे। आतंकियों ने गुलमर्ग के पास सेना के एक वाहन पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों और दो स्थानीय पोर्टरों की मौत हो गई थी। इस हमले में घायल एक और सैनिक ने अगले दिन दम तोड़ दिया था, जिससे मरने वालों की संख्या पांच हो गई थी।

### 'आतंकी को ढेर न किया जाए, उन्हें गिरफ्तार किया जाए'

नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा- जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने से पहले आतंकी हमलों में तेजी क्यों नहीं आई। इसकी जांच होनी चाहिए कि यह कौन कर रहा है। अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर के खान्यार में मौजूद आतंकी को मारा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या उमर सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फल-फूल रहा था। आतंकवाद अपने सबसे निचले स्तर पर था, इसलिए मैं जांच की मांग कर रहा हूं।

### हमले के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार: श्रीनगर सांसद

बडगाम आतंकी हमले पर श्रीनगर सांसद रूहुल्लाह मेहदी ने कहा कि इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद हमलों में तेजी आई है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- मजहामा बडगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले की खबर से दुखी हूं। पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ मेरी सहानुभूति और प्रार्थनाएं। भाजपा सरकार जो सीधे जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा को नियंत्रित करती है, उसे इन बार-बार की विफलताओं के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। साथ ही यह भी पूछना चाहता हूं कि हालिया चुनावों के तुरंत बाद इन हमलों में अचानक वृद्धि क्यों हुई?

### आतंकियों के 5 हमले

**28 अक्टूबर:** अखनूर में 3 आतंकी ढेर हुए। एलओसी के पास आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। इसके बाद वे जंगल की ओर भाग गए थे। 5 घंटे तक चले एनकाउंटर में सेना का कोई जवान घायल नहीं हुआ।

**24 अक्टूबर:** बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों के हमले की जिम्मेदारी पीएएफएफ संगठन ने ली थी। पुलिस ने बताया था आतंकी हमला करके जंगल की ओर भाग गए थे।

**24 अक्टूबर:** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बटगुंड में आंतकवादियों ने मजदूर पर गोलीबारी की। हमले में मजदूर घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है।

**20 अक्टूबर:** गांदरबल के सोनमर्ग में कश्मीर के डॉक्टर, एमपी के इंजीनियर और पंजाब-बिहार के 5 मजदूरों की जान गई थी। इसकी जिम्मेदारी लश्कर के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली।

**16 अक्टूबर:** शोपियां में आतंकियों ने गैर-स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमले के बाद इलाके में आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

# लखनऊ जेल में कैदी की मौत

## सपा ने कहा, ये वर्दी की गुंडागर्दी, पैसे वालों के इशारे पर टारगेट किलिंग



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ जिला जेल में बंद हत्या के आरोपी शानू सिंह की मौत का मामले ने तूल पकड़ लिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं हो सकी है। वहीं, परिवार वाले शानू की मौत पर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। इधर, सपा ने वर्दी की गुंडागर्दी का अड्डा बताया है। एक्स पर लिखा- पैसे वालों के इशारे पर पुलिस करती है टारगेट किलिंग। मां का साफ कहना है कि एक हफ्ते पहले मैं जेल गई थी तो बेटा पूरी तरह से फिट था। उसे कोई बीमारी नहीं थी। मेरे बेटे की मौत नहीं हत्या की गई है। मां के इन सवालों ने पुलिस और जेल अधिकारियों पर पश्न-चिन्ह लगा दिया है। जेल प्रशासन ने अभी तक मौत की वजह साफ नहीं कर पाया है। इससे मामला और पेचीदा होता जा रहा है।

### पोस्टमॉर्टम के बाद सुरक्षित रखी विसरा रिपोर्ट

मेडिकल टीम ने शानू सिंह का पोस्टमॉर्टम के बाद विसरा रिपोर्ट को सुरक्षित रख लिया है। अब फोरेंसिक जांच में मौत के असली कारणों का खुलासा होने की बात कही जा रही है। मृतक की मां पुलिस को तहरीर दी है। सीसीटीवी की मांग कर न्याय की गुहार लगा रही है।

### भाई ने कहा, पहले अटैक में नहीं होती मौत

शानू के बड़े भाई अजय का कहना है कि पहले अटैक में आज तक कोई नहीं मरा। मेरा भाई एकदम फिट था। जेलर ने जब फोन किया तो हम तुरंत अस्पताल पहुंचे। हमारे पहुंचने के आधा घंटा बाद भाई को बलरामपुर अस्पताल लाया गया। इससे मारपीट की आशंका और बढ़ रही है।

### शव पहुंचा तो लगी भीड़

शानू का शव घर पहुंचा तो इलाके में भीड़ जमा हो गई। पूरे गांव के लोग इकट्ठा हो गए। सभी में आक्रोश देखने को मिला। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि पुलिस ने समझाया और कहा कि जेल प्रशासन के खिलाफ लिखित शिकायत दें। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### 20 दिन में पुलिस कस्टडी में दो मौत,

इस घटना ने जेल प्रबंधन और वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले लखनऊ में पुलिस कस्टडी में 2 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, अब जेल में मौत होने के बाद फिर से राजनीति शुरू हो गई है। जिसने कैदियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत की ओर इशारा किया है। शानू सिंह की मौत ने लखनऊ की जेल व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान छोड़ दिया है।

### पांच महीने पहले जेल भेजा गया था शानू

यह मामला मई महीने का है, जब शानू को हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था। कैंट क्षेत्र में 23 मई को एक बर्थडे पार्टी के दौरान हुई झगड़े में नितिन प्रकाश की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें शानू सहित पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में शानू को जेल भेजा गया था।

### 'सीसीटीवी फुटेज की हो जांच'

शानू की मां कलावती देवी ने कैंट पुलिस से मामले की शिकायत की है। उन्होंने घटना की जांच के लिए पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों के पैनल की वीडियोग्राफी की मांग की है। साथ ही जेल में लगे ष्टष्टञ्ज कैमरों की फुटेज को सार्वजनिक करने की अपील की है। इससे उनके बेटे की मौत के कारणों का सही तरीके से पता लगाया जा सकता है। जेल प्रशासन लगातार शानू की मौत हार्ट अटैक से बता रहा है। मृतक की मां कलावती देवी इस दावे को मानने से इनकार कर रही है। उनका कहना है कि उनका बेटा पूरी तरह स्वस्थ था। अचानक हार्ट अटैक कैसे आ गया। उसकी मौत नहीं हत्या की गई है।

# पत्रकारों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति: अरुण त्रिपाठी

## *हमीरपुर में सरीला के भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष पवन अनुरागी द्वारा साजिशन घर बुलाकर दो पत्रकारों पर हमला करने और उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर आक्रोश*

- आरोपी जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य हमलावरों पर कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन
- समिति ने बैठक कर सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि जब तक दोषी नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्रवाई नहीं करा लेंगे तब तक शांत नहीं बैठेंगे




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

हमीरपुर में सरीला के भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष पवन अनुरागी द्वारा साजिशन घर बुलाकर दो पत्रकारों पर हमला करने और उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने के मामले को उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने गंभीरता से लिया है। समिति ने बैठक कर सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि जब तक दोषी नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्रवाई नहीं करा लेंगे तब तक शांत नहीं बैठेंगे। मामला सिर्फ दो पत्रकारों पर हमले का नहीं, यह हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर है। ऐसी घटनाओं को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। समिति ने आरोपी पवन अनुरागी व अन्य हमलावरों पर कार्रवाई कराने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के शीर्ष अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महामंत्री अरुण कुमार त्रिपाठी के अनुसार नगर पंचायत के स्वच्छता कार्यक्रम की असलियत लिखने से नाराज चेयरमैन पवन अनुरागी ने पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को एक साजिश के तहत घर बुलाकर कमरे में बंद कर लिया। कमरे में पहले से ही एक दर्जन लोग मौजूद थे। जैसे ही दोनों कमरे में अंदर घुसे, वैसे ही पहले से घात लगाये अनुरागी और उनके गुर्गों ने दोनों पत्रकारों पर हमला कर दिया। जिसमें हमलावरों में पवन अनुरागी, अखिलेश राजपूत, विक्रम यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा, आरके सोनी, आकाश अनुरागी निवासी सरीला आदि लोग शामिल थे। इसमें तीन हिस्ट्रीशीटर अपराधी बताये जाते हैं। यही नहीं, दोनों पत्रकारों को जख्मी करने के बाद चेयरमैन व उसके गुर्गों ने पत्रकारों के हाथ में तमंचा थमाने के बाद उसका वीडियो बनाया। हमलावरों में अनुरागी का एक निर्वतमान लिपिक भी शामिल है।

पीड़ित दोनों पत्रकारों ने जरिया थाने जाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने मेडिकल कराकर कार्रवाई शुरु कर दी है।

### पुलिस पर दबाव बनाकर दर्ज कराया झूठा मुकदमा

पुलिस पर दबाव बनाकर पवन अनुरागी ने परिवारिक भतीजा कहे जाने वाले आकाश के द्वारा पत्रकारों के खिलाफ तमंचा लेकर धमकाने व जाति सूचक शब्द कहे जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

### दरोगा पर भी हमला कर चुके हैं अनुरागी

सभासदों का कहना है कि इसके पहले भी चेयरमैन कई लोगों पर हमला करा चुके हैं। उन्होंने दरोगा के साथ भी मारपीट की थी। भाजपा का दामन थामने के कारण वह हर बार बच निकलते हैं।

# सीएम योगी का नारा: एक रहोगे तो नेक बनोगे, बंटोगे तो कटोगे की गूंज देश में ही नहीं अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में भी गुंजायमान

**जन एक्सप्रेस । राज्य मुख्यालय**



गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ लगभग ढाई दशक से सक्रिय राजनीति में हैं। इस दौरान वह राजनीति और संन्यास के बीच तालमेल रखते हुए हिंदुत्व का बड़ाचेहरा बनकर उभरे तो उनकी ज़ुबान से स्वतः स्फूर्त निकला दो वाक्य का मूल मन्त्र 'एक रहोगे तो नेक बनोगे, बंटोगे तो कटोगे' देश भर में जन साधारण की ज़ुबाँ पर ही नहीं गूंज रहा है, बल्कि इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनाया जाने लगा है। इसे अपनाया है अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रम्प ने इसी पांच नवम्बर को अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान है। भारतीय मूल के हिन्दू वोटरों की बहुतायत संख्या को रिझाने के लिए उन्होंने नारा दिया है कि अमेरिका और दुनिया भर के हिंदुओं की सुरक्षा की जाएगीद्य ट्रम्प का दावा है कि यदि जनता ने उन्हें दोबारा मौका दिया तो विश्व भर में रह रहे हिंदुओं को किसी से भयभीत नहीं होने देंगे द्य इससे पूर्व योगी के मूल मंत्र को प्रधान मन्त्री नरेंद्र मोदी ने अपने वक्तव्य में शामिल करते हुए कहा कि एक रहोगे तो सेफ रहोगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने तो इसे पूरी सहजता से आत्मसात कर लियाद्य हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस मूल मंत्र ने भाजपा को सत्ता में लाकर यह संकेत दे दिया है कि महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में भी विपक्षी दलों को इसकी काट ढूंढने में मुश्किल होगी।

दरअसल बीएचपी नेता अशोक सिंहल का अस्सी के दशक में दिया नारा 'जय श्री राम' को पूर्णता राम मन्दिर बन जाने पर मिल गई, लेकिन यह आमजन की ज़ुबान से अयोध्या आंदोलन के दौरान सुर्खियों में आया जो आज़ भी कायम है। इसी तरह सीएम योगी आदित्यनाथ का यह मूल मंत्र तब स्वतः सामने आया जब पांच अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्ता पलट हुआ और मोदी सरकार ने वहां की प्रधान मन्त्री शेख हसीना को भारत लाकर सुरक्षित कर लिया। इसी दौरान वहाँ के अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के नरसंहार, उनके मन्दिरों को मिटाने और महिलाओं से दुराचार का सिलसिला शुरू हुआ तो हिंदुओं ने एकता के साथ इसका विरोध शुरू कर दिया। उनकी इसी एकता ने सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण और हिंदुत्व की चेतना को झंकृत करते हुए ठोस आधार दे दिया। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में एक समारोह के दौरान दो वाक्य का यह मूल मंत्र दिया जो आज़ अंतर्राष्ट्रीय फ़लक पर छा गया है। वर्ष 1998 में योगी आदित्यनाथ पहली बार सांसद बने और 2005 में उनसे एक प्रकरण में फोन पर मेरी बात हुई तब महसूस हुआ कि सनातन संस्कृति को लेकर उनका नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। इसे वह राजनीति से अलग रखते हैं। राजनीति के लिए तुष्टिकरण बिल्कुल नहीं करते हैं। आज़ वही योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय स्तर पर हिंदुत्व का बड़ा चेहरा बन चुके हैं।

# सिपाही भर्ती की फाइनल आंसर शीट जारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। पुलिस भर्ती एव? प्रोन्नति बोर्ड ने शनिवार को आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अगस्त 2024 माह में आयोजित लिखित परीक्षा की फाइनल आंसर की जारी कर दी है। इसमें 25 प्रश्न निरस्त कर दिए गए हैं, जबकि 29 प्रश्नों का एक से अधिक सही विकल्प होने पर सही जवाब देने वालों को अंक प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। भर्ती बोर्ड के चेयरमैन राजीव कृष्ण ने बताया कि दस पारियों में कुल 70 प्रश्नों को लेकर आईं आपत्तियों को सही पाए जाने पर विचार किया गया।

### कट ऑफ जारी करने की तैयारी

वहीं 16 प्रश्नों के विकल्पों मे परिवर्तन किया गया है। बता दें कि बोर्ड ने बीते माह अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की थीं। जिसका विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन परीक्षण के बाद निस्तारण किया गया है। बोर्ड जल्द लिखित परीक्षा का कट ऑफ जारी करने की तैयारी कर रहा है।

# डॉक्टर के दो मंजिला मकान और क्लीनिक में लगी आग, धमाके के साथ फटा सिलेंडर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शुक्रवार रात डॉक्टर के दो मंजिला मकान और भूतल पर संचालित क्लीनिक में आग लग गई। क्लीनिक के गेट पर रखा गैस सिलेंडर फट गया। हादसे में डॉक्टर परिवार फंस गया। दमकल कर्मियों ने तीन गाड़ियों से एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। मामला गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विरामखंड का है। यहां के निवासी डॉ आरपी सिंह का दो मंजिला मकान है। भूतल पर उनका गंगा लक्ष्मी ऑर्थो क्लीनिक है। शुक्रवार रात करीब 12 बजे उनकी क्लीनिक में आग लग गई। देखते ही देखते आग पहले और दूसरे तल तक पहुंच गई।

### गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया

आग की लपटों और धुंए के कारण डॉक्टर उनकी पत्नी व एक बच्चा फंस गया। वे मदद के लिए चीखने चिल्लाने लगे। हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई। घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मी तीन गाड़ियों से आग बुझाने में जुट गए। तभी एकाएक क्लीनिक के गेट पर रखा एलपीजी गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। उन्होंने बीए सेट पहनकर कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटे में आग बुझा ली। एफएसओ सुशील यादव के मुताबिक हादसे में क्लीनिक में रखा फर्नीचर, एसी, मेडिकल स्टोर व एक्स रे की मशीनें जल कर राख हो गईं। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। संबंधित खबर पेज 03 पर

### सांस लेना भी हो गया था दूभर

लोगों में दहशत फैल गई। इस बीच आग की लपटें और विकराल हो गईं। पड़ोसी के मकान भी इसकी चपेट में आ गए। किसी तरह से डॉक्टर आरपी सिंह व उनके परिवार ने पड़ोसी की छत फांद कर अपनी जान बचाई। धुआं इतना अधिक थी कि दमकल कर्मियों का सांस लेना दूभर हो गया।

# महाकुंभ 2025: 30 नवंबर तक प्रयागराज की रोड्स होंगी सुदृढ़, 50 परियोजनाओं पर तेज गति से काम कर रहा पीडीए

- महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार हो रहा प्रयागराज
- 4 परियोजनाओं का कार्य हुआ पूर्ण, शेष पर तेजी से हो रहा कार्य
- हनुमान मंदिर कॉरिडोर का कार्य दिसंबर तक होगा पूरा



**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए शहर की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूती का कार्य 30 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। महाकुंभ 2025 के स्वागत के लिए प्रयागराज पूरी तरह से तैयार हो रहा है। आगामी आयोजन को सुगम और स्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। महाकुंभ के मद्देनजर पीडीए कुल 50 परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इनमें से 4 परियोजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। महाकुंभ के शुभारंभ में अभी 70 दिनों से ज्यादा का समय है, जिसे देखते हुए पीडीए का उद्देश्य 31 परियोजनाओं को 15 नवंबर तक पूर्ण कर लेना है, जिससे जल्द से जल्द शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार लाया जा सके।

> महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए रोड्स के चौडीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण सभी परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
> -अजीत कुमार सिंह, पीडीए सचिव

### 30 नवंबर तक शेष परियोजनाओं के पूर्ण होने का लक्ष्य

बाकी बची 15 परियोजनाओं को 30 नवंबर तक पूरा करने की योजना है। इनमें सड़कों का चौड़ीकरण, ड्रेनेज सिस्टम, लाइटिंग, और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इससे शहर में यातायात सुगम होगा और आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### हनुमान मंदिर कॉरिडोर 10 दिसंबर तक होगा पूरा

महाकुंभ के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हनुमान मंदिर कॉरिडोर का कार्य 10 दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कॉरिडोर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। इस कार्य को समय पर पूरा करने से मंदिर क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और सुगमता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### समय पर पूरा होगा काम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हाल ही में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की थी। इस बैठक में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और समयबद्ध तरीके से काम पूरा करने का आश्वासन दिया गया।



**एलएसी पर डेमचोक के बाद देपसांग में भी...**

भारतीय सेना ने देपसांग में गश्त शुरू कर दी है। यह पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव वाला बिंदु था। सेना ने शुक्रवार को डेमचोक में गश्त शुरू हुई थी। उससे पहले पहले भारतीय और चीनी सैनिकों ने पूर्वी...

पढ़ें पेज 12 पर...

# दिवाली पर 73 स्थानों पर लगी आग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





लखनऊ में दिवाली की रात से शुक्रवार देर रात तक 76 स्थानों पर आग लगी। इसमें से करीब 20 स्थानों पर लाखों का नुकसान हुआ है। शुक्रवार रात सहादतगंज में लकड़मंडी में दुर्गा मूर्ति कारखाने में भीषण आग लग गई। इसे बुझाने में दमकल कर्मियों को 4 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। वहीं, हुसैनगंज में मकान की दूसरी मंजिल पर रखे टेंट के सामान में पटाखे की चिंगारी से आग लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था। जिसे दो दमकल की गाड़ियों ने काबू पाया। इसी तरह गोमती नगर में एक डॉक्टर के घर में आग लग गई, जिसमें घर का सारा सामान जल गया। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। स्न्स्ह मंगेश कुमार का कहना है कि दीवाली के पर्व पर पटाखा और शार्ट सर्किट आग की प्रमुख कारण बनती है। हमने इस बार बचाव के ज्यादा इंतजाम किए थे।

### मूर्ति कारखना में दीवार तोड़कर आग पर पाया काबू

सहादतगंज के लकड़मंडी में अमित गुप्ता की मूर्ति की दुकान में शुक्रवार रात आग लगी। जहां पर वो अवध मूर्ति कोलकाता कला केंद्र नाम से मिट्टी से बनी मूर्तियों का गोदाम है। वहीं से मूर्ति की बिक्री की जाती है। आग की सूचना पर चौक फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग ज्यादा भयानक थी, जिसकी वजह से आसपास के फायर स्टेशन से गाड़ी मंगाई गई। स्न्स्ह मंगेश कुमार खुद मौके पर पहुंचे। इसके बाद चौक और इंदिरा नगर स्न्स्ह के साथ मिलकर आग को चारों तरफ से बुझाना शुरू किया। जगह-जगह दीवारों को धुआं निकालने और पानी डालने के लिए तोड़ा गया। आग बुझाने में चौक, इंदिरा नगर, हजरतगंज, बीकेटी और आलमबाग से कुल 9 दमकल वाहनों को लगाया गया। आग करीब 45 मिनट में काबू हुई और चार घंटे में बुझ सकी।

### गंगा लक्ष्मी क्लीनिक में आग, सिलेंडर फटने से भड़की आग

शुक्रवार देर रात विरामखंड निवासी डॉ. आरपी सिंह के आर्थो क्लीनिक में आग लग गई। जहां गेट पर रखे एलपीजी सिलेंडर के फटने से आग भड़क गई। आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। आग की सूचना पर एफएसओ इंदिरानगर सुशील कुमार दो दमकल की गाड़ियों से मौके पर पहुंचे। पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई। वहीं धुआं अधिक होने पर स्मोक एक्झाटर लगाकर धुआँ निकालना गया। क्लीनिक से आग उनके घर की तरफ बढ़ने पर डॉक्टर दंपती को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग से डॉक्टर के घर में ग्राउंड फ्लोर पर चलने वाले क्लीनिक का फर्नीचर, सोफा, कुर्सी ,एसी रिसेप्शन , मेडिकल स्टोर और एक्स रे की मशीन जल गई।

### ऐशबाग में आरा मशीन के लकड़ी गोदाम में आग

ऐशबाग पुल से पहले शनि मंदिर के पास लकड़ी गोदाम में गुरुवार रात एक बजे के करीब आग लग गई। लपटें देखकर आसपास के लोगों ने दमकल को सूचना दी। स्न्स्ह हजरतगंज दो दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। अमीनाबाद और चौक से भी एक-एक दमकल की गाड़ी मंगाई गई। करीब 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया।

### चौक इलाके में फ्लैट में लगी आग

चौक फायर स्टेशन के मुताबिक गुरुवार देर रात कालीजी मार्ग पीर बुखारा में सॉस बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड के इनक्लेव अपार्टमेंट में आग लग गई। आग भुवनेश अवस्थी के फ्लैट में लगी थी। सूचना पर तीन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पाया।

### किचन में रखा सिलेंडर फटा

जानकीपुरम विस्तार क्षेत्र में दीपावली की देर आतिशबाजी से किचन में आग लगी। इस घटना में किचन में रखा सिलेंडर फट गया। वहीं कमरे की दीवार, खिड़की के शीशे और बालकनी भी डैमेज हो गई। फ्लैट के निवासियों ने फायर स्टेशन कंट्रोल रूम को जानकारी दी। सिलेंडर फटने से कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### आलमबाग में कबाड़ के गोदाम में लगी आग

आलमबाग में कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। जिस पर सीएफओ आलमबाग तीन दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। आग को देखते हुए फायर स्टेशन सरोजनी नगर से भी एक दमकल वाहन को बुलाया गया। आग को समय रहते बुझा लिया गया।

### लाजपत नगर में घर में लगी आग, एक झुलसा

लाजपत नगर में किरण देवी के दो मंजिला घर में शुक्रवार तड़के आग लग गई। दमकलकर्मी दर्शन कुमार ने बताया कि उनके बेटे ने घर से धुआं निकले देख चौक फायर स्टेशन में सूचना दी। स्न्स्ह चौक पुष्पेंद्र के मुताबिक आग की सूचना पर दो दमकल के साथ मौके पर पहुंचे तो पता लगा कि भूतल पर परिवार के परिवार के पांच लोग सो रहे थे। आग पहले फ्लोर पर लगी थी। चीख-पुकार सुनकर सभी लोग घर से बाहर आ चुके थे। वहीं घर के मुखिया सौरभ सिंह आग की जानकारी पर फर्स्ट फ्लोर पर देखने गए। जहां धुआं में आग की लपट नहीं देख पाए और उनका चेहरा झुलस गया। दमकल की दो गाड़ियों की मदद से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

### नाका में सेनेट्री गोदाम में लगी आग

थाना नाका क्षेत्र में राजेंद्र नगर स्थित सेनेट्री के गोदाम में देर रात आग लग गई। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची 5 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग की वजह दिवाली में हो रही आतिशबाजी में जलाए गए रॉकेट के गिरने से लगने की बात सामने आई है। आग से लाखों के नुकसान की बात कही जा रही है।

### आशियाना में दो दुकानों में आग

आशियाना में गुरुवार रात प्रियम प्लाजा के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित दो दुकानों में आग लग गई। आग से दुकानों में रखे कांच का सामान और फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। वहीं, आलमबाग से गई दमकल की दो गाड़ियों, फायर स्टेशन पीजीआई और सरोजनी नगर से एक दमकल वाहन ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

### चिनहट में सर्वेंट क्वार्टर में लगी आग

गुरुवार रात फायर स्टेशन गोमती नगर में चिनहट स्थित सिंह एंड संस फैक्ट्री में आग की सूचना दी गई। जहां, व्हीकल पार्ट्स बनाते हैं। आग की सूचना पर स्न्स्ह गोमती नगर एक दमकल की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे। जहां देखा गया कि आग वहां के सर्वेंट क्वार्टर में लगी थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### यूपी में 1 एकड़ में होते हैं 1.6 बीघा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। किसानों के लिए जरूरी है कि वे अपने खेत की नाप के बारे में सामान्य जानकारी रखें। उत्तर प्रदेश में बीघा एक क्षेत्र मापने की पारंपरिक इकाई है। एक बीघा की माप अलग-अलग क्षेत्रों में थोड़ी भिन्न हो सकती है, लेकिन आमतौर पर इसे 0.677 एकड़ के बराबर माना जाता है। प्रदेश में भूमि की माप के लिए यह एक सामान्य मानक है, जिसका उपयोग किसान अपने खेतों की माप के लिए करते हैं।उत्तर प्रदेश में एक एकड़ में करीब 1.6 बीघा होता है। यह पूरे राज्य के लिए भी एकरूप यानि बराबर नहीं है। यह क्षेत्र के अनुसार थोड़ी भिन्नता हो सकती है, लेकिन सामान्यतः यह मान्य माना जाता है। स्थानीय तहसील से इसकी जानकारी ली जा सकती है। यूपी में जमीन मापने की कई इकाइयां हैं। उत्तर प्रदेश में एक बीघा ज़मीन करीब 0.677 एकड़ के बराबर होती है। बीघे का आकार अलग-अलग इलाकों में भिन्न हो सकता है।एकड यूपी में एक व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली इकाई है, जो लगभग 0.4 हेक्टेयर के बराबर होती है।गाटा भूमि के छोटे हिस्से को मापने के लिए उपयोग किया जाता है, विशेषकर राजस्व रिकॉर्ड में इसका इस्तेमाल किया जाता हैं। एक हेक्टेयर में 10,000 वर्ग मीटर होते हैं और 1 बीघा 2530 वर्ग मीटर का होता है। एक हेक्टेयर बराबर 10000/2530 यानि 3.95 बीघा होगा।

### 1993 से कुंदरकी में कमल खिलाने को बीजेपी बेताब

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मुरादाबाद की कुंदरकी विधान सभा सीट पर खुद चुनाव प्रचार में जुटे है। कुंदरकी मुरादाबाद में है और भूपेंद्र सिंह खुद मुरादाबाद के रहने वाले है। कुंदरकी सीट पर भाजपा 1993 के बाद कभी नहीं जीती। उप चुनाव में भूपेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की टीम इस सीट पर कमल खिलाने के लिए दिन-रात लगी है।चौधरी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि जिस तरह हमारे कार्यकर्ताओ में उत्साह है और समाज के सब वर्गों का हमारे प्रत्याशी रामवीर सिंह को समर्थन मिल रहा है। भाजपा बड़े अंतराल से इस सीट को जीतने जा रही है। सपा के पोस्टर पर कहा कि सपने देखने का अधिकर सबको है। इन लोगों ने एजेंडा चलाकर जाति धर्म और संप्रदाय के नाम पर लोगों को बांटने का काम किया था, जिसे अब जनता जान चुकी है।पूरे प्रदेश में जनता भाजपा के साथ है। मोदी योगी के नेतृत्व में भाजपा बड़ी जीत हांसिल करेगी।चुनावी रण में 12 प्रत्याशी हैं, जिनमें 11 मुस्लिम हैं।भारतीय जनता पार्टी ने रामवीर सिंह ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है।भारतीय जनता पार्टी को मुस्लिम वोटरों के बंटने से उम्मीद की किरण नजर आ रही है। रामवीर सिंह ठाकुर 1993 के बाद दूसरी बार इस सीट पर बीजेपी को फतह दिलाने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे है।यहां अधिकतर सपा बीएसपी का कब्जा रहा । बीजेपी इस सीट पर 1993 के बाद कभी नहीं जीती है। परिसीमन के बाद यह सीट मुस्लिम बहुल सीट मानी जाती है।भारतीय जनता पार्टी कुंदरकी में कमल खिलने के लिए दूसरे तबके के वोटरों के साथ मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के फिराक में है।

### लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बने डॉ. एनबी सिंह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह को लखनऊ जिला का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। वह अभी तक बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) के पद पर तैनात थे। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ नरेंद्र अग्रवाल 31अक्तूबर को सेवानिवृत्त हो गए। नए महानिदेशक की तैनाती होने तक निदेशक डॉ दिनेश कुमार कार्यवाहक महानिदेशक की तरह कार्य करेंगे।

### महिला पुलिस कर्मियों का रील सोशल मीडिया पर वायरल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में महिला पुलिसकर्मियों की रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इन्होंने वर्दी पहनकर रील बनाई। फिर इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसके बाद यह वायरल हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी है। वीडियो में दिख रहीं महिला मुख्य आरक्षी डिंपल पांडेय व महिला आरक्षी पम्मी साहू मल्हीपुर थाने में तैनात बताई जा रही हैं। इनका पुलिस की वर्दी में रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस पर लोग अपनी अपनी टिप्पणी कर रहे हैं। शनिवार को वीडियो वायरल होने के बाद मल्हीपुर पुलिस ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दिया।

## 10 तक कर सकेंगे कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में आवेदन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



योगी सरकार ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए द्वितीय चरण में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए आवेदन तिथि में विस्तार किया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवंबर 2024 तक ÷ओ÷ लेवल एवं ÷सी.सी.सी.÷ कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक 9 हजार से अधिक आवेदक अपने आवेदन को अंतिम रूप से जमा कर चुके हैं।

### जमा करने होंगे समस्त आवश्यक अभिलेख

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवेदन तिथि में विस्तार का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। संशोधित समय-सारिणी के अनुसार, प्रशिक्षणार्थियों को अपने आवेदन के साथ सभी आवश्यक शैक्षिक प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके पश्चात, आवेदन की प्रति डाउनलोड कर उसे समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित 10 नवंबर 2024 तक संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में हार्ड कॉपी के रूप में जमा करना आवश्यक है।

### चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची भी होगी तैयार

11 नवंबर से 16 नवंबर 2024 तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों और उनके अभिलेखों का प्रिंट प्राप्त कर आवेदकों के आय, जाति प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद, पात्र प्रशिक्षणार्थियों के आवेदन सत्यापित कर लॉक किए जाएंगे और त्रुटिपूर्ण अथवा अपात्र आवेदनों को अस्वीकृत किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों की सूची तैयार कर, निदेशालय द्वारा संस्थावार एवं पाठ्यक्रमवार आवंटित लक्ष्य के अनुसार, जनपद स्तर से अनुमोदन के बाद चयनित लाभार्थियों के नाम डिजिटली लॉक किए जाएंगे। इसके साथ ही, चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी, जिसे जिला स्तरीय चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त होगा।

### 25 नवंबर से एक साथ प्रारम्भ होगा प्रशिक्षण

18 नवंबर 2024 से 24 नवंबर 2024 तक चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित संस्था में प्रवेश दिलाते हुए निलिट में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रवेश न लेने वाले उम्मीदवारों की जगह प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों को एलाटमेंट दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश की स्थिति पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट की जाएगी और प्रशिक्षणार्थियों के आधार उपस्थिति प्रणाली हेतु प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी। 25 नवंबर 2024 से प्रदेश स्तर पर सभी जनपदों में चयनित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण एक साथ प्रारम्भ किया जाएगा।

### अधिकारियों को किया गया निर्देशित

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा ने कानपुर देहात और श्रावस्ती को छोड़कर सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि द्वितीय चरण की संशोधित समय-सारिणी का निःशुल्क व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही, शासनादेश एवं पूर्व निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय में सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी की जाए।

## अखिलेश का पीडीए परिवारवाद की एजेंसी, टिकट सिर्फ परिवार के लोगों को देते हैं: डिप्टी सीएम केशव



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के पीडीए फार्मूले पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पीडीए सिर्फ परिवारवाद का ही मॉडल है। वहीं, पीएम मोदी लाखों युवाओं को राजनीति में लाने के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत कर रहे हैं। जनता परिवार मॉडल और विकास मॉडल का फर्क समझ रही है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि अखिलेश यादव का पीडीए असल में परिवार डेवलपमेंट एजेंसी ही है। नाम तो गरीबों, पिछड़ों और दलितों का असल मकसद सिर्फ अपने परिवार का विस्तार करना है। असलियत में टिकटों की लिस्ट आएगी तो बस चाचा-भतीजे और करीबी ही नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि सपा ने ग्राम सभा से लेकर लोकसभा तक परिवारवाद का झंडा, इतिहास और वर्तमान दोनों है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो लाखों गैर-राजनीतिक परिवारों के युवाओं को ग्राम सभा से लेकर लोकसभा तक में शामिल कर परिवारवाद के दलदल से लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत कर रहे हैं। सपा के पीडीए का मतलब सिर्फ परिवार का विकास, भाजपा का लक्ष्य लोकतंत्र का विस्तार! परिवार माडल और विकास मॉडल का फर्क जनता समझ रही है।

## बटेंगे तो कटेंगे पर मायावती का वार, बोलीं बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इन दिनों उपचुनावों की हलचल है। इसी कड़ी में शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा हो गई है। बीएसपी इन सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर बीजेपी और एसपी के गठबंधन दलों की नींद उड़ गई है। उपचुनावों के दौरान बीजेपी और एसपी अपने-अपने गठबंधन दलों के साथ दोस्ताना मुकाबला करते थे। क्योंकि, बीएसपी आमतौर पर ज्यादा उपचुनाव नहीं लड़ती थी। बीजेपी लोगों को गुमराह करने के लिए कह रही है, बटेंगे तो कटेंगे। जबकि एसपी कह रही है जुड़ेंगे तो जीतेंगे। उनके दोहरेपन को ध्यान में रखते हुए यह होना चाहिए कि बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे।

### सीएम योगी के बयान से शुरू हुई नारेबाजी

बताते चलें कि उपचुनाव को लेकर यूपी में इन दिनों नारों का दौर चल रहा है। इसको लेकर आए दिन नए पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं। बात शुरू होती है सीएम योगी आदित्यनाथ के एक बयान से। जिसमें उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा था कि बटेंगे तो कटेंगे। सीएम के इस बयान को उस समय और बल मिल गया, जब मथुरा बैठक में आरएसएस ने इसका समर्थन किया। इसके बाद इस पर सपा ने पलटवार किया। सपा ने लिखा कि, न बटेंगे न कटेंगे, पीडीए संग रहेंगे। राजधानी में सपा कार्यालय के सामने इसका पोस्टर लगाया गया। प्रदेश में इस बयान ने तूल पकड़ा तो बसपा भी पीछे न रही। अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस पर पलटवार किया है। मायावती ने कहा कि बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने इसे असली नारा करार दिया।

## दीपावली पर 600 प्रतिशत बढ़े बर्न और 50 ट्रॉमा के मामले, रात भर दौड़ती रहीं 108 एम्बुलेंस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आम दिनों के मुकाबले दीपावली के मौके पर पटाखों या अन्य कारणों से जलने और ट्रॉमा केसेज की संख्या में बड़ी संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। दीवाली के दिन बर्न के कुल 149 मामले आए। सामान्य दिनों में बर्न के औसतम 20 मामले ही आते हैं। जबकि पिछले वर्ष दिवाली के दिन बर्न के मामलों की संख्या 183 थी। उत्तर प्रदेश में संचालित 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसिज के अनुसार दिवाली के दिन इमरजेंसी केसेज के लिए सबसे अधिक कॉल्स आई। 31 अक्टूबर को दिवाली के दिन 12 हजार से अधिक लोगों को इमरजेंसी के मौके पर 108 एम्बुलेंस से जरूरी चिकित्सीय मदद दी गई। शाम 4 से रात 3 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल्स की संख्या काफी अधिक अधिक रही। दिवाली के दिन बर्न, रोड एक्सीडेंट, अन्य प्रकार से घायल होने, एल्कोहल के कारण बीमार होने, , पेट दर्द, सांस लेने में तकलीफ होने के मामलों काफी बढ़ोत्तरी हुई। आंकड़ों के अनुसार दिवासी के दिन रोड एक्सीडेंट के 904 मामलों में मरीजों को सेवाएं दी गईं। सामान्य दिनों की तुलना में रोड एक्सीडेंट के 48 प्रतिशत मामले अधिक आए। इसके अलावा नॉन वेहिकुलर ट्रॉमा के 1708 मरीजों को सेवा दी गई। जबकि 30 अक्तूबर को बर्न के 38 और 31 अक्टूबर को 149 मरीजों को अस्पताल पहुंचाया गया। आग लगने या पटाखों के कारण बर्न के सबसे अधिक मामले कानपुर (17), गोरखपुर (11), कन्नौज (10), देवरिया (9) और मैनपुरी (8) के हैं। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली को लेकर सभी एम्बुलेंसों को अलर्ट जारी किया गया था। जिसके तहत पुलिस व प्रशासन के सहयोग से इतनी बड़ी संख्या में मरीजों को एंबुलेंस सेवाएं प्रदान की जा सकी। एम्बुलेंस कर्मी दिन रात मरीजों को सेवाएं देने के लिए लगे रहे। बड़ी संख्या में मरीजों को एम्बुलेंस में ही प्राथमिक उपचार दिया गया।

## नगर विकास मंत्री और महापौर ने किया डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- बालूअड्डा और विकासखंड में डेंगू पीड़ितों का जाना हाल
- सफाई मित्रों को सफाई किट वितरित कर किया सम्मानित



उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को सुबह 9र बजे लखनऊ के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों जोन-01 के बालूअड्डा और गोमतीनगर के विकासखंड पहुंचकर वहां की साफ सफाई का औचक निरीक्षण किया और डेंगू पीड़ितों से मिलकर उनका हाल-चाल लिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी।नगर विकास मंत्री एके शर्मा निरीक्षण के लिए पहले बालूअड्डा पहुंचे, वहां पर प्रयाग नारायण रोड के मकान नंव 02 में डेंगू पीड़ित ए.के.शर्मा, मकान नंव 28 में अजय सिंह और बृजेश सिंह से मुलाकात कर उनका हाल-चाल लिया। बालू अड्डा के संजय गांधी नगर के मकान नंव 4/103 में ओम प्रकाश शर्मा की पुत्री अनुष्का, मकान नंव 3/14 में अजय श्रीवास्तव से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। बालूअड्डा के निवासियों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता हेतु पैम्फलेट भी वितरित किए और क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर जागरूक रहने को कहा।उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी बेहतर साफ सफाई कराने तथा क्षेत्र में एंटीलार्वा का छिड़काव कराने व फागिंग कराने के निर्देश दिए। 10 सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट देकर स्वच्छता कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बालूअड्डा तिराहे पर लगी पानी की टंकी की टोटियों से लगातार बह रहे पानी को रोकने के लिए टोटियों को बदलने का निर्देश दिया। नगर विकास मंत्री गोमतीनगर के विकास खण्ड 05 में पहुंचकर वहां के मकान नंव 5/51 में डेंगू पीड़ित एचएन अग्रवाल और सविता गर्ग जी से मिले और उनका हाल-चाल लिया। उन्होंने क्षेत्र के निवासियों से मिलकर डेंगू से बचाव के लिए पैम्फलेट बांटे और उनकी समस्याएं सुनी तथा क्षेत्र की साफ सफाई के बारे में जानकारी ली। क्षेत्रवासी मंत्री के कार्यों की प्रशंसा की। 20 सफाई मित्रों को स्वच्छता किट देकर सम्मानित कर सफाई कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। नगर विकास मंत्री ने गोमतीनगर के दयाल पार्किंग के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त 350 टन क्षमता के निर्माणाधीन बिन फिक्स कॉम्पेक्टर के प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निर्मित इस डंपिंग यार्ड को मार्च 2025 तक में पूरा कराने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों में नियमित साफ सफाई के लिए निकाय अधिकारी और सफाई कार्मिक प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। नगरों में डेंगू,चिकनगुनिया और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम तथा संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित रूप से एंटीलार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है, जहां कहीं पर भी डेंगू के केस मिल रहे, वहां पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं और बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।इस अवसर पर मुख्य अभियंता महेश वर्मा और निगम व जोन के ज़ोनल अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वतन्त्रता सेनानी की 27 वीं पुण्यतिथि एकता दिवस के रूप में मनाई गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बद्री प्रसाद यादव की 27वीं पुण्य तिथि चन्द्रशेखर आजाद पार्क में एकता दिवस के रूप में विभिन्न संगठनों द्वारा मनायी गयी। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी एवं संचालन सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव ने 9 वर्ष की आयु में 6 जनवरी 1921 को अपने पिता सद्धू प्रसाद यादव एवं माता श्रीमती इंदिरा यादव के साथ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ तिरंगा थामा था और जेल गये थे। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अंग्रेजों के चाटुकार सरदार निहाल सिंह ने जिल्ला जलाने व फसल नष्ट करने का झूठा मुकदमा थाना जगतपुर में लिखाकर जेल भिजवाया था कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि बद्री प्रसाद का विवाह स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्रीमती उमराई यादव के साथ हुआ था, जिन्होनें 12 वर्ष की आयु में वानर सेना में शामिल होकर सत्याग्रह शुरू किया था आई.टी.आई. श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीके शुक्ल ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव के परिवार ने कभी भी स्वतन्त्रता सेनानी परिवार को मिलने वाला लाभ नहीं लिया। आप पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे तिवारी, मजरे उड़वा में पैदा हुए थे।

आजादी की लड़ाई में मिलने के बाद पीएसी में नौकरी की थी। सपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव के एक पुत्री राजकुमारी यादव तीन पुत्र रामनरेश यादव, स्व0 राम बहादुर यादव व ओपी यादव है। इस अवसर पर आलोक विक्रम सिंह, अंकित सौरभ, बहादुर यादव, अनुज बरवारी, शिवकुमार अग्रहरि, रोहित चौधरी, शिवनारायन सोनकर, आई. जावेद, उमाशंकर चौधरी, महामंत्री सपा अरशद खान, विनायक सोनकर, मो0 मुशीर खाँ, मिश्रीलाल चौधरी, देवतादीन पासी, राम मिलन मौर्य, आशू, रमेश मिश्रा, सुशील कुमार मौर्य, पवन अग्रहरि आदि लोगों ने बद्री प्रसाद यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# यातायात माह का शुभारंभ, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर जोर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने 1 नवंबर को यातायात माह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर यातायात जागरूकता प्रचारक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन शहर के विभिन्न मार्गो, चौराहों, कस्बों और बाजारों में जागरूकता अभियान चलाएगायातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को बताया गया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना आवश्यक है। इसके अलावा, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, अपने बाएं चलने, उतावलेपन से वाहन न चलाने, चौराहा पार करते समय सावधानी बरतने, स्टंट बाइकिंग न करने, प्रेशर हार्न और मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# दीपावली के पर्व पर सक्सेस प्वाइन्ट इंस्टिट्यूट में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सक्सेस प्वाइन्ट इंस्टिट्यूट में दीपावली पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर कलाकृति का प्रदर्शन करते हुए अदभुत रंगॉली बनाए बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गई दीपावली उत्सव प्रकाश पर्व होने के साथ ही सुंदरता का अद्भुत नजारा भी देखने को मिला। कार्यक्रम में अध्यापकगण प्रषकस्यण प्रबंधक गीतेश दीक्षित विनय मित्रा प्ररीप कश्यप चंदन तिवारी अमित दीपक या घरी अंकुश मौर्य अमर वर्मा अजम अवरची दीपक शोषित सोनकडू व समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहेकक्षा 6 से 8 की उर्मी अंजलि अर्जुमन पायल रिज़ा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया कक्षा 12 की अंजलि अर्पिता चार्वी अंशिका स्वती खुशी नव्या ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया और कक्षा 11 की निशा ज्योति माही अलिस्बा मुस्कान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।इस मौके पर प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर अपनी बेहतरीन कलाकारी का प्रदर्शन कियाइस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में छिपी प्रतिभा उभर कर सामनेआती हैरंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभीशिक्षकशिक्षिका अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता को सफल बनाने में मौजूद रहें। उन्होंने कहा की बच्चे दीपावली का पर्व इको फेंडली मनाएं। पटाखे का उपयोग नही करें। लोकल फा?र वोकल पर जोर देते हुए कहा की बच्चे कुम्हार से मिट्टी का दीप खरीदकर उनके घर को रौशन करें।


## दिवाली पर 50 हजार दीपों से रोशन हुआ राम मंदिर

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य महल में बालकराम की पहली दीपावली पूरे भव्यता व शाही अंदाज में मनाई गई। हनुमान जयंती व दीपावली पर रामलला के दरबार में 50-50 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दीपावली पर रामलला ने रत्न व आभूषण जड़ित पीले वस्त्र में भक्तों को दर्शन दिया। इधर से दीपोत्सव में रिकॉर्ड बनाने के बाद उत्साहित अयोध्या में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। रामलला व हनुमानगढ़ी के दरबार में भक्तों की कतार टूटने का नाम नहीं ले रही है। वहीं दीपावली पर सुबह रामलला का भव्य श्रृंगार किया गया। रामलला ने पीतांबरी धारण किया। पीले रंग की सिल्क की धोती और वस्त्र पहनाए गए। पीले रंग के वस्त्र पर रेशमी कढ़ाई के साथ ही सोने और चांदी के तारों की कढ़ाई भी की गई थी। कई लड़ियों की माला और आभूषणों से भी श्रृंगार हुआ।

# सरदार पटेल आचार्य नरेन्द्र देव की देश की आजादी में अहम भूमिका : इं. वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं महान दार्शनिक शिक्षाविद समाजवादी आन्दोलन के नायक आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी आयोजित कर मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव का देश की स्वतंत्रता में बड़ा योगदान रहा।पेशे से शिक्षक एवं वकील आचार्य नरेन्द्र देव को असहयोग आंदोलन एवं नमक सत्याग्रह एवं बाद में करो या मरो आन्दोलन में अंग्रेज़ी हुकूमत ने उन्हें कई कई महीने जेल में रखा।उन्होंने डा. राम मनोहर लोहिया,लोकनायक जय प्रकाश नारायण आदि के साथ कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना कर भारत में समाजवाद को किसानों के सवाल और राष्ट्रीयता से जोड़कर भारतीय समाजवाद को स्थायी रूप से स्थापित किया।

जिला अध्यक्ष ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि वह दृढ़ निश्चयी व्यक्तित्व के धनी थे देश की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका के साथ खेड़ा संघर्ष,बारडोली आन्दोलन सहित अनेकों आन्दोलनों में उन्हें जेल की यातनाएँ मिली।देश की आज़ादी के बाद उन्होंने बड़ी संख्या में 562 देसी रियासतों का भारत में विलय कराया वह कुशल प्रशासक व दूरदर्शी राजनेता थे सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव का समाजवाद में वही स्थान रहा है जैसे एक परिवार में पिता का या किसी व्यक्ति में आत्मा का होता है। उनका मानना था इस युग की दो मुख्य प्रेरणाएँ हैं एक राष्ट्रीयता दूसरी समाजवाद। जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल किसानों के हिमायती थे उन्होंने देशवासियों को कठोर परिश्रम,अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता का मंत्र दिया। इस अवसर पर जिला महासचिव मो. अरशद ख़ान, वरिष्ठ नेता उमाशंकर चौधरी,जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान, मुकेश रस्तोगी, डा.जावेद, सुरजीत सिंह, शिवनारायण सोनकर,विनायक सोनकर,राजेंद्र बहादुर, देवतादीन पासी, देशराज यादव,विनय यादव,राम मिलन कुशवाहा सहित अनेकों लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किया।

# गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिलाधिकारी ने किया गो-पूजन, गोवंशों को खिलाया गुड़ व केला

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शनिवार को गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में गो-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी गौशालाओं में गो पूजन के उपरांत गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया गया।इस अवसर पर विकास खंड शाहगढ़ अंतर्गत वृहद गो संरक्षण केंद्र दक्खिन गांव में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पूरे विधि विधान से गो-पूजन किया।तथा मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया।डीएम ने गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए।गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए गौशालाओं में हरा चारा,भूसा,पशु आहार,स्वच्छ पेयजल,छांव सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की उपलब्धता रहे।उन्होंने कहा कि कोई भी गोवंश बाहर घूमता पाया जाए तो उसे तत्काल गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जाए।साथ ही सभी गोवंशों की ईयरटैगिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर जिला विकासअधिकारी वीरभानु सिंह,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम प्रकाश तिवारी,पशु चिकित्सक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## कारसेवा के बलिदानी कारसेवक को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में कारसेवा के बलिदानी कारसेवक को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि कारसेवकों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। यूपी के अयोध्या में रुदौली तहसील क्षेत्र स्थित पक्का तालाब समाधि स्थल पर दो नवंबर 1992 के अयोध्या कारसेवा के बलिदानी कारसेवक रामअचल गुप्त को श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम वैदिक यज्ञ कर दिवंगत कारसेवक राम अचल गुप्त की आत्म शांति की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुगलों ने हिंदुओं के मंदिर को तोड़ने का काम किया था। जिसमें लाखों हिंदुओं ने अपना बलिदान किया था। बलिदानी कारसेवकों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# हरचंदपुर पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई की गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




हरचंदपुर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना हरचंदपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-342/2024धारा-191(2)/191(3)/109/352/351 (2) बीएनएस व 3(2)ङ्क एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त दुर्गेश यादव उर्फ अंशुमान सिंह पुत्र श्यामलाल यादव निवासी गढ़ीखास थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है अभियुक्त का नाम है

दुर्गेश यादव उर्फ अंशुमान सिंह पुत्र श्यामलाल यादव निवासी गढ़ीखास थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

उप-निरीक्षक अवनीश यादव थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेलीआरक्षी महावीर थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली आरक्षी परमानन्द थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली।

# दीपावली पर्व की डीएम, एसपी, उद्यान मंत्री व विधायकों ने जनपदवासियों को दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

**उमंग, उत्साह, असत्य पर सत्य की जीत ओर समृद्धि का पर्व दीपावली की सभी को दी बधाई**

उमंग, उत्साह, असत्य पर सत्य की जीत ओर समृद्धि का पर्व दीपावली की स्वतंत्र प्रभार मंत्री, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों को बधाईजिलेवासियों को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वस्थनिरोग एवं कल्याण की कामना की स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि दीपावली उत्साह, उमंग, असत्य पर सत्य की जीत और समृद्धि का त्योहार है। साथ ही कामना की कि यह पर्व सभी जिलेवासियों को सुख समृद्धि से परिपूर्ण करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से जिले को विकास के पथ पर तेजी से दौड़ाते हुए एक के बाद योजनाएं शुरू की जा रही है।

विधायक अदिति सिंह और अशोक कोरी ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश आज आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हैजो हम सबके लिए गर्व का विषय हैजिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष दीपावली का त्योहार सभी के लिए बेहद खास है। दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है, जो हमें आशा और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करता है। दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है, जो हमें आशा और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करता है।

पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने जनपद वासियों को बधाई देते हुए लोगों से असत्य एवं बुराई के अंधकार पर सत्य एवं अच्छाई की जीत के इस त्योहार को उत्साह, उमंग से मनाने की अपील कीउन्होंने जनपदवासियों से दीपावली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

# आवारा सांड का आतंक, हमले में एक की गई जान, प्रशासन पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद मुख्यालय गौरीगंज क्षेत्र के मऊ गांव के आस पास आवारा सांड का आतंक बना हुआ है।सांड के हमले में 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पूरे बाबू,मऊ के



निवासी राम मनोहर शुक्रवार देर शाम खेत से घर आ रहे थे।उसी समय सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।सांड के हमले में मनोहर को गंभीर चोट आई।परिजन उन्हें जिला अस्पताल, गौरीगंज लेकर गये।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।गौरीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ग्रामीण बताते हैं कि इससे पहले भी सांड हमला कर चुका है।मऊ निवासी रीता ने बताया कि सांड कई लोगों पर हमला कर चुका है।उन्होंने कहा कि इकतीस अक्टूबर को सांड ने उनके बेटे पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सांड के हमले की निरंतर घटनाओं के बावजूद उसे पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# 43वें रामायण मेला के प्रथम पोस्टर का सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया अनावरण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



ज्ञात होकि हर वर्ष राम विवाह के शुभ अवसर पर रामायण मेला का आयोजन अयोध्या में होता है। पिछले कई वर्षों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों ही प्रथम पोस्ट का अनावरण होता रहा है। इस वर्ष प्रथम पोस्ट में जयमाल का दृश्य उकेरा गया है। समिति के संतो ने मुख्यमंत्री जी को 5 दिसंबर को रामायण मेला का उद्घाटन करने के लिए भी आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर गुरुवार को कारसेवक पुरम में आगामी 5 दिसंबर से 8 दिसंबर 2024 तक प्रस्तावित रामायण मेला का सांकेतिक शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मेले के प्रथम पोस्टर का विमोचन किया। यह प्रथम पोस्टर प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के विवाह के प्रसंग को दर्शाता है।

ज्ञात होकि हर वर्ष राम विवाह के शुभ अवसर पर रामायण मेला का आयोजन अयोध्या में होता है। पिछले कई वर्षों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों ही प्रथम पोस्ट का अनावरण होता रहा है। इस वर्ष प्रथम पोस्ट में जयमाल का दृश्य उकेरा गया है। समिति के संतो ने मुख्यमंत्री जी को 5 दिसंबर को रामायण मेला का उद्घाटन करने के लिए भी आमंत्रित किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि रामायण मेला मुख्यमंत्री जी के संरक्षण में नया स्वरूप ले रहा है। आने वाले समय में रामायण मेला और बृहद एवं विस्तृत किया जाएगा।

इस अवसर पर रामायण मेला समिति के श्री महंत राघवाचार्य, जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य, रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण, स्वामी अवधेश कुमार दास, समिति के कार्यकारी महामंत्री कमलेश सिंह, सूर्य नारायण सिंह, स्वामी वासुदेवाचार्य, महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, शरद कुमार त्रिपाठी, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ जनार्दन उपाध्याय, सरस चंद्र कपूर, श्रीनिवास पोद्दार, सरदार सुरेंद्र सिंह एवं संयोजक आशीष कुमार मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**दो भाईयों की मेहनत रंग लाई...**

अपने लिए जिएं तो क्या जिएं जिएं यह दिल जमाने के लिए यह बात बिजुआ के रहने वाले दो भाईयों पर बिल्कुल सटीक बैठती है। एक तरफ दिवाली का धूम धड़ाका था...

▶ शेष पेज 07 पर...





# रक्षा मंत्री ने टी-90 टैंक की बैरल बनते देखी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

दिवाली के ठीक बाद शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कानपुर के अरमापुर स्टेट स्थित फील्ड गन फैक्ट्री में बनने वाली हॉविलजर बैरल टी-90 टैंक धनुष, सारंग के बैरल को बनते हुए देखा। फील्ड गन फैक्ट्री में रक्षा मंत्री लगभग 500 मीटर तक पैदल चले। यहां पर उन्होंने हथियारों को बनते हुए देखा। इन हथियारों की सिर्फ देश के बॉर्डर पर ही नहीं बल्कि विदेशों में भी डिमांड है। उन्होंने अफसर के साथ बैठक की। रक्षा मंत्री करीब 2 घंटे तक फैक्ट्री के अंदर रहे।



आपको बताते चलें कानपुर के अरमापुर स्थित फील्ड गन फैक्ट्री एडवांस्ड वेपंस एवं एक्यूमेंट इंडिया लिमिटेड के तहत आती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने कानपुर के दौरे के दौरान फैक्ट्री में पहुंचे थे। हीट ट्रीटमेंट प्लांट, न्यू गन असेंबली, गन असेंबली, जीबी अनुभाग, जीरो वे सेक्शन को भी बहुत ही बारीकी से देखा। उन्होंने गण में इस्तेमाल होने वाले रॉ मैटेरियल टी -72 धनुष और सारंग के बैरल को भी बनते हुए देखा। रक्षा मंत्री ने डेढ़ घंटे तक फैक्ट्री के विभिन्न हिस्सों को देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद फैक्ट्री अधिकारियों को धनुष और सारंग की बैरल को और बेहतर बनाने और इसकी मारक क्षमता बढ़ाने पर काम करने को कहा है। जल्दी यह बॉर्डर पर पहुंच जाएंगे। इनके साथ ही अन्य देशों में भी उनकी जबर्दस्त डिमांड हो रही है। बैठक के दौरान उन्होंने कानपुर की फील्ड गन फैक्ट्री के साथ ही अन्य रक्षक उत्पाद बनाने वाली कानपुर के सभी फैक्ट्री में आने वाले समय में अपार संभावनाएं बताई है। रक्षा मंत्री ने सीएमडी राजेश चौधरी के साथ ही अन्य अफसरों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री का फोकस यहां की रक्षा उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री को बेहतर बनाने पर ही केंद्रित था। ताकि स्वदेशी को बढ़ावा मिले और विदेशियों पर भी यहां के हथियारों की डिमांड हो सके। उनके साथ सचिव संजीव कुमार और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव डीआरडीओ के डॉक्टर समीर वी कामत भी मौजूद थे।

# शहर की हवा ठंड के बढ़ने के साथ ही होने लगी प्रदूषित, जिम्मेदार कौन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### हवा में ऑक्सीजन की मात्रा हुई कम सांस लेने में हो रही दिक्कत

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वर्तमान समय में हवा सांस लेने योग्य नहीं रही है पीएम 10 का सामान्य केवल 10 माइक्रोग्राम क्यूबिक मीटर और पीएम 2.5 का 60 माइक्रो ग्राम क्यूबिक मीटर होना चाहिए। पीएम -2.5 और म 10 का स्तर बढ़ने से दम घुटने जैसी स्थिति होने लगती है। प्रदूषण के बढ़ने से शहर में दम मरीजों के बढ़ाने का इजाफा हुआ है।

### प्रदूषण से बचने के लिए करें यह उपाय

- यदि आप घर के बाहर घूमने के लिए निकलते हैं तो ऐसी स्थिति में मास्क का प्रयोग करें।
- सुबह के वक्त व्यायाम करने के लिए बाहर न निकले हो सके तो घर पर ही व्यायाम करें।
- लकड़ी ना जलाएं, लकड़ी का जलना प्रदूषण का मुख्य स्रोत माना गया है।
- बाहरी हवा में ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से हार्ट अटैक आने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में बाहर न निकले।

शहर में ठंड के आने के साथ ही प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। दीपावली के मौके पर पटाखे के चलने के साथ प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। 1 नवंबर को कानपुर में पीएम-2.5 एक्यूआई 289 दर्ज किया गया जो नारंगी जोन में आता है। इसके अलावा पीएम- 10 की मात्रा भी बहुत ही विनाशकारी रूप से बढ़ रही है। यह स्थिति सुबह के वक्त काफी खराब होती है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार शनिवार सुबह भी पॉल्यूशन का इस तरह खतरनाक रूप में दर्ज किया गया। सुबह का एक्यू आई 2.5-196.41 और पीएम- 10 253.95 दर्ज किया गया। हवा में बड़े प्रदूषण कानों की मात्रा ज्यादा बढ़ गई है। प्रदूषण में धूल निर्माण आदि का हिस्सा 30त्न तक है 22त्न इंडस्ट्रीज का 70त्न ट्रांसपोर्ट का व 10त्न हिस्सा घरों का 11त्न हिस्सा अन्य कारणों है। वही इस वक्त प्रदूषण के बढ़ने का एक वजह कचरा जालना भी है। जहां देखो वहां शहर में कचरे के ढेर जलाया जा रहे हैं जिसकी वजह से भी प्रदूषण में वृद्धि हुई है। गर्मी की अपेक्षा सर्दियों में कचरा जलाने से प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है।

## 10 साल के बच्चे की गर्दन रेतकर हत्या

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर देहात में रूरा थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव में शनिवार देर शाम 10 साल के बालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। बालक के पिता व मां ने गांव के दूसरे समुदाय व कुछ अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तनाव को देखते हुए गांव और जिला अस्पताल में कई थानों की फोर्स के साथ पीएसी तैनाती की गई है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गांव पहुंचकर जानकारी ली। सिठमरा गांव निवासी अनिल चक्रवर्ती का बेटा आर्यन (10) शनिवार शाम को बच्चों के साथ खेल रहा था। शाम छह बजे के करीब आर्यन पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर स्थित बीच बाजार में खून से लथपथ पड़ा मिला। चाचा अनुराग व परिवार के अन्य लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।
बीच बाजार छात्र की गला रेतकर हत्या किए जाने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। पिता अनिल, मां किरन बिलखते रहे।

# सपा गुंडे और बदमाशों को हमेशा देती है संरक्षण- डिप्टी सीएम बृजेश पाठक





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को आयोजित हुए बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सपा पर पर जमकर निशाना साधते हुए कहा समाजवादी पार्टी गुंडे और बदमाशों को संरक्षण देती चली आ रही है। उनके डीएनए में लूट और अराजकता पनपत्ति है। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी द्वारा मंदिर में दर्शन किए जाने को लेकर डिप्टी सीएम बोलने से बचते हुए नजर आए। मीडिया के द्वारा लगातार सवाल किए जाने के बाद भी वह इस सवाल पर कुछ भी नहीं बोल सके।वही मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि बाकी सब लोग माहौल बनाने में विश्वास रखते हैं लेकिन भाजपा के बूथ अध्यक्ष वोट डलवाकर जीतने में विश्वास रखते हैं। किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए ऐसा करने से आत्मविश्वास खराब होता है। उन्होंने सपा प्रत्याशी पर निशाना चाहते हुए कहा कि लोग आंसू बहा कर चुनाव जीतना चाहते हैं। वास्तविकता में रो तो नजीर फातिमा रही है। जिसको इरफान सोलंकी ने जमकर प्रताड़ित किया। सपा के लोग फ्यूज ट्रांसफार्मर है। ऐसे ट्रांसफार्मर से तार जोड़ने पर ना तो लाइट जलेगी और ना ही पंख चलेगा। भारतीय जनता पार्टी सीसामऊ में भी अच्छे बहुमत से जीतने जा रही है।
यहां पर माहौल अब भाजपा के पक्ष में है अब बूथ के मतदाताओं को निकालने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्ष ऑन की है।
यदि हम एक-एक वोट करने में सफल हुए तो हमारी जीत सुनिश्चित है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बिरहाना रोड दवा मार्केट में दुकान में लगी आग



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** बिरहाना रोड दवा बाजार में शनिवार दोपहर दवा की एक दुकान की पहली मंजिल पर आग लग गई। मकान में रहने वाले छह लोग फंस गए। आग की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने मकान में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। बिरहाना रोड दवा मार्केट में विकास गुप्ता की शिवा फार्मा के नाम से दवा की दुकान है। शनिवार दोपहर को शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आग की लपटें पहली मंजिल तक पहुंच गई और परिवार के छह लोग राजेश गुप्ता, उनकी पत्नी मंबू, धर्मेश गुप्ता, उनकी पत्नी पुष्पांगी और बेटा यश फंस गए। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से परिवार के लोगों को सीढ़ी लगाकर सुरक्षित बाहर निकाला। सीएफओ का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी थी। आग से नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका है। वहीं, कारोबारी ने लाखों के नुकसान की बात कही है।

### रबर व प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चकेरी श्यामनगर रामपुरम आदर्श विहार रिहायशी इलाके में शनिवार देर रात एक रबर, प्लास्टिक फैक्ट्री के बाहर जमा मैटीरियल में आग लग गई। रिहायशी इलाके में चल रही फैक्ट्री में इस आग की घटना से अफरातफरी मच गई। वहीं, सूचना पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। चकेरी के लालबंगला चंदननगर निवासी कुंदन जायसवाल की आदर्श विहार श्यामनगर में रबर और प्लास्टिक की फैक्ट्री है। इसमें नायलॉन की रस्सी और रबर की बेल्ट आदि बनती हैं। त्योहार के कारण शनिवार को काम बंद था। इस परिसर के बाहर उपयोग में आने वाला रबर ,प्लास्टिक आदि रॉ मटीरियल पड़ा था। आशंका है कि रबर, प्लास्टिक के ढेर में पटाखों से आग लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि फैक्ट्री पर आग की सूचना पर पहुंचा संचालक नुकसान देख बेसुध हो गया। इस कारण इसके वैध या अवैध संचालन की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं, एफएसओ जाजमऊ राहुल नंदन ने बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई है। नुकसान का आंकलन नहीं हो सका है। वहीं, इसके संचालन संबंधित प्रपत्र देखने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।



## बिजली का बकाया होने पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का कनेक्शन काटा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** मरहला चौराहा स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का 1.33 लाख रुपये बिजली का बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया। दो माह से कनेक्शन कटा होने से खिलाड़ियों को शाम के समय अभ्यास करने में दिक्कत हो रही है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का जीर्णोद्धार पिछले साल 21 अक्तूबर को तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे ने कराया था। यहां बिजली का कनेक्शन ग्राम पंचायत के नाम से लगाया गया था। तब से आज तक बिजली का बिल नहीं जमा हो सका है। इस समय लगभग 1.33 लाख रुपये बकाया है। इस पर विद्युत विभाग ने दो महीने पहले स्टेडियम की बिजली काट दी। देखरेख के अभाव में स्टेडियम में बनाए गए बैडमिंटन व वॉलीबॉल ट्रैक भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बिजली गुल होने और ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से खिलाड़ियों को दिक्कत हो रही है।

# नसीम सोलंकी ने वन खंडेश्वर मंदिर में बाबा को चढ़ाया जल जलाए दिए





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सीसामऊ क्षेत्र से पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी और से सीसामऊ से वर्तमान सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने दिवाली पर जिस मंदिर में जाकर जल चढ़ाया था। उसे मंदिर के पुजारी ने हरिद्वार से 100 लीटर गंगा जल मंगवाकर मंदिर का शुद्धिकरण किया है। गंगाजल से पूरे मंदिर और शिवलिंग को अच्छी तरह से धोकर अभिषेक किया।
इस घटना के बाद नसीम सोलंकी का पहली बार बयान सामने आया है। उनका कहना है कि जब भी कोई तकलीफ में होता है उसे जो भी रास्ता बताया जाता है वह उसे पर चलकर तकलीफ को दूर करना चाहता है। मैं भी तकलीफ में हूं जहां कोई मुझे जाने को कहता है वहां चली जाती हूं। इसमें वोट बैंक की कोई राजनीति नहीं है। हमें हर वर्ग का वोट मिलता है मंदिर जाने से पहले हमने 1 मिनट भी नहीं सोचा कि मुझे जाना चाहिए या नहीं। किसी भी मजहब में यह नहीं कहा जाता कि वह दूसरे मजहब का अनादर करें। वैसे ही मेरे मजहब में यह नहीं बोला गया है कि आप किसी मजहब का निरादर करें।
आपको बताते चलें की दिवाली पर नसीम सोलंकी बन खंडेश्वर मंदिर बाबा के दर्शन करने पहुंची थी। यहां उन्होंने भगवान शिव की पूजा की और दिए जलाए। इसके बाद ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती सहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने नसीम के खिलाफ फतवा जारी कर दिया। कहां जी भी महिला ने ऐसा किया है वह शरीयत की मुजरिम है। उसको तौबा करना चाहिए और दोबारा कल मां पढ़ना चाहिए। वही मंदिर के पुजारी नरेश मिश्रा ने बताया कि कोमल भक्तों में आक्रोश है कि बिना सूचना नसीम सोलंकी मंदिर कैसे आई। जलाभिषेक किया और दीप जलाए। इरफान सोलंकी कभी गर्भ ग्रह में नहीं आए बाहर ही रहे। और इरफान सोलंकी के पिता मुस्ताक सोलंकी भी बाहर ही रहे कभी भी मंदिर को राजनीति का अड्डा नहीं बनने दिया। किंतु नसीम सोलंकी की क्या मंशा है उन्होंने यहां दीप जलाए और जल चढ़ाया। अगर वह आई थी तो किसी पुजारी को बता देती तो उनको आचमन कर देता। उनका शुद्धिकरण कर देता हमारे किसी भी पूजन को करने से पहले गंगाजल से शुद्धिकरण कराए जाने का महत्व है। लेकिन नसीम सोलंकी ने ऐसा नहीं किया। अगर बाबा से इतना ही लगाव था तो वह पहले भी आ सकती थी चुनाव के समय आने की क्या जरूरत पड़ गई। फिलहाल घटना के बाद से सोशल मीडिया माहौल गर्म है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने 13.25 करोड़ रुपये में कुलदीप को किया रिटेन



> पूर्व क्रिकेटरों ने जताया हर्ष शहर से आईपीएल में खेलने वाले पहले खिलाड़ी कुलदीप यादव ही हैं। अगले सत्र में भी कुलदीप यादव अपनी शानदार गेंदबाजी का जलवा दिखाएंगे। इसकी पूरी उम्मीद है।
> **गोपाल शर्मा, पूर्व भारतीय क्रिकेटर**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव अगले साल आईपीएल-2025 में दिल्ली कैपिटल्स से ही खेलते नजर आएंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने कुलदीप यादव को फिर से 13.25 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। इसपर शहर के पूर्व क्रिकेटरों में खुशी का माहौल है।
कानपुर के जाजमऊ निवासी कुलदीप यादव आईपीएल में वर्ष 2016 से लेकर अभी तक कुल 84 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 87 विकेट भी हासिल किए हैं। उम्मीद है कि इस बार वह अपना विकेटों का शतक पूरा कर लेंगे। आईपीएल सीजन-2024 में कुलदीप ने 16 विकेट हासिल किए थे। दिल्ली टीम के सहमालिक पार्थ जिंदल का बयान मीडिया में आया, जिसमें उन्होंने कहा कि अक्षर पटेल (16.5 करोड़ रुपये), अभिषेक पोरेल (4 करोड़ रुपये), ट्रिस्टन स्टब्स (10 करोड़ रुपये) और कुलदीप यादव (13.25 करोड़ रुपये) को शामिल करने से हमारे पास अनुभव और युवा प्रतिभा का आदर्श मिश्रण हुआ है।

# दिवाली के दीपक से घर में लगी आग, दम घुटने से कारोबारी, पत्नी व नौकरानी की हुई मौत

- **ऑटोमेटिक कोठी बनी उद्योगपति पत्नी व उनकी नौकरानी की मौत का कारण**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





शहर के पांडू नगर के रहने वाले एक कारोबारी की आलीशान ऑटोमेटिक कोठी ही पति-पत्नी और उसके नौकरानी की मौत का कारण बन गई। काकादेव के पांडू नगर में दीपावली की रात कानपुर के जाने-माने कारोबारी संजय श्याम दासानी उनकी पत्नी और नौकरानी की दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की वजह घर के नीचे मंदिर में जल रहे दीपक से आग लगने की वजह बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और तीनों के शवों को बाहर निकाला।
सूत्रों के मुताबिक कानपुर के कारोबारी संजय श्याम दासानी अपनी पत्नी और एक नौकरानी के साथ पांडू नगर स्थित अपनी आलीशान ऑटोमेटिक कोठी में रहा करते थे। दिवाली की रात ड्राइंग रूम में आग लगने के बाद ऑटोमेटिक डोर विंडो लॉक हो गए। आग लगने की वजह से पूरे घर में धुआं फैल गया। इसके बाद धुएं में तीनों करीब 1 घंटे तक तड़पते रहे। पूरी कोठी एयर टाइट होने की वजह से धुआं बाहर नहीं निकाला और आज पड़ोस में रहने वाले किसी को भी उन तीनों के चीखने की आवाज तक नहीं सुनाई दी। उसी कोठी के दूसरी मंजिल पर रहने वाले भाई ने धुंआ और आज की लपेट देखी तब पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना के जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने फायर ब्रिगेड ने डेढ़ से 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आज पर काबू पा लिया। कारोबारी संजय श्याम दासानी उनकी पत्नी और नौकरानी को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने तीनों को अमृत घोषित कर दिया। आपको बताते चलें इस भयंकर अग्निकांड में करने वाले संजय श्याम दासानी उम्र 48 वर्ष उनकी पत्नी कनिका दासानी उम्र 42 वर्ष और नौकरानी छबि चौहान उम्र 26 वर्ष के साथ एक बिल्ली की भी लाश मिली है। यह बिल्ली पर्शियन बताई जा रही है। भाई ने बताया की संजय श्याम



की अंबाजी फूड्स नाम से कंपनी है साथ ही उनकी बिस्कुट फैक्ट्री भी है।

### फोरेंसिक टीम एक्सपर्ट के अधिकारी बोले, एयर टाइट कोठी होने की वजह से हुई घटना

फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने अपनी रिपोर्ट में मुताबिक बताया कि ड्राइंग रूम में ऑटोमेटिक सेंसर डोर और बालकनी में विंडो भी ऑटोमेटिक लगी हुई है। पूजा पाठ करने के बाद पति पत्नी और नौकरानी छवि तीनों कमरें में सो गए इसी दौरान लकड़ी के मंदिर में जल रहे दीपक की वजह से आग लग गई। टीम ने यह भी बताया कि ड्राइंग रूम में वुडन वर्क और पीवीसी का काम होने के चलते मंदिर की आग ने पूरे कमरें को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देरी में सोफे और पूरे फर्नीचर में जोरों की आग लग गई। और कुछ ही मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व पुलिस ने आनन-फानन में तीनों घायलों को कानपुर के जाने-माने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से कानपुर उद्योग जगत को काफी क्षती हुई है।

### कारोबारी के भाई ने पुलिस को दी घटना की जानकारी

सुबह 5.00 बजे दूसरे मंजिल पर रहने वाले कारोबारी संजय श्याम दासानी के भाई एक कमलेश ने नीचे के मंजिल से धुआं उठता हुआ देखा जिसके बाद कमलेश ने भाई और भाभी के मोबाइल नंबर पर फोन कर बताना चाह, लेकिन फोन पर किसी भी प्रकार का कोई रिस्पांस न मिलने पर उसने पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन कर घटना की सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आंख पर काबू पा लिया ऑक्सीजन मास्क लगाकर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों बेडरूम में दाखिल हुए। तीनों बॉडी को बाहर निकाल। और एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है।

घटना की जानकारी कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के उच्च अधिकारियों को मिलते ही मौके पर डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी पहुंचे। उन्होंने बताया की तीन मंजिला कोठी के ग्राउंड फ्लोर पर उद्योगपति ललित दासानी रहते थे लेकिन कुछ समय पहले वह अपने परिवार समेत कंपनी बाग के इमराल्ड टावर में शिफ्ट हो गए। जिस वजह से कोठी का ग्राउंड फ्लोर खाली पड़ा हुआ था। पहले मंजिल पर संजय और उनकी पत्नी कनिका रहती थी बेटा हर्ष विदेश में पढ़ाई करने के लिए गया हुआ है। दिवाली पर बेटा भी घर आया था दूसरी मंजिल पर मृतक के भाई कमलेश श्याम दासानी उनकी पत्नी और तीन बच्चों के साथ सोए हुए थे। घटना की जांच पड़ताल करने पहुंची

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## अधिक बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा मौन

**अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की ये संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉर्मूले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं।**

*आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चन्द्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहे तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है। नायडू के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिए। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडू द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लडने की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढ़कर 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ।*

### एक्सप्रेस आलेख

कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए। यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा।


## भाई-बहन के पावन संबंधों की मजबूती का पर्व है भाई दूज



योगेश कुमार गोयल

**भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढ़ेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया। भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए ही 'भाई दूज' पर्व मनाया जाता है।**

आमतौर पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात् कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 31 अक्तूबर को मनाई गई है और भाई दूज पर्व 3 नवंबर को मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर शुरू होकर 3 नवंबर को रात 10 बजकर 5 मिनट पर रहेगी। इसलिए भाई दूज का पर्व 3 नवंबर को ही मनाया जाएगा। भाई दूज पर तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से दोपहर 3 बजकर 21 मिनट तक है। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है। भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए। यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा। भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी।



**यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा। भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री।**

कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है। जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरूष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई। सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई।

### एक्सप्रेस कविता

*एक दिया छत की मुंडेर पर जला आना, जहां साया होता है गहन तमस का। एक दिया उस बूढ़ी मां के कमरे के आले पर जला आना, जहां बेटे, बहू,नाती, नातीने जाने से कतराते हों। एक दिया गांव के उस आंगन पर जला आना, जहां से जाने के बाद बेटा माँ-बाप की मौत पर भी लौटकर न आया हो।*

*एक दिया उन खेतों पर जला आना जहां किसानों ने पसीना बहा अन्न पैदा किया और देश को खुशहाल बनाया। एक दिया उस चौखट पर जला आना, जहां की विधवा मां का एकमात्र लाडला सीमा पर देश के नाम शहीद हो गया हो। एक दीया उस घर में भी जला आना, जिस घर की नर्स मां नन्हे बच्चों को छोड़ कॅरोना के मरीजों की सेवा में काल कवलित हो गई हो। एक दीप विपन्न कुम्हारों की बस्ती में जला आना।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 22:05 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा अहोरात्र |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | सौभाग्य, 11:39 |
| सूर्योदयः | 06:35 |
| सूर्यास्तः | 17:33 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 06:11-17:33 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## ग्रीन टी में नींबू मिलाकर पीने से मिलते हैं कई फायदे



**वेट** लॉस करने से लेकर मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के लिए ग्रीन टी पीना बेहद फायदेमंद है। यह हर्बल टी हमारी सेहत के लिए सुपरफूड की तरह काम करती है। इसके सेवन से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। फिटनेस फ्रिक के लिए ग्रीन टी उनके फेवरेट ड्रिंक से कम नहीं होती है। इसकी सबसे बेहतर बात यह है कि आप इसे दिन में कभी भी पी सकते हैं। खाली पेट इसका सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। वहीं, अगर खाना खाने के एक घंटे बाद ग्रीन टी पिएं, तो इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और वेट लॉस में मदद मिलती है। एक्सपर्ट्स की मानें तो ग्रीन टी को खाली पीने के बजाय इसमें थोड़ा नींबू मिलाकर पीना चाहिए। इस तरह से यह एक सुपरफूड कॉम्बिनेशन बन जाता है और इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं। क्या आप जानते हैं ग्रीन टी में नींबू मिलाकर पीना क्यों फायदेमंद है?

**बॉडी को विटामिन-सी मिलता है:** नींबू में विटामिन-सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। जब हम ग्रीन टी में नींबू का रस मिलाकर पीते है, तो बॉडी में न्यूट्रिएंट्स अच्छे से सोख पाते हैं। इससे इम्यूनिटी बूस्ट होती है और स्किन भी हेल्दी रहती है।

**स्किन हेल्थ के लिए फायदेमंद:** ग्रीन टी और नींबू दोनों में ही एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इससे स्किन में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इंफ्लामेशन कम होती है। ग्रीन टी और नींबू में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जिससे स्किन इंफेक्शन का खतरा कम होता है। यह कॉम्बिनेशन बॉडी और स्किन दोनों को हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है।

**पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है:** ग्रीन टी पचने में आसान होती है। जब इसमें नींबू का रस मिलाया जाता है तो इससे डाइजेशन भी इंप्रूव होता है। अगर आपको गैस, ब्लोटिंग या कब्ज जैसी समस्याएं रहती हैं, तो आपको ग्रीन टी में नींबू डालकर जरूर पीना चाहिए। यह कॉम्बिनेश पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और पाचन क्रिया को तेज बनाने में मदद करता है।

**वेट लॉस में मदद मिलती है:** ग्रीन टी मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद करती है जिससे वेट लॉस होता है। वेट लॉस के लिए ग्रीन टी में नींबू डालकर जरूर पीना चाहिए। इससे फैट बर्न होता है और आप काफी देर तक फिलिंग भी महसूस करते हैं। ज्यादा जल्दी भूख न लगने से आपका कैलोरी इनटेक अपने आप कम हो जाता है।

**बॉडी हाइड्रेट रहती है:** ग्रीन टी और नींबू के सेवन से बॉडी हाइड्रेट रहती है। नींबू में विटामिन सी होता है जिससे बॉडी में हाइड्रेशन मेंटेन रहती है। ग्रीन टी और नींबू दोनों ही बॉडी को एक्टिव और हेल्दी रखने में मदद करते हैं। इन फायदों के लिए ग्रीन टी में नींबू डालकर पीना फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आपको नींबू से एलर्जी है, तो ग्रीन टी में नींबू डालकर न पिएं। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो शेयर करना न भूलें।

### एक्सप्रेस विशेष

## ब्रिक्स समूह देशों के सम्मेलन में बढ़ा है भारत का कद



प्रहलाद सबनानी

**भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए।**

**भारत में यह सिस्टम बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। दूसरे, पूरे विश्व में डॉलर के प्रभाव को कम करने हेतु भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच चर्चा हुई है। डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेन्सी को अपनाने अथवा ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों की बीच हो रहे व्यापार सम्बंधी व्यवहारों के निपटान हेतु ये देश आपस में अपनी करेन्सी के उपयोग पर जोर देने पर भी सहमत होते दिखे हैं।**

**हाल** ही में ब्रिक्स समूह के देशों का सम्मेलन रूस के कजान शहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में रूस ने भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत तो किया ही, साथ ही, चीन के राष्ट्रपति के साथ भी भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में चीन ने भारत की सीमा के पास जमा कर रक्खे अपने सैनिकों को पीछे हटाकर, सीमा पर वर्ष 2020 की स्थिति बहाल करने की घोषणा की है। भारत को भी अपने सैनिकों को सीमा पर पीछे की ओर ले जाना होगा। इससे भारत एवं चीन की सीमा पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहे तनाव को कम करने में सफलता हासिल होगी। इस संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार चीन एवं भारत ने अपने 80 से 90 प्रतिशत सैनिकों को वापिस पीछे की ओर हटा लिया है। चीन और भारत के आपस में सम्बंध सुधरने का असर केवल इन दोनों देशों के आपसी तनाव को ही कम नहीं करेगा बल्कि इन सम्बन्धों में सुधार का असर आर्थिक क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। दरअसल चीन आज आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, चीन में आर्थिक विकास की दर तिमाही दर तिमाही कम हो रही है। चीन के अमेरिका के साथ सम्बंध बहुत अच्छे नहीं रहे है। अमेरिका एवं कई यूरोपीयन देशों ने चीन से विभिन्न वस्तुओं के आयात पर करों को बढ़ा दिया है ताकि चीन से आयात को कम किया जा सके। चीन की आंतरिक अर्थव्यवस्था में भी उत्पादों की मांग लगातार कम हो रही हैं। साथ ही, चीन के भवन निर्माण क्षेत्र एवं बैकिंग क्षेत्र में भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। चीन के अपने पड़ोसी देशों, ताइवान, फिलिपींस, जापान, भारत आदि के साथ भी सम्बंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस सबका असर यह रहा है कि चीन ने भारत के साथ अपने सम्बन्धों को सुधारने की पहल शुरू की है ताकि वह भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ा सके एवं अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद्द तक सुधार सके। हालांकि चीन के विस्तरवादी नीतियों पर चलने के कारण चीन पर तुरंत विश्वास करना बहुत कठिन है। इस संदर्भ में चीन का इतिहास भी इस बात का साक्षी नहीं रहा है कि चीन के सम्बंध किसी भी देश के साथ स्थायी रूप से बहुत अच्छे रहे हों। ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस ब्रिक्स का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया। ब्रिक्स के इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विचार किया गया कि ब्रिक्स देशों के पास एक अपना पेमेंट सिस्टम होना चाहिए एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। पश्चिमी देश वर्तमान में पूरे विश्व में लागू स्विफ्ट सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं इसके माध्यम से अन्य देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्विफ्ट सिस्टम के माध्यम से पूरे विश्व के देशों के बीच धन सम्बंधी व्यवहारों को सम्पन्न किया जाता है। यदि किसी देश को इसकी सदस्यता से हटा लिया जाता है तो वह देश विश्व के अन्य देशों के साथ आर्थिक (धन सम्बंधी) व्यवहार नहीं कर सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जब रूस पर सैंक्शन लगाए थे तब रूस को स्विफ्ट सिस्टम से हटा दिया गया था जिससे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यापार के लेनदेनों का निपटान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस संदर्भ में, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लागू यूनिफाईड पेयमेंट सिस्टम (यूपीएस), जिसे भारत में ही विकसित किया गया है, को भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों में लागू करने पर विचार करने हेतु समस्त सदस्य देशों से आग्रह किया है। अभी तक भारत के यूनीफाईड पेयमेंट सिस्टम को 7 देशों ने अपना लिया है एवं 30 से अधिक देश इसे अपनाने के लिए विचार कर रहे हैं।

# दो भाईयों की मेहनत रंग लाई श्रीपाल के घर खुशियां छाई

- बन गया राशनकार्ड जल्द ही अंत्योदय कार्ड भी मिल जाएगा श्रीपाल को

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** अपने लिए जिएं तो क्या जिएं जिएं यह दिल जमाने के लिए यह बात बिजुआ के रहने वाले दो भाईयों पर बिल्कुल सटीक बैठती है। एक तरफ दिवाली का धूम धड़ाका था जहां घरों पर झालर लटक रही थी लोग दिए में तेल डाल रहे थे दूसरी तरफ एक घर में वीरान चूल्हा पड़ा हुआ था जो जो अपनी दास्तां बयां कर रहा था उस घर में खाने को नहीं था यह नजारा दोनों भाइयों ने देखा उन्होंने उसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया यह दोनों भाइयों की मेहनत रंग लाई सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल कि उसे पर नजर पड़ी उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए श्रीपाल के घर गोला एसडीएम राजस्व टीम को भेजा जिसमें श्रीपाल के घर भरपूर मात्रा में गल्ला पहुंचा तथा शनिवार को श्रीपाल के घर राशन कार्ड भी पहुंच गया है श्रीपाल को जल्द ही अंत्योदय कार्ड भी मिल जाएगा कल तक श्रीपाल पर किसी की नजर नहीं पड़ती थी आज श्रीपाल का नाम एक चर्चा का केंद्र बन गया है बताते चलें सोशल मीडिया पर गांव हजूरपुरवा के श्रीपाल के संबंध में खबरें प्रसारित होने के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संज्ञान लिया। उन्होंने दीपावली पर बृहस्पतिवार को श्रीपाल के घर राजस्व टीम के जरिए मिठाई, राशन, मोमबत्ती एवं अन्य जरूरी सामान भिजवाया।

शुक्रवार सुबह एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता और सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार गांव पहुंचे। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने गांव हुजूरपुरवा पहुंचकर श्रीपाल और उनके परिवार से मुलाकात की। मदद का भरोसा दिलाया। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने श्रीपाल के परिवार को खाद्यान्न किट प्रदान की।एसडीएम ने परिवार के जरूरी प्रपत्र लिए और राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कराई। उन्होंने बताया शनिवार तक परिवार को राशन कार्ड उपलब्ध करा दिया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश के नेतृत्व में चिकित्सीय दल ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराई। डीएम ने दिए कोटेदार पर कार्यवाही के निर्देश

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए गांव के उचित दर विक्रेता पर कार्रवाई के लिए डीएसओ अंजनी कुमार सिंह और एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को निर्देश दिए हैं। श्रीपाल जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को बधाई दे रहे हैं कह रहे हैं कि मैं टीवी जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित था तत्काल में मेरा इलाज कराया गया मेरे घर गला बजे गया और मेरा राशन कार्ड भी बनकर आ गया है और मुझको आश्वासन गोला एसडीएम द्वारा दिया गया है जल्द ही मेरे घर अंतोदय कार्ड भी आ जाएगा कहते हैं समय बहुत बलवान होता है कल तक गुमनामी में सो रहा परिवार एकदम चर्चा में आ गया और हर तरफ श्रीपाल श्रीपाल हो रहा है बधाई की पात्र हैं जनपद लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी जो छोटे से छोटे मामले को बड़ी संजीदा से उठती हैं और उन पर त्वरित कार्रवाई करती हैं अगर इसी तरह के अधिकारी जनपद में रहे तो फरियादियों को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# मादक पदार्थ युवाओं का बना शौक

- युवाओं की मानसिक और शारीरिक शक्ति को खोखला बना रहा मादक पदार्थ

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



मादक पदार्थों का सेवन युवाओं के लिए एक शौक सा बन गया है। क्षेत्र में मादक पदार्थों के सेवन की प्रबृत्ति तेजी से बढ़ रही है। चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति नगरों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपना जाल पसार रही है। ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिये लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं की पार्टियों का मुख्य केंद्र ही नशा बन गया है जिस किसी पार्टी में नशा नही वो पार्टी रसूखदारों के बिगड़ैल युवाओं के लिए किसी काम की नहीं होती है।लेकिन इस बात से बेखबर की ये तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर की भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा जो चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताश की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं। मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं। क्षेत्र में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है तथा देश की सामाजिक और आर्थिक ढांचे को पंगु बना रहा है। एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाये तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। क्षेत्र में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है।

आज युवा पीढ़ी जिस कदर मादक पदार्थों की शिकंजे में फंस रही है, उसके मद्देनजर युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। युवाओं का मादक पदार्थ के इस प्रकार से प्रलोभित होने के कारण ही मादक पदार्थों का अवैध व्यापार क्षेत्र में निरंतर फल फूल रहा है।

# जेल में निरुद्ध अपराधी गब्बर सिंह की डेढ़ करोड़ की कोठी पर कुर्की की नोटिस चस्पा

- यूपी के टाप 50 अपराधियों में हैं शुमार
- व्यापारी के अपहरण, हत्या के मामले में तीन साल से जेल में हैं गब्बर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

पिछले लगभग तीन वर्षों से जेल में निरुद्ध जिला पंचायत सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के टॉप 50 अपराधियों में शुमार देवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर सिंह की शहर स्थित लगभग डेढ़ करोड़ कीमत की कोठी पर जिला प्रशासन ने कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया है। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजापुर निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह और गब्बर सिंह पर आपराधिक गतिविधियों से करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है गब्बर सिंह के पास रायपुर राजा में लगभग डेढ़ करोड़ की कोठी उनकी पत्नी सरिता सिंह के नाम है जिसे जिला प्रशासन की ओर से एक नोटिस चस्पा कर अपने कब्जे में कर लिया है। इसके पूर्व गब्बर सिंह का थाना दरगाह क्षेत्र अंतर्गत डिगिहा तिराहा स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान बंधन मैरिज हॉल तथा छोटी बाजार स्थित शॉपिंग कंपलेक्स को भी प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। मालूम होगी 3 वर्ष पूर्व गब्बर सिंह को एक व्यापारी अरुण मातनहेलिया के अपहरण तथा हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था गब्बर सिंह पर रंगदारी वसूलने हत्या का प्रयास करने लूट तथा अन्य दर्जन भर से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। मौजूदा समय में गब्बर सिंह फरीदाबाद जेल में निरुद्ध हैं।

पुलिस प्रशासन की ओर से समय-समय पर उनके विरुद्ध कुर्की इत्यादि की कार्रवाई की जाती है।

## जुआ अधिनियम से सम्बन्धित 04 अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच । दीपावली की बहार में पुलिस की ओर से चार जुआरी को गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से नगदी और ताश के गाड़ी भी बरामद की गई है पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधि कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि जनपद बहराइच द्वारा आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, शराब एवं मादक पदार्थो की ब्रिकी रोकने, महिला अपराध, छेड़खानी, जुआ अड्डे जैसे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा पूर्व से वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के अनुपालन मे थानाध्यक्ष आलोक सिंह के नेतृत्व में एस आई हरिनाथ यादव, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र मोदनवाल, कांस्टेबल अमरजीत यादव, विमल यादव की ओर से शनिवार को थाना स्थानीय क्षेत्र में ग्रामों के भ्रमण के दौरान जमापुर दा0 झिंगहा मंदिर के पास में जुआ खेलने की सूचना पर भ्रमण शील टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गयी तो और 04 अभियुक्तगण को जमापुर दाखिली झिंगहा मंदिर के पास से हार जीत की बाजी लगाते हुए ताश के पत्ते फेंटते हुए समय करीब 11.05 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 538/24 धारा 13 जुआ अधिनियम थाना रामगांव जनपद बहराइच पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के समय 52 ताश के पत्ते व 640 रुपये नगदी बरामद किया गया। गिरफ्तारी के समय सुप्रीम कोर्ट व मानवाधिकार आयोग के आदेशो का पालन किया गया। गिरफ्तार जुआरियों की पहचान छब्बन पुत्र अशोक,सोनू पुत्र अकरम खॉन,अकील पुत्र लड्डन निवासी सुल्तानपुरवा दाखिली तेजवापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच तथा जयंकर पुत्र सीताराम उम्र करीब 27 वर्ष निवासी नेबूआरी दा0 झिंगहा थाना रामगांव जनपद बहराइच

# महारानी सुरथ कुमारी स्टेट पब्लिक फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू



जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में महारानी सुरथ कुमारी स्टेट पब्लिक फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कस्बे में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले महारानी सुरथ कुमारी स्टेट पब्लिक फुटबाल टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह नजर आ रहा हैं।इस टूर्नामेंट में लगभग 15 जिलों की टीमें भाग ले रही हैं।फुटबाल टूर्नामेंट को लेकर इस बार सिंगाही की सरजमी पर दर्शकों की के उत्साह को दूना करेंगी।मालूम हो कि प्राचीन काल में सिंगाही कस्बा खैरीगढ़ स्टेट के अधीन आता था।यहां के स्टेट की महारानी सुरथ कुमारी ने वर्ष 1924 में रामलीला मैदान के समीप स्थित खेल ग्राउंड में महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के नाम से इस टूर्नामेंट की शुरुआत की थी। तब से लेकर यहां इस फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन लगातार किया जा रहा है। यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस फुटबाल टूर्नामेंट में प्रदेश स्तर की फुटबाल टीमों के साथ-साथ कई जिलों की टीमें इस आयोजन में भाग लेती हैं। इस फुटबाल टूर्नामेंट को देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ साथ आस पडोस के जिलो के अलावा पडोसी मुल्क नैपाल के खेल प्रेमी भी दर्शक दीर्घा में बैठ कर इसका लुफ्त उठाते हैं। महामंत्री सुनील बत्रा ने आयोजन के लिए अलग-अलग गठित कमेटी कार्यक्रम का लेकर अच्छी से अच्छी तैयारियों करने में कोई कोई कसर बाकी नही रखी है। 17 नवम्बर से 24 नवंबर तक आयोजित किए जाने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट कई जिलों व आस-पड़ोस की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने टीमों और कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फुटबाल टूर्नामेंट को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टीमों ठहरने के लिये चयनित किये स्थानों पर साफ सफाइ व रंग रोगन का कार्य तेजी के साथ चल रहा है टीमों के ठहरने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के प्रवेश की अंतिम तिथि 5 नवंबर तक है।


# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुआ हादसा, चार लोग गम्भीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** हेतमापुर मेले से वापस लौट रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर रेउसा मार्ग पर पलट गई। दुर्घटना में चार लोग घायल हुए जिनमें से सीएचसी से इलाज के बाद एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सदरपुर के जिगनिया शमसाबाद के सकटू पुत्र राम भरोसे, सर्वजीत पुत्र दूबरि, लोनियनपुरवा के संकटा पुत्र बांठे, सत्तू पुत्र राम भरोसे समेत करीब दर्जनभर ग्रामीण बाराबंकी के हेतमापुर मेला देखने ट्रैक्टर-ट्राली से शुक्रवार को गए थे। शनिवार की दोपहर वापस आते समय रेउसा मार्ग ओर जिगनिया के सामने अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली हुक टूट जाने से सड़क के किनारे खंती में जाकर पलट गई। दुर्घटना में सकटू, सर्वजीत, संकटा व सत्तू को चोटें आईं जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीररूप से घायल संकटा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

# 1 लाख 51 हजार दीपों से जगमगाया नैमिषारण्य चक्रतीर्थ



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

नैमिषारण्य स्थित चक्रतीर्थ पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजनमानस द्वारा लगभग 01 लाख 51 हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। सभी ने आरती में प्रतिभाग किया एवं सनातन ऋषि सत्संग महाआरती सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत भजन का भी रसास्वादन किया। भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मनमोहक आकृतियों ने शुभ-लाभ, शुभ-दीपावली आदि संदेश दीपों के माध्यम से बनाये गये, जिन्होंने सभी का मनमोह लिया। आकर्षक रंगोलियों एवं पुष्प मालाओं से सम्पूर्ण चक्रतीर्थ सजाया गया। इस मनमोहक दृश्य ने अनायास ही सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। उपस्थित धर्मगुरूओं, श्रद्धालुओं एवं आम-जनमानस ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा की।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जिला बदर अपराधी ने सहयोगियों के साथ मिलकर एक परिवार पर धावा बोला

जन एक्सप्रेस । बहरहाल। युवक और उसके परिवार के लोगों पर जिला बदर अपराधी समेत अन्य लोगों ने हमला कर दिया। तलवार के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं बहन का इलाज क्षेत्र के अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी जिला बदर अपराधी समेत अन्य पुलिस की पकड़ से दूर हैं। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम बोटनिहा निवासी दीप चंद्र (25) पुत्र रामादल का गांव निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ बड़कन और नरेंद्र आदि से चुनावी रंजिश चल रही है। जिला अस्पताल में भर्ती दीपचंद्र ने बताया कि शुक्रवार को लक्ष्मी नारायण, नरेंद्र, संदीप, भल्लर समेत 15 की संख्या में उसके घर पर दबंग लोग पहुंचे। सभी ने तलवार, लाठी और अन्य वस्तुओं से हमला करना शुरू कर दिया। तलवार दीपचंद्र के सिर पर लगते ही वह बेहोश हो गया। बचाने दौड़ी बहन और मां को भी पीटा। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर दीपचंद्र को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इस मामले में कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हमले का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित ने बताया कि कोतवाली नानपारा अंतर्गत बोटनिहा गांव निवासी बड़कन उर्फ लक्ष्मी नारायण जिला बदर अपराधी है। उसे जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के लिए जिला बदर किया है। लेकिन वह दूसरे जिले में जाने के बाजाये गांव में ही लोगों पर हमला कर रहा है। कोतवाल का कहना है कि बड़कन जिला बदर अपराधी है। वह पुलिस की पकड़ से दूर है।

### दीपावली पर झिलमिल प्रकाश से नहाया शहर कस्बा और गांव

जन एक्सप्रेस । बहरहाल। कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का पर्व दीपावली गुरुवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान झिलमिल प्रकाश से शहर कस्बे और गांव जगमगा उठे। देर रात तक बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ जुटी रही। आतिशबाजी का भी दौर काफी देर तक चलता रहा। इस दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। पौराणिक मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लंका विजय कर 14 वर्ष बाद अपना वनवास पूरा कर अयोध्या वापस आए थे। इस खुशी में अयोध्या वासियों ने घी का दीपक जलाकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण सहित उनके साथ आए हनुमान, विभीषण, अंगद, नल, नील तथा जामवंत आदि का स्वागत किया था। इस स्वागत परंपरा को आज के दौर में भी पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद अयोध्या में दीपावली एक विशेष उत्सव के रूप में मनाई जाती है।

यहां श्रीरामघाट पर हर साल दीपक जलाने का रिकॉर्ड बनाया जाता है। इस बार भी 25 लाख दीपक जलाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया इसकी लाइव प्रसारण विभिन्न चैनलों पर किया गया जिसे बहराइचवासियों ने भी अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ देखा।

माह के आखिरी दिन पड़ने वाले इस पर्व पर राज्य सरकार ने सभी कर्मचारियों और पेंशनधारियों का वेतन आहरित करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश का परिणाम रहा की ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की और दीपों के पर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

मुख्य बाजार पर रोशनी और आतिशबाजी का नजारा लोगों को काफी आकर्षित कर रहा था।

### बहराइच में दीपावली पर हुआ का पटाखा व्यापार

जन एक्सप्रेस । बहराइच। नेपाल सीमा पर बसे बहराइच जनपद में इस बार दीपावली पर पटाखे का कारोबार 5 करोड़ से अधिक का रहा। महीने के आखिरी दिन पढ़ने वाले इस पर्व पर महंगाई का कोई खास असर नहीं दिखाई दिया हालांकि वस्तुओं की कीमतों में पिछले वर्ष की अपेक्षा डेढ़ से दो गुने की वृद्धि दिखाई दी। इसके बावजूद लोगों ने जमकर खरीदारी की। एक बड़े पटाखा कारोबारी एम कुमार ने बताया कि धनतेरस के दिन से ही पटाखे की बिक्री शुरू हो जाती है और दीपावली के अगले दिन तक पटाखा बाजार में ग्राहकों की आमद बनी रहती है उन्होंने यह भी बताया कि समय बीतने के साथ-साथ ग्राहकों की संख्या कम होती जाती है। फिर भी पटाखे के शौकीन पटाखा कारोबार को लगातार बढ़ा रहे हैं पिछले वर्ष पटाखा कारोबार 5 करोड़ से कम कर रहा लेकिन इस बार यह कारोबार 5 करोड़ की सीमा रेखा पार कर चुका है। पटाखा कारोबारियों ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज की घटना के बाद पटाखा कारोबार फीका होने की संभावना थी, लेकिन पुलिस अधीक्षक वृंदा की ओर से कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में जो विश्वास कायम किया गया, उसका परिणाम रहा की पटाखा की बिक्री पिछले वर्ष से इस बार अधिक हुई।

### श्री चित्रगुप्त पूजा व कलम दवात पूजन आज

जन एक्सप्रेस । बहराइच



श्री चित्रगुप्त समाज द्वारा रविवार को यम द्वितीया पर्व के उपलक्ष्य में भगवान चित्रगुप्त पूजा, कलम दवात पूजन, मेधावी छात्र सम्मान, वरिष्ठ कायस्थ सम्मान, विचार गोष्ठी का आयोजन बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में किया गया है। समाज के मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि श्री चित्रगुप्त भगवान हम सभी के आराध्य है। श्री चित्रगुप्त जी हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। हमें सत्य, ज्ञान और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनकी कृपा से हमारा जीवन ज्ञान, समृद्धि और धर्ममय रहता है।उन्होंने बताया कि मन्दिर में विश्व की एकमात्र प्रतिमा है जहां भगवान श्री चित्रगुप्त जी अपने परिवार के साथ विराजमान है।कार्यक्रम में पूरे जनपद से कायस्थों को आमंत्रित किया गया है।

# 21 हजार दीयों की रोशनी से जगमगा उठा प्राचीन गंगा सागर तीर्थ



- दीपावली मेले के दूसरे दिन दीपदान व मशहूर आतिशबाजी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । रियासत अली सिद्दीकी

रामकोट। स्थानीय श्री रामेश्वरम् धाम मंदिर व प्राचीन गंगा सागर तीर्थ परिसर में आयोजित तीन दिवसीय दीपावली मेला के दूसरे दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपदान व मशहूर आतिशबाजी का आयोजन हुआ। शुक्रवार की शाम यहां स्थित गंगा सागर तीर्थ जलाशय दीपदान के दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। दीपदान का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता गया प्रसाद मिश्र, मेला अध्यक्ष व प्रधान रामनिवास (पप्पू वर्मा) की ओर से दीप जलाकर किया गया। क्षेत्र वासियों की ओर से भी दीप जलाने का सिलसिला शाम ढलते ही शुरु किया गया। मौजूद श्रद्धालुओं ने भी दीपदान में सहयोग किया। देखते ही देखते तीर्थ जलाशय 21 हजार दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। मेला में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने तीर्थ की परिक्रमा कर अपनी मन्नतें मांगी।

> गंगासागर तीर्थ परिसर पर वर्षों से लगने वाले मेले का सभी को इंतजार रहता है। अवध की सांस्कृतिक विरासत की झलक के साथ धार्मिक आस्था की विरासत इस मेले की पहचान है। दीपावली मेले के नाम से मशहूर इस मेले में ग्रामीण परिदृश्य की अमिट छाप देखने को मिलती है। दीपावली मेले के नाम से मशहूर ये मेला ऐतिहासिक व प्राचीन है। उपयोगी वस्तुओं की खरीद फरोख्त और आध्यात्मिक साधना के साथ ग्रामीणों के मनोरंजन का भी साधन है। ये मेला जितना धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है उतना ही आर्थिक रूप से।

इस दौरान असगर अली सिद्दीकी की ओर से मशहूर भव्य आतिशबाजी की प्रस्तुति की गई।

जिससे आसमान में छायी सतरंगी छटा को देखकर मौजूद श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे। वहीं प्राचीन रामेश्वरम् धाम मंदिर में भी मंत्रोच्चार व हवन पूजन का अनुष्ठान संपन्न कराया गया। रात में रंगारंग सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति हुई।

### पुलिस के हाथ लगा वांटेड टॉप-10 सूची का अपराधी



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लंबे समय से पुलिस की टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल एक हिस्ट्रीशीटर को आखिरकार पुलिस ने धर दबोचा। थाना ईसानगर पुलिस ने शनिवार को अपराधी रामाधार उर्फ धारे को ईसानगर-रमपुरवा मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि आरोपी रामाधार उर्फ धारे, थाना ईसानगर के त्रिकोलिया गांव का निवासी है और उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट और जानलेवा हमले सहित 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं।पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर लखीमपुर-खीरी के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# सीमावर्ती बाजारों में नेपाल के नागरिकों को खरीदारी के लिए किया प्रतिबंधित

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नेपाल सीमा से सटे जिले में आम्बा गांव के निकट लग रही साप्ताहिक बाजार का नेपाल में विरोध तेज हो गया है। इस मामले में नेपाल सरकार की ओर से आदेश भी जारी किया है। इस आदेश के बाद नेपाल एपीएफ ने सीमा पर सख्ती बढ़ा दी है। नेपाल सरकार की ओर से जारी आदेश का प्रभाव दिखाई दिया साप्ताहिक बाजार में सन्नाटा पसरा दिखा। खरीददारों की भीड़ नजर नहीं आई। जिले के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा से सटे गांव आम्बा में गेरुआ नदी के किनारे सड़क पर पिछले कई वर्षों से लग रही अवैध साप्ताहिक बाजार लग रही थी। इस बाजार के विरोध में अब नेपाली उतर चुके हैं। बुधवार को नेपाल के मधुबन वार्ड क्षेत्र के ओराली में वार्ड अध्यक्ष नारायण मल्ल की अध्यक्षता में बुद्धजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्राम बड़घर के ग्रामीण और व्यपारियों की मौजूदगी में एक बैठक आयोजित की गई।

# भारतीय किसान यूनियन (धरतीपुत्र) अराजनैतिक

जन एक्सप्रेस । हरदोई



संगठन की तरफ से आज ग्राम फत्तेपुर पवाँया जिला हरदोई में किसान पंचायत का आयोजन किया गया, जिसके आयोजक वीरेंद्र यादव जी तथा समस्त ग्राम वासियों ने किसान पंचायत को अपने ग्राम फत्तेपुर में सफल कार्यक्रम करवाया, तथा संगठन की तरफ से संगठन के मा राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश यादव जी, मा राष्ट्रीय महासचिव विरेंद्र यादव जी, मा प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह जी, मा प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शिवम सिंह जी, सुधीर कुमार जी, नीरज यादव जी, धीरज यादव जी, मिलन यादव जी, अजीत सिंह जी, अटल यादव ब्लॉक अध्यक्ष भरावन आदि। पदाधिकारी मौजूद रहे, जिसमे संगठन की तरफ से मा राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश यादव जी ने मीटिंग की अध्यक्षता की तथा संगठन विस्तार और किसानों, जवानों, मजदूरों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया, तथा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जी ने संगठन को मजबूत करने के लिए सभी किसान भाइयों को एक होकर संगठन के सदस्य बनने के लिए कहा, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी ने संगठन विस्तार और संगठन को मजबूत करके प्रत्येक ग्राम, ब्लॉक, तहसील, और जिले तक संगठन के द्वारा किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचना और उनके उचित कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा ने युवाओं को साथ आकर संगठन में जुड़ने के लिए प्रेरित किया, एवं संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष युवा भरावन अटल यादव जी ने ब्लॉक को मजबूत करने की बात कही, तथा संगठन के अन्य कई पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे, अंत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए, मीटिंग के समापन की सफल घोषणा की तथा सभी को आगे भी संगठन का सहयोग करने की अपील की।

# 111 वर्षीय पूर्व विधायक भुलई भाई ने दुनिया को कहा अलविदा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर।**

जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता श्री नारायण उर्फ भुलई भाई अपने जन्मदिन से एक दिन पहले 111 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 111 साल की उम्र में गुरुवार दीपावली की शाम 6 बजे रामकोला थाना क्षेत्र के पगार गांव निवासी भुलई भाई ने अपने पैतृक गांव में अंतिम सांस ली।

जानकारी के अनुसार भारतीय जनसंघ के पूर्व विधायक श्री नारायण उर्फ भुलई भाई का सोमवार को तबियत बिगड़ी उसके बाद रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पगार के टोला छपरा में अपने पैतृक आवास पर ही ऑक्सीजन पर थे और दीपावली की शाम 6 बजे अंतिम शास ली और इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

श्री नारायण उर्फ बुलई भाई भारतीय जनसंघ के टिकट पर पहली बार विधायक बन कर पूर्वांचल में एक मात्र विधायक बने। उसके बाद जब भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके कार्यकर्ता बन गए ।

भुलाई भाई जब भारतीय जन संघ की स्थापना हुई तो उसे समय एमए की पढ़ाई कर रहे थे उसी समय दीनदयाल उपाध्याय से प्रभावित होकर उनके सिद्धांतों पर चलना शुरू कर दिया था। एमए के बाद एम एड किया और शिक्षा विभाग में एस डी आई के पद पर नौकरी ज्वाइन कर लिया, लेकिन 1967 में उन्होंने नौकरी छोड़ सियासत और समाज की सेवा करने की ठानी और 1974 के विधान सभा चुनाव में जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और पूर्वांचल में एक मात्र विधायक बन कर दीपक जलाया। 1977 में जब भारतीय जन संघ एवं जनता पार्टी मिल कर चुनाव लड़े तो जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर पुनः विधायक



चुन लिए गए।भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता भुलाई भाई जब नौकरी छोड़ राजनीति में आए और केसरिया गमछे से जब पगड़ी बांधी तो जीवन प्रयत्न वह केसरिया पगड़ी उनकी पहचान बन गया।

कोविड काल में भुलई भाई तब चर्चा में आये थे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद 22 अप्रैल 2020 की सुबह फोन करके उनका हालचाल लिया और प्रणाम भी किया था।

भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता भुलई भाई नौरंगिया विधान सभा (वर्तमान में खड्डा) से दो बार विधायक रहे। वह जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ काम कर चुके हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी के साथ काम करने वाले भुलई भाई प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के भी प्रिय थे।उनकी इच्छा थी कि प्रधान मंत्री मोदी के बाद देश के प्रधान मंत्री योगी आदित्यनाथ बने। 2022 के विधान सभा चुनाव के जीत के बाद मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने फोन कर कर के आशीर्वाद लिया और 41 सेकेंड तक बात किया था।

पूर्व विधायक एवं भाजपा के जिले के सबसे वरिष्ठ एवं पुराने भाजपा कार्यकर्ता भुलाई भाई का अंतिम संस्कार छोटी गंडक नदी के कोटिया घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अतुल सिंह, सांसद विजय कुमार दुबे,विधायक विनय गोंड,पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूल बदन कुशवाहा,नगर पंचायत रामकोला के अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी उप निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता उप जिलाधिकारी योगेश्वर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजी दी।

# भुलई भाई से प्रभावित थे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी: नसरुल्लाह अंसारी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता भुलई भाई दुनिया को अलविदा कर दिया, उन्होंने 111 साल की उम्र में गुरुवार की शाम 6 बजे रामकोला थाना क्षेत्र के पगार गांव निवासी भुलई भाई अपने पैतृक गांव में अंतिम सांस ली। सादगी भरी जिंदगी और ईमानदारी से दो बार विधायक रहे भुलई भाई ने राजनीति मे एक अलग पहचान बनाये थे। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रभावित थे। कोविड काल में भुलई भाई तब चर्चा में आये थे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद 22 अप्रैल 2020 की सुबह फोन करके उनका हालचाल लिया और प्रणाम भी किया था। दीर्घायु उम्र में सांस भरने वाले 111 साल के श्री नारायण उर्फ भुलई भाई जनसंघ के टिकट पर विधायक रह चुके हैं, सोमवार को उनकी तबीयत खराब हुई थी और उसके बाद से वो पगार छपरा स्थित अपने घर पर ही ऑक्सीजन पर थे, जिन्होंने ने अपना आखिरी सांस ली।



बता दें कि भुलई भाई भाजपा के सबसे पुराने सदस्य हैं। वह साल 1974 भारतीय जनसंघ से नौरंगिया क्षेत्र से विधायक भी रह चुके हैं। भाजपा बनने के बाद उन्होंने कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में एंट्री ली थी। दीन दयाल उपाध्याय से प्रभावित होकर राजनीति में प्रवेश लेने वाले भुलई भाई शिक्षा अधिकारी भी रह चुके थे। साल 1974 में उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। भुलई भाई के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने दुखद व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर शोक संवेदना व्यक्त किया।


# 05 नवम्बर मंगलवार से प्रारंभ होगा छठ महापर्व

■ संतान सुख और आरोग्यता के लिए छठ मईया की करें आराधना: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**

दीपावली के छह दिन बाद कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि से भगवान सूर्य एवं उनकी बहन छठ मईया को समर्पित चार दिवसीय छठ महापर्व मनाया जाता है।इस महापर्व का शुभारम्भ नहाय-खाय से होकर खरना फिर डूबते और उगते सूर्यदेव को अर्घ्य के साथ समाप्ति होती है। महिलाओं द्वारा 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखे जाने वाले इस पर्व में व्रती महिलाएं कमर तक जल में डूबकर सूर्यदेवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती हैं। मान्यता है कि छठी मईया की आराधना करने से व्रती को आरोग्यता,सुख समृद्धि और संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

छठ पूजा पर्व के बारे में जानकारी देते हुए वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि इस बार छठ पूजा का पहला दिन यानि नहाय खाय कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि यानि 05 नवंबर



को मनाया जाएगा,इस दिन व्रती महिलाएं या पुरुष गंगा या अन्य किसी पवित्र नदी में स्नान के बाद सूर्यदेव की पूजा करते हैं। और बिना लहसुन प्याज का सात्विक खाना बनाया जाता है।नहाय-खाय वाले दिन घीया और चने की दाल से भोजन बनाया जाता है। खरना अगले दिन यानि 06 नवम्बर को मनाया जाएगा जिसमें व्रत रखने वाली महिलाएं गंगा या अन्य किसी पवित्र नदी में स्नान और ध्यान के बाद भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा करती हैं।खरना के दिन पूरे दिन महिलाएं निर्जला उपवास रहती हैं,शाम के समय गुड़ की खीर बनाई जाती है।इस खीर को रोटी पर रखकर भगवान को अर्पित किया जाता है।इसके बाद व्रती महिलाएं प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करतीं हैं। इसके बाद से 36 घंटे का निर्जला छठ व्रत शुरू हो जाता है। वहीं तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि 7 नवंबर रात्रि 12¬41 बजे से प्रारंभ होकर 8 नवंबर रात्रि 12¬34 बजे तक रहेगी। ऐसे में 7 नवंबर दिन गुरुवार को संध्याकाल या डूबते सूर्य का अर्घ्य दिया जाएगा। संध्या अर्घ्य के दिन व्रती श्रद्धालु सूर्यास्त के समय नदी, तालाब या किसी भी जगह पानी में स्नान करने बाद डूबते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य देते है।इसके अगले दिन 8 नवंबर दिन शुक्रवार को सुबह का अर्घ्य दिया जाएगा। प्रातः उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाता है।इसके साथ ही छठ पूजा की समाप्ति हो जाती है, इस अर्घ्य को देने के बाद व्रती पारण करते हैं।छठ घाट पर उपस्थित लोगों को छठ का विशेष प्रसाद का वितरण किया जाता है जिसे ठेकुआ कहा जाता है।

# शराब माफिया अजीत हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर गांव में दिवाली की रात एक बड़ी घटना सामने आई, जब बाइक सवार बदमाशों द्वारा शराब तस्करी के लिए कुख्यात अजीत सिंह उर्फ जद्दी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई।घटना बृहस्पतिवार रात की है, जब जद्दी एक स्थानीय घर में जुआ खेलने पहुंचा था। इस दौरान बिहार से आए कुछ व्यक्तियों के साथ विवाद होने पर स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जद्दी को गोली मार दी गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। मृतक अजीत सिंह, जिसकी उम्र लगभग 28 वर्ष थी, न सिर्फ एक प्रसिद्ध शराब तस्कर था, बल्कि वह जंजीरा गांव का प्रधान भी था। हाल ही में वह बिहार की जेल से रिहा हुआ था, जहां वह शराब तस्करी के आरोप में बंद था। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) समेत कई जांच टीमों का गठन किया गया है।

पुलिसिया रिपोर्ट के अनुसार, जद्दी सिंह के खिलाफ पहले से ही शराब तस्करी के कई मामले दर्ज थे, जिनमें देवरिया के बनकटा और बिहार के गुठनी तथा मैरवा जैसे विभिन्न थानों में मामले लंबित थे। पुलिस ने इस हत्या के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। इनमें अहिरौली बघेल के रहने वाले राजेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, प्रमोद सिंह, सोहनपुर के निवासी राजू चौरसिया और अखिलेश उर्फ दरोगा कुशवाहा के नाम शामिल हैं।

यह घटना एक गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाती है। अजीत सिंह जैसे प्रभावशाली व्यक्ति, जो शराब माफिया के रूप में कुख्यात था और वर्तमान में ग्राम प्रधान के पद पर था, की हत्या ने पूरे गांव में भय और चिंता का माहौल बना दिया है। परिवार के लिए यह घटना एक बड़ी क्षति है और पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण मामला।

## वर्ग विशेष के उत्पीड़न से एक हिन्दू परिवार पलायन को हुआ था मजबूर, प्रशासन ने कराया समाधान

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

विशुनपुरा थाने के बांसगांव खास में एक हिन्दू परिवार को एक वर्ग विशेष के लोगों से उत्पीड़ित होकर पलायन के लिए मजबूर होने का फोटो इंटरनेट मिडिया पर वायरल हो गया। परिवार सहित पलायन का फोटो इंटरनेट मिडिया पर वायरल होते प्रशासन सक्रिय होकर मामले के समाधान में लगकर मामले का समाधान करा दिया है। बांसगांव खास में सच्चिदानंद पाण्डेय का परिवार निवास करता है।उनके दरवाजे से होकर ग्राम प्रधान के द्वारा नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।उस नाली का पानी उनके कास्तकारी भूखंड में गिराने का खाका ग्राम प्रधान ने तैयार किया था। अपनी कास्तकारी भूमि में नाली का पानी नहीं गिराने का विरोध जताते हुए उनके द्वारा पुलिस सहित उच्च स् अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर कारवाई करने की मांग की जा रही थी।मगर प्रशासन उनकी शिकायत को संज्ञान नहीं ले रहा था। सच्चिदानंद का आरोप था कि एक वर्ग विशेष के लोग नाली सफाई का कचरा उनके दरवाजे पर रखवा देते थे। तथा उत्पीड़ित करते थे। प्रशासन से शिकायत करने पर इनकी नहीं सुनी जा रही थी। शुक्रवार के दिन अपने कास्तकारी में सच्चिदानंद पाण्डेय झोपड़ी डाल रहे थे तभी पीआरवी ने जाकर झोपड़ी डालने से मना कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जैनूददीन अंसारी व जिला पंचायत सदस्य कुमरेश प्रसाद के साथ मौके पर पंहुच कर मामले का समाधान करा दिया।

## छितौनी मिल प्रशासनिक भवन में लगी आग,मिल बंद होने से लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**जन एक्सप्रेस/खड्डा, कुशीनगर।** नगर पंचायत छितौनी में स्थित बंद पड़ी पुरानी चीनी मिल में शनिवार को दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगलगी की इस घटना में मिल के पुराने फर्नीचर, बेशकीमती औजार, जंगला इत्यादि जलकर खाक हो गया। ईडी के कब्जे में वर्षो से बंद पड़ी चीनी मिल परिसर में आसपास के लोग खर- पतवार तथा जलावन के लिए लकड़ी इत्यादि रखे हैं। शनिवार को दोपहर अज्ञात कारणों से मिल के प्रशासनिक भवन से आग की लपटों को देख मिल के ग्राउंड में खेल रहे बच्चो ने शोर मचाया। शोर सुन आसपास के लोग आए तथा बाल्टी के पानी से आग बुझाने की कोशिश में जुट गए डेढ़ घंटे तक चले प्रयास के बाद आग पर काबू पाया पाया गया ।आगलगी की इस घटना में मिल परिसर में रखी बेशकीमती लकड़ियां जंगला, फाटक, फर्नीचर इत्यादि लगभग लाखों का सामान जलकर खाक हो गया, जिससे काफी क्षति हुई है।

## गोवर्धन पूजा के शुभ मुहूर्त पर नगर पालिका अध्यक्ष ने किया गौ पूजन

**महराजगंज।** गोवर्धन पूजा का पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है. हर साल दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा मनाई जाती है. लेकिन कई बार गोवर्धन पूजा पर्व और दिवाली के बीच में एक दिन का अंतर आ जाता है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। इस बार कार्तिक अमावस्या तिथि दो दिन पड़ने की वजह से दीपावली दो दिन मनाई गई। ऐसे में वैदिक पंचांग अनुसार, इस साल गोवर्धन पूजा आज शनिवार को मनाया जा रहे है।

गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर महाराजगंज नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर पुष्प लता मंगल एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेश मंगल द्वारा पूजन कराया गया।

# नाली निर्माण में हुए लाखों रुपए खर्च, फिर भी हाल बदहाल

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

नाली निर्माण कार्य में लाखों रुपए हुए खर्च, नाली कुछ ही दिनों में टूटकर हुई ध्वस्त, जिम्मेदार सुस्त, भ्रष्टाचारी सरकारी धन बंदरबांट करने में मस्त।

ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि उक्त नाली टूटने से सड़क पर गन्दा पानी बह रहा है जिससे राहगीर समेत ग्रामीण परेशान हैं तथा सफाईकर्मी के नदारद होने का गंभीर आरोप लगाया। फरेंदा क्षेत्र के फरेंदा बुजुर्ग के टोला महुअवा में पक्की सड़क के किनारे बना नाली एक महीने बाद टूटकर ध्वस्त हो गई हैं।वहीं लोगों को आने -जाने में लोगों को काफी दिक्कत हो रही हैं।ग्रामीणों ने नाली निर्माण में मानक विहीन बताया हैं।झीनक,शत्रुघ्न सहित अन्य अज्ञात ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष मई में नाली का निर्माण कार्य किया गया गुणवत्ता पूर्ण कार्य न होने के कारण कुछ ही दिनों में नाली टूट गया।गांव में तैनात सफाईकर्मी भी साफ - सफाई करने नहीं पहुंचते हैं।जिससे गांव में सफाई व्यवस्था बेहद खराब हो गई है और जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है।जबकि इसकी शिकायत उच्चधिकारियों से की गई लेकिन उक्त अधिकारीयों ने शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए



सरकार के स्वच्छता अभियान का मखौल उड़ा रहे हैं और गांव में अव्यवस्थाएं उत्पन्न हो रही है।

इस संबंध में फरेंदा एडीओ पंचायत फोन नहीं उठाए, फोन न उठाने से लग रहा है कि लापरवाही के कारण ग्रामीणों की शिकायत पर समस्याओं का निस्तारण नहीं कराया जा रहा है।

वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शुकान्त विश्वकर्मा ने दों पहलुओं पर जवाब दिया उन्होंने बताया कि पीएनसी कार्यदाई संस्था के बड़े वाहनों की आवाजाही से नाली टूट गई है जल्द ही मरम्मत कर दुरुस्त कर दिया जाएगा और दूसरा साफ-सफाई के लिए सफाईकर्मी को बोल दिया जायेगा।

# देवरिया बाईपास निर्माण से प्रभावित किसानों का धरना बारहवें दिन भी रहा जारी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के जनपद देवरिया में बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित 37 गांवों के किसानों व किसान संगठनों द्वारा बाहर दिनों से अनवरत धरनारत रहने के बावजूद सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शनकारियों की सुधि नहीं लेना भाजपा सरकार के किसान हितैषी होने के खोखले नारे को उजागर करने के लिए काफी है। बाईपास सड़क निर्माण में मुआवजे में की जा रही 67 प्रतिशत कटौती का सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संज्ञान लेते हुए जिला संगठन को पूरी मजबूती से खड़े रहने का फरमान जारी कर दिया जिसके सापेक्ष 28 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किसान संगठनों संग जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

पूर्व विधायक सपा नेता दीनानाथ कुशवाहा के नेतृत्व में बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित 37 गांवों के किसानों ने 28 अक्टूबर को ही बैठक कर दीपावली नहीं मनाने का निर्णय लिया परंतु सत्तामद में चूर सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन ने किसानों की सुधि तक नहीं लिया। पूर्व विधायक ने कहा डबल इंजन की सरकार बनाने में किसानों की अहम भूमिका रही है और आज उन्हीं किसानों की भूमि को भाजपा सरकार औने-पौने दामों में जबरदस्ती हड़पना चाहती । उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों पर अत्याचार कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी।

देवरिया बाईपास ह्ना727 से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में पड़री चौराहे एवं बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा धरना शनिवार को बारहवें दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सुग्रीव मिश्रा ने किया। भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि किसानों/भूस्वामियों के साथ जिला प्रशासन एवं सरकार द्वारा बहुत बड़ा अन्याय किया जा रहा हैं। जहां किसानों की जमीनों को उनके मनमाफिक मुआवजा देने के लिए वर्ष 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार में भूमि अधिग्रहण कानून संसद द्वारा पारित किया गया।

# मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत, पसरा मातम

## आरोपियों के खिलाफ मृतक के परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

फरेंदा सर्किल के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के सेमरहनी टोला रामनगर निवासी महेंद्र भारती पुत्र राम लखन भारती 30 वर्षीय की बीते 30 अक्टूबर को रात्रि दस बजे के लगभग किसी काम से चंदनपुर चौराहे पर गया था वापस घर आ रहा था कि उक्त गांव टोला चाईटोला पर पहुंचा जहां हरिश सहानी घर के सामने सड़क पर बज रहे डीजे पर तमाम लोग डीजे पर डांस कर रहे थे डीजे देखने के दौरान महेंद्र भारती को जबरन डीजे पर डांस करने के लिए अराजकतत्वों ने प्रेरित किया लेकिन महेंद्र ने मना किया तो उसे उक्त गांव के हरिश सहानी पुत्र श्यामा बिहारी,शिवा पुत्र श्याम बिहारी व श्याम बिहारी पुत्र धनराज सहित अन्य लोगों ने मिलकर लाठी , डण्डा तथा लात मुक्का से बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिए जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। घटना की जानकारी होने पर उक्त स्थान पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी बनकटी लेकर गए जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर पर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान महेंद्र भारती ने एक नवंबर को दिन में 12 बजे दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई होने के बाद शव घर पर पहुंचा, जहां पर परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर



दिए थें।इसके पश्चात घटना की जानकारी होने पर 2 नवंबर को फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार व फरेंदा एसडीएम मुकेश कुमार मृतक के घर पहुंचे। जहां पर दोनों अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों पर विधिक कार्यवाही की जाएगी और मृतक के परिजनों को हर संभव मदद दिलाया जाएगा। मृतक के दो बच्चे हैं जिसमें लड़की अर्पिता 6 साल तथा लड़का आर्यन 4 साल का है। दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हैं। मृतक की पत्नी आरती देवी ने सरकार से निवेदन किया है पति के हत्यारों को फांसी दी जाए। फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का चौरी चौरा में हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा।** चौरी चौरा विधानसभा के भोपा बाजार चौराहे पर शनिवार को निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का विधायक ई .सरवन निषाद के नेतृत्व में फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद एक कार्यक्रम में भाग लेने सड़क मार्ग से देवरिया जा रहे थे इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए डाक्टर संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी और भाजपा का एक एक कार्यकर्ता आगामी उपचुनाव में सभी सीटों को मेहनत से जीतने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस समाज को कई दशक से सिर्फ उनका उत्पीड़न होता था और उनके हक अधिकारों को छीना जाता था आज निषाद समाज के लिए हम लोग तन मन से खड़े है अगर पूरे देश में किसी निषाद समाज के साथ कोई घटना हो रही है तो निषाद पार्टी उनको न्याय दिलवाने का कार्य करती है ।

# गांव सोहंग में निकली गई भव्य शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर।**

फाजिलनगर ब्लाक के गांव सोहंग में बीते बुधवार रात्रि दीपावली पर्व के अवसर पर श्रीराम की आकर्षक एवं भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। इस दौरान जय श्रीराम व हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा वातावरण श्रीराम मय हो गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन तथा आयोजन समिति के सदस्य लगे रहें। वहीं इस दौरान मेले का आयोजन भी किया गया था जहां विशेष रूप से बच्चें व महिलाएं जमकर खरीदारी की।

आयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि %श्री हिन्दू राष्ट्र एकता सेवा समिति% के तत्वावधान में दीपावली के उपलक्ष्य में गाजे-बाजे के साथ श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, श्रीकृष्ण व राधा समेत अन्य देवी-देवताओं के रुप में रथ पर विराजमान स्थानीय कलाकारों ने डीजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। यात्रा में प्रभु श्रीराम के भजनों की धुन पर बच्चे व युवा नाचते,गाते तथा हाथों में राम नाम का पताका लेकर श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

जिसके दौरान ग्रामप्रधान प्र0 मुन्ना अंसारी और मधुरिया चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार राम द्वारा मां लक्ष्मी पंडाल का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

तो वहीं शोभा यात्रा के दौरान पूरा गांव जय श्रीराम के जयघोष से गूंज गया और भक्तों ने सेल्फी लेने से भी नहीं चूके।

# सीएम योगी ने दो सौ लोगों की सुनीं फरियाद, समाधान का दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं खुद जाकर सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में बाधा न हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि



अपराध से संबंधित शिकायतों पर तुरंत और कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि समाज में किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और हर नागरिक को बिना भेदभाव न्याय मिले।

जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, उनके इलाज के इस्टीमेट को शीघ्रता से तैयार कर सरकार को भेजा जाए, ताकि त्वरित फंड जारी किया जा सके।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर की गोशाला में गोवंश की सेवा की। उन्होंने आंध्र प्रदेश से लाई गई पुंगनूर नस्ल के बछिया भवानी और बछड़े भोलू को गुड़ खिलाकर अपना विशेष स्नेह जताया। मुख्यमंत्री का गोवंश से यह जुड़ाव और उनकी देखभाल की संवेदनशीलता, समाज में सेवा और करुणा का संदेश देती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह प्रवास उनके संवेदनशील और प्रखर नेतृत्व की मिसाल है। वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ता से खड़े हैं और हर नागरिक को न्याय दिलाने के प्रति कटिबद्ध हैं। उनके इस व्यावहारिक और मानवीय दृष्टिकोण से गोरखपुर के लोग उनके प्रति गहरी आत्मीयता महसूस करते हैं।

## आज से शुरू हो रहा है आधार सेवा केंद्र

जन एक्सप्रेस | आगरा

खंदारी में तीन नवंबर से आधार सेवा केंद्र शुरू हो रहा है। पहले आधार सेवा केंद्र संजय प्लेस में था। वहां बंद होने के बाद लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। 3 नवंबर से सुबह नौ से शाम 5.30 बजे तक आधार कार्ड बनेंगे। आधार सेवा केंद्र के ऑपरेशन मैनेजर शिव मिश्रा के अनुसार, आधार सेवा केंद्र संजय प्लेस आगरा को खंदारी में शिफ्ट किया गया है। जिसमें औपचारिक रूप से काम 3 नवंबर सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगा। नए आधार सेवा केंद्र में अभी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा अगले 10 दिनों तक नहीं रहेगी। डीएम,अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) द्वारा उद्घाटन करने के बाद ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। सभी उम्र वर्ग के नए आधार पंजीयन, पुराने आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, फोटो, फिंगर प्रिंट, रेटीना इत्यादि का सुधार मात्र सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क 50 एवं 100 रूपए में किया जाएगा।

# संगम में डूब रहे दो युवकों को बाढ़ राहत दल के जवानों ने बचाया

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज




संगम नोज में दो युवक गंगा यमुना सरस्वती अदृश्य नदी में शुक्रवार शाम लगभग 6—00 बजे स्नान कर रहे थे।तभी अचानक दोनों डूबने लगे। वहां पर उपस्थित 42 वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल के जवानों ने आनन फानन दोनों युवकों को गहरे पानी से अपनी जान जोखिम में डालकर बाढ़ दल नायक मिथिलेश कुमार राय के नेतृत्व में बचाया। इतना ही नहीं एक युवक जो गम्भीर रूप से उसके शरीर के अंदर पानी समा गया था। जवानों ने जीवन प्रणाली कर उसकी जान को बचाते हुए अस्पताल में दाखिल भी कराया है।दोनों युवकों की जान बचाने पर संगम नोज पर हजारों लोग मौजूद थे।दलनायक मिथिलेश कुमार राय के नेतृत्व में टीम बाढ़ राहत दल पीएसी 42 वीं वाहिनी के जवानों के द्वारा किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा भी किया। बता दें कि बी' दल (बाढ़ राहत दल) 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज की ड्यूटी प्रतिदिन की भांति इन दिनो संगम नोज घाट पर लगी हुई है।समय लगभग 06—00 बजे दो युवक संगम नोज पर गंगा में स्नान कर रहे। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे। दलनायक मिथिलेश कुमार राय के नेतृत्व में गठित टीम ड्यूटी पर मौजुद पाली प्रभारी पीसी विशाल मिश्रा के निर्देशन में आरक्षी मिथिलेश कुमार व आरक्षी अजय सरोज मय जीवनरक्षक उपकरण के माध्यम से डूबते हुए दोनों व्यक्ति को बचाया गया। दोनों लोगों को एंबुलेंस के जरिए स्वरूप रानी अस्पताल के लिए रवाना किया गया।अचेतावस्था व्यक्ति का नाम अजय उम्र लगभग 35 वर्ष और मनोज उम्र लगभग 38 वर्ष पता जयंतीपुर सुलेमसराय प्रयागराज बताया गया।

## दिवाली के अगले दिन भी चले पटाखे

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** अधिकांश लोगों 31 अक्टूबर को दिवाली मनाई लेकिन कुछ लोगों ने 1 नवंबर को पूजन किया। इस मौके पर शहर में पटाखे भी चले। हालांकि दिवाली दिन से कम पटाखे चले। मगर, आगरा का प्रदूषण स्तर खराब स्थिति में पहुंच गया है। शनिवार सुबह शहर का एवरेज एक्यूआई 273 पहुंच गया। सबसे प्रदूषित संजय प्लेस का क्षेत्र रहा। यहां अदक 243 रहा। इस क्षेत्र में कई पॉश कालोनियां हैं। जहां पटाखे खूब चलते हैं। यहां वातावरण में ढट 2.5 की मात्रा न्यूनतम 38 और अधिकतम 500 रही। ढट 10 की मात्रा न्यूनतम 28 और अधिकतम 446 रही। नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड न्यूनतम 13 और अधिकतम 89 रहा। वहीं, सल्फर डाई ऑक्साइड न्यूनतम 5 और अधिकतम 36 रही। शनिवार सुबह आगरा का दूसरा प्रदूषित क्षेत्र आवास विकास रहा।

# बच्ची की गला दबाकर हत्या

जन एक्सप्रेस | आगरा

मलपुरा में दीपावली पर एक 8 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बलात्कार की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि स्लाइड सुरक्षित रख ली गई है। बच्ची की हत्या गला दबा कर की गई है। गांव में चर्चा है कि बच्ची की हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में हुई है। मलपुरा के मिजार्पुर के रहने वाले व्यक्ति की 8 साल की बच्ची दिवाली की शाम को घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश की। कहीं पर उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस को भी सूचना दी। शुक्रवार सुबह न्यू दक्षिणी बाईपास के पास लोगों ने एक प्लास्टिक का बोरा देखा। पास में करीब एक फीट का गड्ढा भी खुदा हुआ था। सूचना पर पुलिस पहुंची तो बोरे में बच्ची की लाश थी। पुलिस ने बच्ची की लाश को घरवालों को नहीं दिखाई थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया था। हालांकि एक युवक ने दावा किया था कि उसने बोरे में बच्ची का शव देखा। बच्ची के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा था। नाक से खून निकल रहा था। बच्ची के गले पर कट का निशान था। माथे पर तिलक लगा हुआ था। अंगुली पर भी कट था। ऐसा लग रहा था कि तंत्र-मंत्र कर बच्ची की बलि दी गई हो। गांव वालों का कहना है कि दीपावली पर एक मांगने वाला गांव में घूम रहा था। शाम को बच्ची लापता हो गई। जिस तरह की स्थिति बच्ची की बताई गई है, संभावना है कि तंत्र-मंत्र के लिए हत्या की गई हो। गांव वाले योजना बना रहे हैं कि गांव में अब मांगने वालों की एंट्री बंद कर दी जाएगी। सिर्फ फेरी वालों को ही पूरी जानकारी करने के बाद आने दिया जाएगा।

# मां–बेटों सहित 5 की अर्थी उठी

## हाथरस में खाई में कार गिरने से मौत, 2 बहू और 3 पोते का शव देख मां बेसुध हुई

जन एक्सप्रेस | आगरा

हाथरस में आगरा के दो भाइयों के परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार रात करीब 10 बजे जब एक-एक कर 5 शव घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। किसी ने सोचा भी नहीं था कि ठीक 24 घंटे पहले जिस आंगन में खुशियों के दीप झिलमिला रहे थे, अब वहां पर मातम पसरा होगा। जो बच्चे दादी के साथ फुलझड़ियां जला रहे थे, अब दादी उनके शव से लिपटकर बिलख रहीं। घर से एक-एक कर अंतिम संस्कार के लिए शव उठे तो हर आंख नम हो गई। आगरा में कमला नगर की नटराजपुरम कॉलोनी में रहने वाले अनुज कुमार की सिकंदरा-बोदला रोड पर हार्डवेयर की दुकान है। उनके छोटे भाई सौरभ अग्रवाल नोएडा के सेक्टर 45 में शिवालिक बैंक में कार्यरत हैं। सेक्टर 66 में वे परिवार के साथ रहते हैं। सौरभ दीपावली पर परिवार के साथ घर आए थे। रात को सभी ने आतिशबाजी की। रात में ही उन्होंने बेलौन वाली माता के दर्शन और गंगा स्नान की योजना बना ली। कॉलोनी के लोगों ने बताया- शुक्रवार सुबह 7 बजे दोनों भाई कार में परिवार के साथ गंगा स्नान और बेलौन वाली माता के दर्शन के लिए निकले थे।

बेलौन से लौटते समय हाथरस के चंदपा में कार डिवाइडर से टकराकर 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें अनुज की पत्नी सोनम (40), बेटा निताई (5) और सौरभ की पत्नी रूबी (38), बेटा चेतन्य (1) की मौत हो गई। वहीं अनुज, उनकी बेटी धन्वी और सौरभ, उनका बेटा गौरांग घायल हो गए। चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में गौरांग (9) ने भी दम तोड़ दिया। रात 10 बजे तीन एंबुलेंस से पांचों के शव घर पहुंचे। शव के पहुंचते ही कोहराम मच गया। नटराजपुरम कॉलोनी में शाम तक दीपावली का उल्लास छाया था, लेकिन जैसे ही कॉलोनी के लोगों को हादसे की जानकारी हुई तो पूरी कॉलोनी शोक में डूब गई। रात करीब 10.30 बजे परिजन, रिश्तेदार और कॉलोनी के लोग पांचों शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए चल दिए। सोनम और रूबी की अर्थी सजी तो तीनों बच्चों को परिवार और रिश्तेदार गोद में लेकर बल्केश्वर घाट पहुंचे। देर रात सभी शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अनुज और सौरभ ने अपनी मां से भी साथ चलने को कहा था। मां ने कहा था कि त्योहार पर घर सुनसान नहीं छोड़ते। इसलिए वो बेटों के साथ नहीं गई थीं। ऐसे में अनुज की बड़ी बेटी इशिता भी दादी के पास ही रुक गई थी। अन्य सभी भाई बहन साथ में गए थे। हादसे की जानकारी होने पर इशिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अनुज ने अपने छोटे भाई सौरभ के बेटे निताई को गोद ले लिया था। तब से वह अनुज के साथ ही रहता था। हादसे में निताई की भी मौत हो गई। उधर, सौरभ के दोनों बेटों चैतन्य और गौरांग की भी हादसे में मौत हो गई। दोनों की पत्नियों की भी मौत हो गई है। अनुज की मां सुधा अग्रवाल हृदयरोगी हैं। हाथरस में हादसे में दोनों बहुओं और तीन पोतों की खबर सुनकर उनकी हालत बिगड़ सकती थी। इसलिए परिजनों ने रात तक उन्हें जानकारी नहीं दी। देर रात जब एक साथ 5 शव घर पहुंचे, ये देखकर वे बेसुध हो गईं।

# अनूठी पहल गाय के गोबर से बने उत्पाद दे रहे हैं स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त और हरित युक्त दिवाली का सन्देश

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज




नगर निगम ने अपने प्रमुख बाजारों में इस दिवाली को स्वच्छ सुन्दर और पर्यावरण संरक्षण के ध्यान में रखते हुए गाय के गोबर से न सिर्फ दिए बना रहा है बल्कि वोकल फॉर लोकल के तर्ज पर स्वयं सहायता समूह के महिलाओं की मदद से गाय के गोबर से बने उत्पादों को लोगो तक पहुंचा भी रहा है।सिविल लाइन के धरना स्थल बाज़ार में लगी दुकान वास्तव में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली और प्लास्टिक मुक्त दिवाली के लिए आम जन मानस को जागरूक कर रही है।जो भी बाजार के गुजरता है वो इस पहल की सराहना करते हुए खरीददारी भी करता है।महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इस दिवाली स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दीजिए गाय के गोबर से बने उत्पादों को बढ़ावा दीजिए ये वास्तव भारत बदले भारत की तस्वीर है नगर निगम प्रयागराज को बधाई इस पहल के लिए।श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के आई ई सी एक्सपर्ट कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि उत्पाद नगर निगम प्रयागराज अपने गौशाल में बना रहा है साथ शहर में जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी अपने समूह के माध्यम से गोबर के दिए का निर्माण कर रही है।

# दबंगों ने भाजपा पार्षद को पीटा

जन एक्सप्रेस | आगरा

छेड़खानी के मामले में समझौता करने गए भाजपा पार्षद की दबंगों ने पिटाई कर दी। भाजपा पार्षद ने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद केस दर्ज दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना शुक्रवार देर रात कमला नगर थाना क्षेत्र की है। भाजपा पार्षद हरिओम बाबा ने बताया कि उनके परिचित कारोबारी अपनी बेटी और दामाद के साथ खरीदारी करने के लिए कमला नगर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी कार में टक्कर मार दी। विरोध करने पर दोनों युवक मारपीट पर आमादा हो गए। कार में बैठी बेटी ने विरोध किया तो युवकों ने दबंगई दिखाते हुए बेटी से छेड़खानी कर दी। पीड़ित ने इस बात की जानकारी भाजपा पार्षद को दी। भाजपा पार्षद मौके पर पहुंच गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुटती देख दोनों युवक वहां से फरार हो गए। भाजपा पार्षद हरिओम बाबा ने बताया कि जानकारी होने पर वह आरोपी युवकों के घर पहुंच गए। उनका इरादा दोनों पक्षों के बीच समझौता करने का था। इसी बीच युवकों के पिता प्रवीण अग्रवाल चांदी वालों से उनकी कहासुनी हो गई। इस पर प्रवीण अग्रवाल के बेटे आयुष ने भाजपा पार्षद के साथ मारपीट कर दी। भाजपा पार्षद ने बताया कि मारपीट में प्रवीण अग्रवाल, आयुष अग्रवाल के साथ करीब आधा दर्जन युवक और शामिल थे। भाजपा पार्षद के साथ मारपीट होने की जानकारी मिलते ही उनके समर्थक भी मौके पर पहुंच गए। काफी संख्या में लोग एकजुट होकर कमला नगर थाने पहुंच गए। लोगों ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के बाहर जमकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर बमुश्किल गुस्साए लोगों को शांत कराया।

# चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, क्षेत्र में मचा हड़कम्प

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज




करछना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत खाई में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। यहां से चोर हजारों का सामान उठा ले गए।पुलिस को घटना की तहरीर दी गई है।एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसको बंधक बनाकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया गया।खाई गांव निवासी मुकेश कुमार के घर से चोर अलमारी में रखा मंगलसूत्र चांदी की करधन एक मोबाइल फोन और दस हजार नकदी उठा ले गए।भैया भारतीया के यहां से सोने-चांदी के आभूषण, राजेश कुमार के यहां से 25 हजार नकदी और आभूषण उठा ले गए। ग्रामीणों ने दौड़ाकर एक चोर को पकड़ लिया और उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। जबकि अन्य दो चोर बाइक से सामान लेकर भाग निकले।पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर जमकर पिटाई करने के बाद बृहस्पतिवार सुबह पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।इसी तरह सप्ताह भर के भीतर देवरी कला गांव निवासी नीरज मिश्र बस्तर गांव निवासी कुल्लन कुमार कचरी गांव निवासी नरेन्द्र पटेल खाई निवासी मंगला पासी सहित अन्य जगहों पर चोरी हो चुकी है।पुलिस ने इन मामलों में न तो रिपोर्ट दर्ज की न खुलासा किया। चौकी प्रभारी भीरपुर अमित कुमार सिंह ने बताया कि खाई गांव में एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर सौंपा है।पकड़ा गया युवक जिगना थाना माण्डा का रहने वाला है।फिलहाल पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# तीन सगी बहनें डूबीं दो के शव मिले छोटी बहन को मल्लाहों ने बचाया पूजा से पहले गंगा स्नान को पहुंची थी बहनें

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज



दिपावली के अवसर पर एक परिवार में मातम पसर गया।दिवाली की शाम तीन सगी बहने हंडिया के बढौली गांव में गंगा घाट पर स्नान करने पहुंच गईं।देशराज पांडेय की बेटियां शुभी पाण्डेय उम्र लगभग 16 वर्ष व नित्या उम्र लगभग 10 वर्ष और रितिका पाण्डेय उम्र लगभग 9 गंगा में स्नान करते समय डूब गईं। नहाते वक्त शुभी और नित्या गहरे पानी में समा गईं जिससे दोनों की मौत हो गई जबकि तीसरी बहन रितिका को मल्लाहों ने बचा लिया।हादसा गुरुवार शाम को हुआ।पूरी रात शव की तलाश चली।देर रात शुभी और नित्या के शव बरामद हो गए।दो सगी बहनों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।डूबने से बचाई गई तीसरी बहन रितिका को अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे से पूरे गांव में मातम है।

गंगापार के हंडिया थाना क्षेत्र के बढौली गांव के रहने वाले देशराज पांडेय की पांच बेटियां हैं। गुरुवार रात दिवाली की पूजा की तैयारी चल रही थी। इसी बीच तीन बहनों ने गंगा स्नान कर पूजा में बैठने की सोची।तीनों घर से निकल घाट पर पहुंच गईं। नहाते नहाते दस साल की नित्या डूबने लगी। उसने शोर मचाया तो बड़ी बहन शुभी उसे बचाने आगे बढ़ी। इसी बीच रितिका भी डूबने लगी। तीन बहनों के डूबने से घाट पर हंगामा मच गया।शोर सुनकर मल्लाह पानी में कूद पड़े। मशक्कत के बाद रितिका को गंगा से निकाला गया।जबकि शुभी और नित्या का पता नहीं चला। खबर पाकर बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंच गए।मल्लाह और गोताखोर बुलाए गए। देर रात शुभी और नित्या के शव भी बरामद हो गए। शुक्रवार को आसपास के गांव के लोगों को जानकारी हुई तो वह देशराज पांडेय के घर पहुंच गए।परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी मातम छा गया।

## दबंगों ने घर में घुसकर की फायरिंग

**जन एक्सप्रेस/किरावली।** बरौदा सदर गांव में सवा बीघा बाजरा की फसल में आग लगने के बाद संघर्ष हो गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और ईंट-पत्थर फेंके गए। सैनिक के बेटे ने विपक्षी के घर में घुसकर फायरिंग कर दी। वह मौके पर लाइसेंसी राइफल छोड़ भाग निकला। बता दें कि वो बरौदा गांव के काशीराम सेना में असम राइफल्स में तैनात हैं।

उनकी पत्नी सुनीता ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि पड़ोसी भगवान दास, प्रकाश, विजय और सौदान ने उनकी सवा बीघा बाजरा की करब (सूखा चारा) में आग लगा दी है। सूचना पर गई पुलिस भगवान दास को पकड़कर थाना किरावली ले गई। ग्राम प्रधान ओम सोलंकी समेत अन्य लोगों ने थाने पहुंचकर दोनों पक्षों का समझौता करा दिया। वहीं शाम को इसी विवाद में फिर झगड़ा हो गया। सुनीता ने भगवान दास, प्रकाश, विजय, सौदान आदि पर घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमला करने का आरोप लगाया।

# मरीजों को खुश रखना हमारी प्राथमिकता–अधीक्षक मेजा



जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल मेजा में धनतेरस त्योहार की खुशी साझा करने के लिए टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार के साथ उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया है। अधीक्षक डा.बबलू सोनकर ने कहा कि मरीजों को खुश रखना हमारी प्राथमिकता है डा.बबलू सोनकर ने कहा कि शासन की मंशा के अनरूप गम्भीर मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है।इस मिशन के तहत कुल करीब चार दर्जन मरीजों को गोद लिया गया है।मंगलवार को धनतेरस के मौके पर करीब एक दर्जन मरीजों को पौष्टिक आहार और उपहार वितरित किया गया है।उपहार किट पाकर मरीजों के चेहरे पर खुशी देखी गयी।इस योजना के तहत अधीक्षक सहित अन्य डाक्टरों ने टीबी के मरीजों को गोद लिया है।क्रमश मेजा के दो कोना भसुन्दर हरगढ़ सहित कई गांव के मरीज इसमें शामिल रहे। डॉ.बबलू सोनकर ने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश को टीबी रोग से मुक्त करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है।इसके तहत उनकी मुफ्त जांच और दवाओं के साथ उन्हें पौष्टिक किट भी दिया जाता है।डा. सोनकर ने कहा इस अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने मे आ रहे है।अस्पताल डॉ उपस्थित रहे।

# सपा प्रदेश की सभी नौ सीटों पर उपचुनाव जीतेगी: शकील नदवी

जन एक्सप्रेस | खुर्जा

समाजवादी पार्टी प्रदेश की सभी नौ सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत दर्ज करेगी। प्रदेश की जनता भाजपा को नकार देगी। यह विचार सपा के स्टार प्रचारक, पूर्व मंत्री और अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने अलीगढ़ के खैर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करके गाजियाबाद लौटने के दौरान आज शुक्रवार को नेहरूपुर चुंगी स्थित सपा कैंप कार्यालय पर पूर्व नगर अध्यक्ष यासीन कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किए जाने के दौरान एकत्रित लोगों के संबोधन में व्यक्त किए।

सपा के स्टार प्रचारक, पूर्व मंत्री और अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की बांटने वाली राजनीति को समझ चुकी है। अब प्रदेश की जनता भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है। प्रदेश की जनता जान गई है कि भाजपा का प्रदेश के विकास और तरक्की से कुछ भी लेना देना नहीं है। भाजपा को न तो मुद्दों पर बात करने की चिंता है और न गरीब और वंचितों के कल्याण की फिक्र है। भाजपा शासन में सभी वर्ग के लोग त्रस्त हैं। सपा स्टार प्रचारक ने कहा कि सही तो यह है कि भाजपा गरीब, मजदूर, युवाओं, किसानों, दलितों और पिछडों की विरोघी है। सपा के वरिष्ठ नेता और सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरैशी ने कहा कि प्रदेश के उपचुनाव वर्ष 2027 विस चुनाव का सेमी फाइनल है और समाजवादी पार्टी इस सेमी फाइनल को जीतने जा रही है।`इससे पहले सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा के स्टार प्रचारक और अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया और उन्हें और उनकी टीम के नेताओं को पॉटरी नगरी की विख्यात क्रोकरी और फूलदान भेंट कर सम्मानित किया। सपा के स्टार प्रचारक और अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी का स्वागत करने वालों में एससी/एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. ढाल सिंह पिपिल, कुलदीप प्रधान, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र भाटी, अ0स0 सभा के जिलाध्यक्ष ताहिर अली सैफी, पूर्व जिला सचिव ताहिर सोलंकी, पूर्व नगर महासचिव डॉ. मुकेश कुमार, पूर्व नगर उपाध्यक्ष इरफान अंसारी, फहीम हसन, पूर्व नगर सचिव सूफियान मंसूरी, कन्हैया कुमार, शाहिद इन्नी, कुर्बान अंसारी, बॉबी सागर, अनिल यादव, शहजाद चैधरी, अ0स0 सभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आसिफ जमाली, अ0स0 सभा के प्रदेश सचिव हबीबुर्रहमान, सगीर खान और अनीस गाजी शामिल रहे।

चुनाव

## भाजपाई बोले, झारखंड से उखड़ जाएगा विपक्षी पार्टियों का तंबू

# महाराष्ट्र और झारखंड दोनों प्रदेशों में बनेगी एनडीए की सरकार

जन एक्सप्रेस | खुर्जा






महाराष्ट्र और झारखंड दोनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनेंगी। 23 नवंबर के चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में रहेंगे और 25 नवंबर को दोनों प्रदेशों में भाजपा का परचम लहराएगा। यहां पॉटरी नगरी के भाजपा नेताओं का दावा है कि महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार बनेगी और झारखंड में भी जेएमएम की हेमंत योरेन की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ कर भाजपा की सरकारें बनेगी। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को झारखंड में विपक्षी पार्टियों का तंबू उखड़ जाएगा।

भाजपा विधायक मीनाक्षी सिंह ने कहा कि यूं तो दिन मे सपने देखने का हक सभी को है। लेकिन विपक्षी पार्टियों के नेता कुछ अधिक ही सत्ता सुख भोगने के सपने देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की लोकप्रियता ने विपक्षी पार्टियों के नेताओं की आंखों की नींद गायव कर रखी है। इसी लिए वह दिन में सपने देखने लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार बनेगी और झारखंड में भी सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबी जेएमएम की हेमंत सोरेन सरकार को उखाड कर भाजपा की सरकार बनेगी। नगर के युवा उद्यमी और भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिंह ने कहा कि भाजपा नेतृत्व करिश्माई है। महाराष्ट्र और झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया कि दोनों प्रदेशों में भाजपा बेहतरीन प्रदर्शन करने जा रही है और दोनों प्रदेशों में भाजपा की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तरह इन दोनों प्रदेशों में भी विपक्षी गठबंधन को मतदाता नकार देंगे और भाजपा सरकार बनाने में सफल रहेगी। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और युवा भाजपा नेता हरीश गुप्ता अंबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर नेतृत्व के 23 वर्ष बेमिसाल हैं। देश के लोगों को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने भाजपा की पराजय के जमकर गीत गाए थे। लेकिन क्या हुआ। चुनाव परिणाम आए तो कांग्रेस हवा मे उड़ गई और नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की बहुमत की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार महाराष्ट्र और झारखंड दोनों प्रदेशों में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी और बहुमत की सरकार बनाएंगी। भाजपा के अरनिया मंडल के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह राघव ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने बीते दस वर्ष के कार्यकाल में लोगों के कल्याण के लिए कई दर्जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया है। गरीब और जरूरतमंद सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं और वह खुश हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेता सरकार की आलोचना करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष महाराष्ट्र और झारखंड में सरकार बनाने का सपना देखना छोड़ दे। उन्होंने दावा किया कि दोनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनेंगी।

# लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों का अनुसरण कर बने देश भक्त : संजय गंगवार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





बीसलपुर पीलीभीत मार्ग स्थित नगर के विनायक लांन में कुर्मी महासभा पीलीभीत के तत्वाधान में अखंड भारत के शिल्पी, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149 वीं जयंती समारोह मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के गन्ना एंव चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल के बारे में कुछ भी कहना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। सरदार पटेल ने 562 देशी रियासतों को भारतीय संघ में विलय कर खण्ड-खण्ड में बंटे हुए भारत को एक अखण्ड और विशाल राष्ट्र में संजोने का अद्वितीय काम किया। उसके लिए यह राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। आज जब देश में विभाजनकारी शक्तियां सर उठा रही हैं तो ऐसे में सरदार पटेल के विचार और भी प्रासंगिक हैं। सरदार पटेल अपने दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के कारण ही लौह पुरुष कहलाए। उन्होंने समाज से संगठित होकर शासन सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त समाज एवं राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया। उनके आदर्शों का अनुसरण कर हमें देशभक्ति की भावना अपने अंदर जागृत करनी चाहिए। भाजपा नेता डॉक्टर रत्नेश गंगवार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल भारत माता के सच्चे सपूत थे। राष्ट्र को सुख समृद्धिशाली बनाने में उन्होंने अपना अहम योगदान दिया। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार ने कहा कि लौह पुरुष बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह किसानों के सच्चे हितैषी, एक कुशल संगठनकर्ता, सुयोग्य प्रशासक एवं धर्मनिरपेक्षता के प्रहरी थे। बारडोली के सफल किसान सत्याग्रह से उन्होंने देश दुनिया में अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया तथा उनकी सफलता पर वहां की महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि से सम्मानित किया। प्रमोद पटेल एडवोकेट ने कहा कि गृहमंत्री के रूप में जिस तरह उन्होंने अपने नागरिकों को बिना जाति धर्म के भेदभाव के सुरक्षा प्रदान की। वह सरकारों के लिए अनुकरणीय है। सरदार पटेल यह अच्छी तरह से जानते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलियानों से होकर गुजरता है। किसानों की स्थिति में सुधार किए बिना देश तरक्की नहीं कर सकता। कार्यक्रम को छत्रपाल पटेल, बृजनंदन प्रसाद पटेल, जंग बहादुर पटेल, महेश पटेल, राजाराम माथुर, गजेंद्र पटेल, राम प्रताप गंगवार, सौरभ भारतीय, प्रेम सागर पटेल, अशोक गंगवार, बीपी सिंह, रवींद्र सिंह गंगवार, प्रमोद पटेल, विक्रम गंगवार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर डीपी गंगवार तथा संचालन राम प्रताप गंगवार एवं डॉ रजनीश गंगवार ने किया।

## मछली मारने गये युवक की देबहा नदी में डूबकर मौत



**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा**

शुक्रवार शाम 5 बजे ग्राम जिरौनिया निवासी युबक की पड़ोस के गाँव नबदिया शरीफगांज के पास वह रही देबहा नदी पर घर से अपने तीन साथियों के साथ मछली मारने गया था।नदी में मछली मारते समय डूबकर मौत हो गई है।हालांकि अभी युवक का अभी तक शब नही मिल सका।क्षेत्र के ग्राम जिरौनिया निवासी भागवत 32 वर्ष पुत्र सुंदरलाल अपने तीन साथियों मेवाराम इतवारी लाल निवासी जिरौनिया एवं बाबूराम निवासी भम्वापुरी के साथ कल शुक्रवार एक नवंबर को शाम 5 बजे घर से देवहा नदी गया था जहां 2 घंटे बाद रात 7 बजे वह गहरे पानी में डूब गया साथ में मछली मार रहे साथियों ने खोजबीन कर डूबे हुए युवक के घर उसकी पत्नी प्रीती देवी को रात 9 बजे बताया।कि तुम्हारा पति भगवत सरन नदी में डूब गया है। पति के डूबने की खबर सुनते ही पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक भगवत के दो वर्षीय है मामले की सूचना आज 2 नंबम्बर को सुबह 7 बजे पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गई जहां ग्रामीण टयूब की मदद से नदी में शब की तलाश कर रहे है। मौके पर राजस्व विभाग से तहसीलदार सदर पीलीभीत ने घटना स्थल का जायजा लिया डूबे हुये परिवार के साथ सवेंदना व्यक्त करते हुये सरकार द्वारा हर सम्भव सहायता देने का बादा किया। सूचना पर थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला ने बताया हैं ऐन डी आर एफ की टीम को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया है शीघ्र ही शब को खोज लिया जायेगा। घटनास्थल पर मगरमच्छ होने से शब को ढूढने में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

## एसपी से शिकायत के बाद पीड़ित का घुंघचाई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- पुरानी रंजिश के चलते एकजुट दबंगों ने पीड़ित पक्ष को किया लहूलुहान, एक की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी रामचंद्र ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि गांव के कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करते हुए फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। जिसका मुकदमा पूरनपुर कोतवाली में दर्ज है। मुकदमे में कार्रवाई न करने के लिए आरोपी उस पर दबाव बना रहे हैं। 16-10-24 को शाम गांव के गुरुशरन, राकेश व राम बहादुर, राजेन्द्र, रामसिंह लाठी डंडे व धारदार हथियारों से लेस होकर उसके घर में घुस आए। जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया। बचाने आई पत्नी जय देवी को भी धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। सभी ने मारा पीटा की,चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने उनको बचाया। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची घायलों को थाने लाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रामचंद्र की पत्नी जय देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मेडिकल तो कराया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर पीडित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## छठ महापर्व- ट्रांस शारदा क्षेत्र में शुरू हुआ छठ महापर्व की तैयारी छठ वेदियों की होने लगी सफाई

- छठ महापर्व पर तीन दिन तक मचेगी धूम भक्तिमय खूशबू से महक उठेगा समूचा क्षेत्र

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



हजारा। छठ महापर्व को लेकर ट्रांस शारदा एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई है।पूर्वांचल में विशेष रूप से मनाया जाने वाला छठ महापर्व का त्योंहार बहुत श्रद्धा पूर्वक एवं धूमधाम से मनाया जाता है जिसकी धूम यहां भी मचती है। छठ महापर्व को लेकर समूचे क्षेत्र के छठ वेदियों की साफ-सफाई का काम शुरू करते हुए श्रद्धालुओं ने सफाई की है। वैसे तो छठ महापर्व का त्योंहार विशेष रूप से बिहार प्रांत के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल भागों में बहुत ही श्रद्धा पूर्वक विधि-विधान एवं हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाता है वहां की धूम ट्रांस शारदा एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में भी देखने को मिलती है यहां बता दें कि जनपद पीलीभीत के थाना हजारा क्षेत्र एवं पड़ोसी जिला लखीमपुर-खीरी के थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के साथ-साथ नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों में अधिकांश ग्रामीण पूर्वांचल के भोजपुरी भाषी लोग हैं इसलिए छठ महापर्व का त्योंहार यहां भी बहुत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाता है।छठ पूजन के लिए अधिकांश स्थानों पर छठ वेदी बना है इन वेदियों की साफ-सफाई का काम श्रद्धालुओं ने आज से शुरू कर दिया है।इसी क्रम में शनिवार को गांव राणा प्रताप नगर में सुतिया नाला के पास बने छठ वेदी की ग्रामीणों ने साफ-सफाई करते हुए छठ पूजन की तैयारी में जुट गए हैं।

## सास ससुर ननद द्वारा विवाहिता से मारपीट एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

ससुराल में रह रही विवाहिता के साथ सास ससुर और ननद द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित करने को लेकर विवाहिता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश पर दियोरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरैया दियोहना निवासी हीराकली पत्नी अजय पाल ने बताया कि उसकी शादी अजयपाल से हुई थी। जोकि गाजियाबाद में नौकरी करते हैं। आरोप है कि ससुर केदारनाथ, सास रुपदेई, ननद रामश्री पत्नी धर्मेंद्र निवासी जादौपुर थाना दियोरिया कलां हीराकली को मार-पीट कर घर से निकलने का प्रयास कर रहे हैं। गर्भवती होने पर मारपीट कर उसका गर्भपात करा दिया। ससुर पति की गैर मौजूदगी में छेड़छाड़ का प्रयास करता है। 13 जुलाई को जब उसके पति गांव आए तब वह ससुराल गयी। वहां पर सास ससुर और ननद ने मारपीट करते हुए कहा कि हम अजयपाल की दूसरी शादी करना चाहते हैं। घटना को लेकर विवाहिता ने दियोरिया पुलिस को मामले की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूर होकर विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दियोरिया पुलिस ने ससुर केदारनाथ पुत्र नत्थू लाल, सास राम श्री पत्नी केदारनाथ, ननद राम श्री पत्नी धर्मेंद्र निवासी जादौपुर थाना दियोरिया कला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित महिला उनके समय में थाने नहीं आई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## पटाखा से रुई की दुकान में लगी आग, हजारों का सामान जला

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

दीपावली पर्व पर आतिशबाजी के दौरान पटाखे से रुई की दुकान में आग लग गई। जिससे हजारों का सामान जलकर राख हो गया। घटन के बाद दुकान स्वामी की हालत खराब हो गयी है।

बीसलपुर के मोहल्ला दुबे निवासी सीताराम की स्टेशन रोड पर रुई की दुकान है। जो रजाई, गद्दा, तकिया भराई का काम करता है। दीपावली पर आतिशबाजी छोड़ते समय पटाखा उसकी दुकान में जा गिरा जिससे दुकान में रखी रुई में आग लग गयी और आग ने पूरी दुकान को अपने आगोश में ले लिया। आग लगने से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। लोगों ने बमुश्किल दुकान की आग बुझायी। दुकान स्वामी ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुए एक व्यापारी पर आरोप लगाया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## तीन दोस्तो की सड़क हादसे में हुई मौत, पूरे गांव में छाया मातम









- एक साथ तीनों का हुआ अंतिम संस्कार दिवाली की खुशियां मातम में बदली

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

कहते है दोस्त साथ हो तो मरने भी शान हैं। दोस्त ना हो तो महफिल भी शमशान है। गांव के ही तीन दोस्त दीपावली पर मंदिर पर दीपक जलाने जा रहे थे तभी सड़क हादसे में तीनों अपनी जिंदगी गवा बैठे। एकदम से त्योंहार पर गांव के तीन परिवारों खुशियां मातम में बदल गई।बताते चलें कि न्यूरिया क्षेत्र के गांव सहादतगंज (पिपराही) में एक ही गांव के तीन दोस्त की एक्सीडेंट में मौत हो गई । दीपावली पर तीन दोस्त रात को गांव के बाहर कुछ दूरी पर दोवहा आश्रम पर दिये जलाने निकले थे जब काफी वक्त हो जाने के बाद तीनों बापस नहीं लौटे तो घर वालों को चिंता सताने लगी फिर घरवाले ने तीनों की तलाश शुरू की परंतु तीनों का कोई सुराग नहीं मिला। एक ही गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार, शिव कुमार और गिरीश कुमार अच्छे दोस्त थे। सुबह महोफ रोड फार्म के करीब एक पेड़ के नीचे तीनों के शव पड़े मिले जैसे स्थानीय लोगों की सूचना परिवार जनों को मिली एकदम से ही पूरे गांव में चीखा पुकारी मच गई एक ही गांव के तीन मौतों से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है पूरे गांव में दीपावली के दूसरे दिन अंधेरा छाया रहा इस घटना से आहत होकर गांव वालों ने दिए और झालर भी नहीं जलाई। तीनों दोस्तों की शादी हो चुकी है जिसमें दो की शादी 6-7 माह पहले हुई थी। और तीसरे 10 साल का बेटा और 8 साल की बेटी है जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार बाइक जो की अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने इस की सूचना पुलिस को दी जिससे पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया इसके बाद तीनों शवों साथ में ही श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

- परिजनों की गैर मौजूदगी में महिला से छेड़छाड़ शिकायत पर जान से मारने की धमकी का आरोप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

घर में घुसकर महिला को गलत नीयत से दबोच लिया। छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की, पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी महिला ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया उसके पति की मौत हो गई है। उसके लडके मजदूरी के लिए राजस्थान में जाते हैं। महिला व उसकी पुत्री घर पर रहते हैं। आरोप है कि पड़ोस का रहने वाला युवक महिला पर गलत नियत रखता है। 25-8-2024 की रात्रि के दौरान महिला अपने बरामदे में सो रही थी। उसकी पुत्री छत पर सो रही थी। इसी दौरान रात्रि में युवक घर में घुस आया। चारपाई पर महिला को गलत नीयत से दबोच लिया। इसके बाद छेड़छाड़ कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास कर उसके कपडे फाड दिए। चीखने चिल्लाने पर उसकी पुत्री जब तक नीचे आई तब तक युवक धमकी देते हुए फरार हो गया। महिला ने युवक के घर पहुंच कर उसके परिजनों से शिकायत की तो आरोप है कि युवक ने अपने परिवार के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर महिला ने थाने पर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर थाना पुलिस ने महिला सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कोर्ट के आदेश पर मामले में महिला सहित चार के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## जौनपुर में गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के समस्त चित्रांश बंधुओं ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में शनिवार को समस्त प्राणियों के जीवन मृत्यु का लेखा-जोखा रखने वाले परम पूज्य भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की भव्य शोभायात्रा जनपद में निकली जिसमें पूरे जनपद के हजारों कायस्थ समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान समाजसेवी व सम्मानित व्यक्ति भी भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के शोभायात्रा में शामिल हुए।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंद्रसेन श्रीवास्तव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव व शोभायात्रा संयोजक मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के शुरू होने के पूर्व भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। उसके बाद प्रकांड विद्वान ब्राह्मणों के मंत्र उच्चारण के पश्चात भव्य शोभायात्रा की शुरुआत हुई जो नगर पालिका परिषद से चलकर कोतवाली चौराहा, शाहीपुल ओलांदगंज होते हुए चित्रगुप्त मंदिर रूहट्टा पर पहुंचे जहां पर भगवान चित्रगुप्त जी की आरती कर समस्त लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें सभी गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान कायस्थ सभा के संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव सुभाष चंद्र श्रीवास्तव. राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव आरटीओ. प्रमोद श्रीवास्तव. श्रीकांत श्रीवास्तव. महिला जिला अध्यक्ष डॉ पूनम श्रीवास्तव डॉ अंजना श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक भारती जीवन बीमा निगम अजय श्रीवास्तव राजेश जायसवाल पत्रकार संजय अस्थाना श्याम रतन श्रीवास्तव सरोज श्रीवास्तव नलिनी श्रीवास्तव सौरभ श्रीवास्तव नलनीश श्रीवास्तव मयंक नारायण श्रीवास्तव मुकेश श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव पत्रकार मनीष श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव सिपाह लालमोहन श्रीवास्तव दया शंकर निगम आनंद शंकर श्रीवास्तव मोहन शंकर श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव हैप्पी नितेश श्रीवास्तव नितेश श्रीवास्तव जिला महामंत्री भाजपा इंजीनियर अमित श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव प्रधानाचार्य बीआरपी कॉलेज डॉ प्रमोद श्रीवास्तव धीरज श्रीवास्तव सहित सैकड़ो चित्रांश बंधु उपस्थित रहे, साथ ही जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्या, राज्य मंत्री के कार्यालय प्रभारी ब्रह्मेश शुक्ला, शोभा यात्रा के संयोजक मनीष श्रीवास्तव सभासद ने शोभायात्रा में पधारे अतिथियों का स्वागत किया।

## पारिवारिक के कलह के चलते श्रमिक ने फांसी लगाकर दी जान



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के औराही गांव में एक श्रमिक ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शष को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक औरही गांव निवासी 42 वर्षीय विनोद कश्यप पुत्र त्रिलोचन का शष शनिवार की सुबह पेड़ से लटकता हुआ लोगों ने देखा कि घर से महज 200 मीटर दूरी पर एक पेड़ से विनोद कश्यप का शव लटक रहा था। लोगों ने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी और पुलिस पहुंची शव को उतरवाया और कब्जे में ले लिया। उधर बताया जाता है कि परिवार में तनाव था जिसे लेकर कहासुनी हुई थी। शुक्रवार की रात में विनोद घर से खाना खा कर कहीं निकला फिर लौट नहीं, सुबह रस्सी के सहारे उसका शव घर के पीछे पेड़ से लटकता मिला। विनोद ईट भट्ठा पर मजदूरी का काम करता था। मृतक के चार लड़के हैं। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## भाभी के प्यार में चाचा को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

रामपुर थाना क्षेत्र के पचूरुखी गांव में दीपावली की रात सोते समय गोली मार कर की गई हत्या का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने मडियाहूं में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दीपावली की रात रामपुर थाना क्षेत्र के पचूरुखी गांव में रामजीत पटेल पुत्र देवराज पटेल 45 की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र दिनेश पटेल की तहरीर पर विनोद पटेल उर्फ़ टिल्लू पुत्र इंद्रजीत पटेल निवासी पचूरुखी थाना रामपुर व विपिन पटेल पुत्र अज्ञात ग्राम मगरा थाना बरसठी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनोज कुमार पांडे फोर्स के साथ अभियुक्तों की तलाश व गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिस दे रहे थे। इसी दौरान आशानंदपुर में मुखबिर खास से सूचना मिली कि आरोपी विनोद पटेल पुत्र इंद्रजीत पटेल निवासी पचूरुखी अपने पीठ पर एक छोटा बैग टांग कर सिधवन की तरफ जा रहा है ।मुखबिर की सूचना को सत्य मानते हुए प्रभारी निरीक्षक द्वारा हेड कांस्टेबल कौशल सिंह तथा त्रिलोकी सिंह को सिधवन की तरफ से घेरा बंदी का निर्देश दिया। इसी दौरान फजूलहा प्राथमिक विद्यालय के पास एक युवक पिट्ठू बैग लेकर जाता हुआ दिखाई दिया ।मुखबिर के इशारे पर दोनों सिपाहियों ने उसे पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विनोद पटेल उर्फ टिल्लू पुत्र इंद्रजीत पटेल निवासी पचूरुखी देवी प्रसाद थाना रामपुर जौनपुर बताया। उसने बताया कि उसके बड़े पिता रामजीत पटेल पुत्र देवराज पटेल उसे प्रताड़ित करते थे, उसने बताया कि उनकी बहू पूजा पत्नी दिनेश पटेल से वह प्यार करता था। किंतु उनके द्वारा मुझे बार-बार परेशान किया जा रहा था, जिसको लेकर मैंने अपने बड़े पिता रामजीत पटेल उपरोक्त को दीपावली की रात करीब 3 बजे भोर में सोते समय उनके सिर में गोली मार दिया। मेरे साथ मेरी मौसी का लड़का विपिन निवासी मगरा थाना बरसठी जौनपुर भी योजना में शामिल था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अदत रिवाल्वर 32 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस 32 बोर, एक अदत खोखा कारतूस 32 बोर तथा एक अदत मोबाइल सैमसंग तथा एक अदत काले रंग का फेस मास्क तथा पीठ पर एक पिट्ठू बैग काले नीले रंग की बरामद किया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम रामपुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय हेड कास्टेबल कौशल कुमार सिंह हेड कास्टेबल त्रिलोकी सिंह हेड कास्टेबल अनिरुद्ध प्रसाद कास्टेबल कास्टेबल सोनू यादव कास्टेबल अमित कुमार कास्टेबल कमलेश राव रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर पीड़ित को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव न्यूरानपुर निवासी रामदास ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके गांव निवासी रितेश कुमार, रजत, अजंतर, रामकुमार ने गाली गलौज करते हुए विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रितेश कुमार रजत, अजंतर, रामकुमार निवासी ग्राम न्यूरानपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।





# इत्र कारखाने में लगी भीषण आग

■ छह टीमें तीन घण्टे जूझकर ही कर पाई आग पर नियंत्रण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

एक इत्र कारखाने में भीषण आग लग गई। बेसमेंट में रखे इत्र बनाने वाले ऑयल की वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही डीएम-एसपी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में आसपास के घरों को खाली करा लिया गया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 6 टीमों को लगाया गया है। फिलहाल अब तक आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के छिपट्टी मोहल्ला स्थित किशोरी जैन का इत्र कारखाना और मकान है।

जिसमें वह परिवार के साथ रहते हैं। बीती शाम उनके इत्र कारखाने में आग लग गई।

कुछ ही देर में आग बेसमेंट तक पहुंच गई जहां इत्र बनाने में इस्तेमाल होने वाला ऑयल रखा हुआ था।

ऑयल के कारण आग भड़क गई। यहां भीषण लपटें उठने लगीं। ये तो गनीमत थी कि कारोबारी किशोरी जैन और उनका परिवार समय रहते घर से बाहर सुरक्षित निकल आया।

### तीन घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। इत्र कारखाने में आग की सूचना मिलते ही डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और एसपी अमित कुमार आनंद फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। यहां उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के घरों को खाली करवा दिया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 6 टीमों को लगाया गया। तीन घण्टे की मशक्कत के बाद किसी प्रकार टीमों ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। मामले को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि आग की सूचना पर फौरन पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके। अनुमान है कि शार्ट सर्किट से इत्र कारखाने में आग लगी होगी। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां छिपट्टी मोहल्ले के लिए रवाना हो गईं। हालांकि शहर के संकरे रास्तों से निकलना गाड़ियों के लिए मुश्किल हो गया। इत्र कारखाने तक बड़ी मुश्किल से फायर कर्मी पानी के पाइप पहुंचा सके। इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# हवाई फायरिंग से मना करने पर किसान को मारी गोली

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



भरुआ सुमेरपुर। बृहस्पतिवार को देर रात ग्राम पंचायत जलाला में नशे में धुत दो युवकों को फायरिंग करने से मना करना एक किसान को महंगा पड़ गया। युवकों ने किसान को तमंचे से गोली मार दी।

गांव में दबदबा कायम करने के लिए युवक ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग कर रहे थे। किसान को गंभीर हालत में रात में ही सदर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया है। घायल के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी गांव से फरार हो गए।

जलाला निवासी प्रेमकुमार कुशवाहा ने बताया कि उनका बड़ा भाई रामकुमार कुशवाहा (52) खेती किसानी करता है। बृहस्पतिवार की रात करीब 9 बजे दीपदान करने के वह उपरांत गांव निवासी दिनेश कुशवाहा की दुकान सामान लेने जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी प्रदीप सिंह उर्फ तउवा एवं रामकुमार वर्मा हवाई फायरिंग कर रहे थे। इस पर किसान ने फायरिंग करने से मना किया। इससे गुस्साए प्रदीप व रामकुमार वर्मा गाली गलौज करने लगे। इसी बीच प्रदीप सिंह ने तमंचे से भाई रामकुमार कुशवाहा को गोली मार दी। गोली किसान के बाएं पैर की जांघ में लगी है।

थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ जान से मारने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही दोनों आरोपी गांव से फरार हो गए हैं। घायल का उपचार हैलट कानपुर में चल रहा है। भाई ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# कसिगवां गांव में नृशंस हत्या में सर्विस लाइन्स टीम को मिली सफलता, आला कत्ल सहित युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत कसिगवां गांव में 30 अक्टूबर को हैंडपंप पर पानी भरने गए युवक की नृशंस हत्या कर मौत के घाट उतार दिया उसके साथ ही एक और अधमरा कर तीसरे पर वार कर भाग गया था पुलिस की कठिन परिश्रम और घेराबंदी के चलते आरोपित को आला कत्ल(कुल्हाड़ी) सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा गठित टीमें क्रमश प्रभारी निरीक्षक बिल्हौर, प्रभारी निरीक्षक अरौल, सर्विलांस टीम पश्चिमी एवं प्रभारी निरीक्षक ककवन की गठित टीमों द्वारा अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे इसी बीच मुखविर खास की सूचना पर थाना ककवन पुलिस टीम द्वारा मु0असंश 107/2024 धारा 191(3)103(1)/3(5) बीएनएस ब मु0अ0सं) 109/2024 धारा 109(1) बीएनएस नामजद अभियुक्त बिनय कुमार उर्फ़ गुड्डन पुत्र राजबहादुर निवासी ग्राम कसिगवां गिरफ्तार किया गया आरोपी ने बताया प्रेम-प्रसंग व कमेण्टबाजी को लेकर मृतक कुलदीप पुत्र जय सिंह निवासी मकन्दी निवादा थाना ककवन की कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी गयी थी एवं इस हत्या से ग्रामवासियों में भय व्याप्त था आरोपित द्वारा एक अन्य व्यक्ति विजय पुत्र भारत सिंह की हत्या करने की संभावना व्यक्तकी जा रही थी।

शुक्रवार को शाम बाराहीदेवी मन्दिर के पास मार्ग से गिरफ्तार किया गया एवं मौके पर ही फारेन्सिक टीम को बुलवाकर आला कत्ल कुल्हाड़ी व अभियुक्त के पास से अन्य साक्ष्य वैज्ञानिक पद्धति से एकत्रित किये गये। गिरफ्तार करने वाली टीम-प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह उ0नि0 विनीत कुमार हे0का0 राजेश कुमार, संजीव कमार आदि।



पानी की टंकी अगर समय से बन जाती तो पानी की पीने की समस्या दूर हो जाती शायद यह हत्या न होती है ग्रामीणों में इस बात की चर्चा बहुत जोरों पर है कि चुनाव के दौरान पीने का पानी और पुल बनाने की मांग शासन से ग्रामीणों ने की गई थी जिसको जिलाधिकारी महोदय ने उस समय मंजूर भी कर दिया था और अगर वह पुल बन गया होता तो आरोपित को पुलिस मिनटों में ही गिरफ्तार कर सकती थी पुलिस द्वारा प्रेम प्रसंग की बताई गई कहानी पर ग्रामीणों के गले नहीं उतर रही है उनका कहना है कि इस तरह से अभी तक कोई भी एक मामला उसके प्रकाश में नहीं आया है चलो उसकी बात थोड़ी देर के लिए मान भी लेते हैं तो दूसरे व्यक्ति विजय पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था जो जिंदगी और मौत से अस्पताल में जूझ रहा है इसका प्रेम प्रसंग से क्या लेना देना था इससे साफ जाहिर होता है कि वह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए दूसरी बात ग्रामीणों ने बताया जिस तरह से उसने हमला किया है जहां भी नौकरी कर रहा था या फिर कहीं पर किसी गैंग से जुड़ा हो सकता है? यह जांच का विषय है।

# बिल्हौर थाना क्षेत्र में दो की मौत एक छत से तो दूसरा ट्रेन से कट कर मौत



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत उधौ निवादा गांव के सामने चंदेल पेट्रोल पंप के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे चंदेल पेट्रोल पम्प उधौनिवादा के सामने युवक अंकुर कुमार निवासी बकोठी की ट्रेन से कट कर मौत सूचना पर पहुंचे परिवारी जनों के सामने पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया वैष्णो नगर निवासी जनार्दन पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार छत से गिर जाने से सर में आर चोट आ गई थी पारिवारिक जिन्होंने उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया जहां पर गंभीर हालत होने पर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया अभी प्रार्थना पत्र नहीं मिला है प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर थाना पुलिस ने छापेमारी कर विभिन्न गांव से 8 जुआरी व मारपीट में गिरफ्तार किया



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने जुआरियों पर शिकंजा करने के लिए गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया बिल्हौर पुलिस ने मु0अ0सं 334124 धारा 115(2)/351(2)/[352/118(2) बीएनएस राजेश कुमार पुत्र भारत सिंह यादव निवासी केहरी पुरवा खण्ड चन्द्रपुरा थाना बिल्हौर कानपुर नगर। उम्र 42 वर्ष से अभियोग के सम्बध में पूछताछ की गयी तो अक्रोशित होकर अमादा फसाद होने लगे । ग्राम मल्लापुर में उमेश कटियार पुत्र रामकिशन कटियार उम्र 40 वर्ष, राहुल कटियार पुत्र सर्वेश कटियार उम्र 25 वर्ष निवासीगण ग्राम मल्लापुर द्वारा अपने गांव के ही विकास कुमार पुत्र बृजेश के साथ खेत मे लगे मशीन पर पार्टी करने तथा विकास द्वारा विरोध करने पर मारपीट व अमादा फसाद करने लगे। ग्राम अटिया के आजाद पुत्र स्व0 मुन्ना उम्र 18 वर्ष, वीरेन्द्र पुत्र स्व0 मुन्ना उम्र 24 वर्ष, प्रकाश पुत्र गया प्रसाद उम्र 40 वर्ष, जयराम पुत्र गया प्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासीगण ग्राम अटिया थाना आग जलाने को लेकर आपस मे कहासुनी व गाली गलौज व अमादा फसाद करने लगे। ग्राम राढा ललित कुमार पुत्र राम नरायन उम्र 30 वर्ष का श्रीमती नीलू पुत्री अजय कुमार साथ आपस में दुकान के पैसों के लेन देन को लेकर विवाद है प्रार्थना पत्र की जाँच के दौरान अभियुक्त उग्र होकर अमादा फसाद होने लगा। उपरोक्त सभी प्रकरणों में बिल्हौर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए त्वरित कार्यवाही करते अभियुक्तगणों का गालन 170 बीएनएस अंर्गत गिरफ्तार किया गया। गिफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 द्वारिका प्रसाद प्रजापति, उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह, उ0नि0 यूटी संदीप कुमार, उनि0 यूटी सोनूगुप्ता, उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह, हे0का0 धर्मवीर सिंह, हे0का0 ज्ञान बहादुर सिंह, सिपाही राजेन्द्र सिंह व धर्मपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# बेटी के घर जा रहे बुजुर्ग को कार ने कुचला, मौत



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मानीमऊ। हाईवे पार करने में लोगों को अब डर सताने लगा है। पुलिस चौकी सोती रहती है और हादसा हो जाता है। कोई जानकारी देता है तब पुलिस मौके पर पहुंचती है। तीन दिन में सड़क पार करने में तीन मौतें हो चुकी हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। कानपुर में रहने वाले वृद्ध बेटी के घर मियांगंज जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। इससे मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस रुआब झाड़ती आई और शव को जिला अस्पताल भेज दिया। कानपुर शहर के 10/7 गंगानगर के शैलेंद्रनाथ अवस्थी मानीमऊ क्षेत्र के मियागंज गांव में पुत्री के घर अजय पंडित के यहां जा रहे थे। मियांगंज गांव जाने के लिए जीटी रोड क्रॉस करने लगे, तभी कानपुर की तरफ से तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे शैलेंद्र नाथ अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की जानकारी चौकी पुलिस को दी, लेकिन चौकी पुलिस आधे घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिनों के अंदर तीन मौतें

गुरुवार को जीटी रोड क्रॉस करते समय मानीमऊ गांव के हरिशंकर शुक्ला की मौत हो गई थी। शुक्रवार को रेलवे लाइन पार करते समय मकदूमापुर के डीसीएम चालक मो. इरशाद उर्फ पप्पू की मौत हो गई और शनिवार शाम को कानपुर के वृद्ध शैलेंद्रनाथ अवस्थी पुत्री के घर जाते समय कार ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। इस हादसे का मुख्य कारण जीटी रोड पर फुटओवर ब्रिज नहीं बना है, जिससे लोग हाइवे को पार करते समय हादसों का शिकार हो रहे हैं।

# धर्म जागरण के लिए शिव शक्ति अखाड़ा का पैदल मार्च- सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

■ जेपी कटियार और मनोरमा कठेरिया की अगुवाई में मधुराम जी का जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में चौबेपुर शिवराजपुर उत्तरीपुरा, बिल्हौर, ककवन, और विषधन क्षेत्रों में हिंदू जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिव शक्ति अखाड़ा के संन्यासियों ने मधुराम जी के नेतृत्व में भव्य पैदल मार्च का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में धर्म के प्रति जागरूकता लाना और सामाजिक उत्थान के लिए जनसमूह को एकत्रित करना था। इस धार्मिक यात्रा में कस्बों के सैकड़ों लोग जुड़कर इस आयोजन का हिस्सा बने और एकजुटता का संदेश दिया।मधुराम जी ने पैदल मार्च का नेतृत्व करते हुए धर्म, संस्कृति और सामाजिक उत्थान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस आयोजन के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि धर्म के प्रति जागरूक रहना और सही मार्ग पर चलना आज के समय की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। मधुराम जी ने कहा, धर्म की रक्षा और सामाजिक एकता का उद्देश्य तभी सफल हो सकता है, जब हम सभी एक साथ होकर समाज को सकारात्मक दिशा में लेकर जाएं। पैदल मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। हर किसी में धर्म के प्रति जागरूकता और समाज को एकजुट करने की भावना झलक रही थी। कस्बों के लोग हाथों में बैनर और धार्मिक झंडे लेकर इस अभियान का समर्थन कर रहे थे, जिससे मार्ग पर भव्य धार्मिक माहौल बना हुआ था। लोग जयकारों के साथ मधुराम जी के संदेश को स्वीकार करते हुए कदम बढ़ा रहे थे। मार्च के दौरान मधुराम जी और अन्य संन्यासियों ने लोगों से अपील की कि वे समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ एकजुट हों और अपनी संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अनुरोध किया कि वे अपने जीवन में धार्मिक और नैतिक मूल्यों को अपनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करें। मधुराम जी ने कहा कि धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता से ही समाज में एकता और शांति की स्थापना की जा सकती है। पैदल मार्च के दौरान कस्बों में धार्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। लोग अपने घरों से बाहर आकर संन्यासियों का स्वागत कर रहे थे और उनके संदेश को सुनने के लिए सड़क किनारे खड़े हो रहे थे।

मार्ग के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने फूलों से संन्यासियों का स्वागत किया और धार्मिक नारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। यह पैदल मार्च हिंदू जन जागरूकता अभियान का एक हिस्सा था, जिसका उद्देश्य समाज में धर्म के प्रति जागरूकता और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। शिव शक्ति अखाड़ा के संन्यासियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा में लेकर जाने में सहायक होते हैं और लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ाते है। बिल्हौर कस्बे में नगर पालिका चौराहे पर पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा जेपी कटियार, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, अनुभव कटियार सहित सैकड़ो पार्टी और संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

# उपचार न मिलने पर बुखार पीड़ित महिला ने तोड़ा दम




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

गुरसहायगंज। बुखार से पीड़ित एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सकरी गली में एंबुलेंस न पहुंचने के कारण बीमार मां को पुत्र ठेली पर लादकर निजी चिकित्सक के यहां ले गया, पर उपचार न मिलने से महिला ने दम तोड़ दिया।

कस्बे के मोहल्ला किदवई नगर निवासी आमीन की पत्नी आसमां बेगम (55) को दो दिनों से तेज बुखार आ रहा था। आराम न मिलने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने लगे। आसमां बेगम के पति आमीन कोल्डस्टोरेज में आलू बीन कर परिवार का भरण पोषण करता है, जबकि पुत्र चांद बाबू भी मजदूरी करता है। चांद बाबू ने बताया कि पिछले पांच दिनों से मां को बुखार आ रहा था, जिसका उपचार मोहल्ले के ही एक डॉक्टर से करा रहा था। शनिवार सुबह पांच बजे मां की तबीयत बिगड़ गई। घर से निजी नर्सिंग होम तक ले जाने का कोई साधन न होने पर उसे ठेली पर लादकर कस्बा के एक निजी नर्सिंग होम में लेकर गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और सभी का रो-रो कर बुरा हाल था। कहा कि मोहल्ले की गली सकरी होने के कारण एंबुलेंस नहीं पहुंच सकती थी। इसलिए मां को ठेली पर लादकर डॉक्टर के यहां ले गया, जिससे पहुंचने में काफी समय लग गया और मां को समय पर उपचार नहीं मिल पाया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि घटना की जांच कराई जाएगी।

# दुर्घटना में इकलौते चिराग की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तालग्राम। मवैइया तिर्वा मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दोस्त बाल बाल बच गया। बाइक चालक हेलमेट लगाए था। इकलौते चिराग के बुझने से परिवार की दीपावली अंधेरे में और खुशियां मातम में बदल गईं। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

तालग्राम कस्बा मोहल्ला टीला निवासी वीरेंद्र राठौर किसान हैं। उनका इकलौता बेटा विकास (25) दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। धनतेरस पर वह दिल्ली से घर आया था। गुरुवार को दोस्त राजकुमार (25) के साथ मामा के घुखरू गांव से बाइक से लौटते समय कोतवाली तिर्वा के सुजानसराय छौछापुर गांव मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्त ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया। शाम को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही मां और पांच बहनों का दीपावली पर्व पर रो-रोकर हाल बेहाल था। शुक्रवार को कोतवाली तिर्वा पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

### मां-बाप की दुनिया उजड़ी

इकलौते बेटे की मौत से पिता वीरेंद्र और मां सीमा पूरी तरह टूट चुकी हैं। उनका कहना है कि बेटे के गम के आगे अब कुछ याद नहीं है। एक बेटी स्वाति की शादी हो गई है। अब चार बेटियों की शादी का भार उनके कंधों पर है।

### भैया दूज पर अब किसके करेंगे रोली टीका

इकलौते भाई की मौत से बहनें बेसुध हैं। सुन्ना, काजल, पेयजल, बिट्टी सिसकियों के बीच केवल इतना ही कह रही हैं कि भैया दूज पर किस भाई के माथे पर रोली टीका लगाएंगी। भगवान यह तूने क्या किया। मेरा भाई छीन लिया और फिर रोने लगती हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से डीसीएम चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मानीमऊ। दिल्ली से कानपुर जा रही हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक डीसीएम चालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रेलवे लाइन को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया था। इस हादसे से ड्राइवर के परिजनों में कोहराम मचा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मानीमऊ निवासी मोहम्मद इरशाद उर्फ पप्पू (50) घर जा रहा था। बताया गया कि वह मखदूमापुर स्थित निवास के लिए रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी अचानक हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। हादसे में इरशाद की मौके पर ही मौत हो गई। इरशाद पेशे से डीसीएम चालक थे और दीपावली के बाद किसी काम से बाहर गए थे। उनका घर रेलवे लाइन से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। घटना की जानकारी मिलते ही मानीमऊ चौकी पुलिस व रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई। इरशाद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इरशाद के दो बेटियां और दो बेटे हैं। उन्होंने एक बेटी की शादी कर दी है, जबकि तीन बच्चों की शादी शेष है।

# दोस्तों संग नहाने गया छात्र यमुना में डूबा

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



भरुआ सुमेरपुर। दोस्तों के साथ यमुना नदी में नहाने गया कक्षा 11 का छात्र गहराई में जाने से डूब गया। वहीं, तीन अन्य दोस्तों को एक चरवाहे ने बचा लिया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने जाल की मदद से छात्र का शव बरामद किया। ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के मजरा छोटा कछार निवासी गोविंदा उर्फ गुड्डू सिंह कानपुर के रनिया में परिवार सहित रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। गुड्डू पत्नी व बच्चों को लेकर गांव दिवाली पर्व मनाने आए थे। शुक्रवार को उनका बड़ा पुत्र ध्रुव सिंह (17) गांव निवासी अभयजीत सिंह, रामवीर सिंह और भूरा सिंह के साथ गांव के समीप से बहने वाली यमुना नदी में नहाने गए थे। दिन के करीब 12 बजे वह चारों डूबने लगे। बच्चों का शोर सुनकर पास ही बकरी चरा रहे चरवाहे जागेश्वर निषाद ने अभयजीत, रामवीर व भूरा को बचा लिया, लेकिन गहराई होने के कारण वह ध्रुव सिंह को नहीं बचा सका। उसने ध्रुव के डूबने की सूचना गांव पहुंचाई। सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद ध्रुव का शव जाल के माध्यम से बाहर आ सका। ध्रुव रनिया में कक्षा 11 का छात्र था।

# भारतीय कंपनियों किसी कानून का उल्लंघन नहीं कर रहीं: विदेश मंत्रालय

- विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता के अनुसार भारतीय कंपनियों ने किसी भी राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं किया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका की ओर से कई भारतीय कंपनियों और नागरिकों पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता के अनुसार भारतीय कंपनियों ने किसी भी राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं किया है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से 19 भारतीय कंपनियों और दो व्यक्तियों को पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई थी। इन भारतीय कंपनियों और लोगों पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध के दौरान रूस को सामग्री और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति करने का आरोप है।

### हम नियमों को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने अमेरिकी प्रतिबंधों पर रिपोर्ट देखी हैं। भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं- वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया समूह और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के सदस्य भी हैं, और अप्रसार पर प्रासंगिक यूएनएससी प्रतिबंधों और यूएनएससी संकल्प 1540 को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी समझ यह है कि प्रतिबंधित लेनदेन और कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं करती हैं। फिर भी, भारत की स्थापित अप्रसार साख को ध्यान में रखते हुए, हम सभी संबंधित भारतीय विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर भारतीय कंपनियों को लागू निर्यात नियंत्रण प्रावधानों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ नए उपायों के बारे में भी सूचित कर रहे हैं। ये उपाय कुछ परिस्थितियों में भारतीय कंपनियों को प्रभावित कर सकते हैं। जायसवाल के अनुसार, भारतीय उद्योगों और हितधारकों के लिए नियमित रणनीतिक व्यापार/निर्यात नियंत्रण आउटरीच कार्यक्रम भारत सरकार की एजेंसियों की ओर से चलाए जा रहे हैं। हम मुद्दों पर अधिक स्पष्टता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में भी हैं। इनके अलावा लोकेश मशीन्स लिमिटेड, पॉइंटर इलेक्ट्रॉनिक्स, आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, शार्पलाइन ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, शौर्य एयरोनॉटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और श्रेया लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए लगभग 400 संस्थाओं व व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। बयान के मुताबिक, वैश्विक कर चोरी नेटवर्क को बाधित करने के अलावा इस कार्रवाई के तहत रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए प्रमुख सूचना और अन्य सामग्री के घरेलू रूसी आयातकों और उत्पादकों पर भी कार्रवाई की गई है।

### भारत के अलावा चीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड और तुर्किए की कंपनियों पर भी प्रतिबंध

अमेरिका ने रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों का कथित तौर पर सहयोग करने के आरोप में भारतीय इकाइयों समेत कुल 275 लोगों व इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा है कि चीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड और तुर्किए की कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसकी वजह यह है कि ये कंपनियां रूस को उन्नत प्रौद्योगिकी और उपकरण प्रदान कर रही हैं जिनका इस्तेमाल रूस अपने युद्ध तंत्र को चलाने में कर रहा है। वित्त विभाग की तरफ से जारी सूची में भारत स्थित कंपनियों में आभार टेक्नोलॉजीज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डेनवास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एमसिस्टेक, गैलेक्सी बियरिंग्स लिमिटेड, ऑर्बिट फिनट्रेड एलएलपी, इनोवियो वेंचर्स, केडीजी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और खुशबू होनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम शामिल हैं।

### प्रतिबंधित कंपनियों ने भी रखा अपना पक्ष

प्रतिबंधों में नामित भारतीय कंपनी श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि वे भारतीय कानून के तहत काम करती हैं और उनका दावा है कि प्रतिबंधों से उनके व्यवसाय पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मेरठ स्थित श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रवीण त्यागी ने प्रतिबंधों पर कहा, मुझे नहीं पता कि ये प्रतिबंध हम पर क्यों लगाए गए हैं। लेकिन इसका हम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि हम न तो अमेरिका से आयात करते हैं और न ही अमेरिका को निर्यात करते हैं।

### अमेरिकी प्रतिबंध का कंपनी पर कोई असर नहीं पड़ेगा

टीएसएमडी ग्लोबल के निदेशक राहुल कुमार सिंह ने कहा, मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि अमेरिका ने कंपनी पर प्रतिबंध क्यों लगाया है। हम ऑटोमोबाइल पार्ट्स और कृषि उपकरणों के आपूर्तिकर्ता हैं। हमारी कंपनी का अमेरिका से कोई कारोबार नहीं है। अमेरिकी प्रतिबंध का कंपनी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम रूसी कंपनियों को ऑटोमोबाइल पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कपड़े सप्लाई करते हैं। हम भारत सरकार के खिलाफ काम नहीं कर रहे हैं और कारोबारी मानदंडों के अनुसार काम कर रहे हैं। हम कोई अवैध काम नहीं कर रहे। रूस के साथ हमारा कारोबार पहले की तरह ही जारी रहेगा।卐 इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा का कहना है कि ये उपाय 5 नवंबर को अमेरिका में होने वाले अमेरिकी चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास हो सकते हैं।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में फिर आई खटास विदेश मंत्रालय ने जमकर सुनाई खरी-खोटी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कनाडा के मंत्री की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर भारत ने नाराजगी जताई है। भारत ने कनाडाई अधिकारी को तलब किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया। भारत सरकार कनाडा सरकार में मंत्री डेविड मॉरिसन की ओर से समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार आरोपों का सबसे कड़े शब्दों में विरोध करती है। उन्होंने कहा, %यह पहले ही साफ हो चुका है कि उच्च कनाडाई अधिकारी जानबूझकर भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सचेत रणनीति के तहत अंतरराष्ट्रीय मीडिया को निराधार आरोप लीक करते हैं। इससे वह दृष्टिकोण साबित होता है, जो भारत सरकार ने वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार पैटर्न के बारे में लंबे समय से रखा है। इस तरह की गैरजिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

### दिवाली समारोह रद्द होने की खबरों पर कही यह बात

कनाडा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह रद्द होने की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने इस संबंध में कुछ रिपोर्ट देखी हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा में मौजूदा माहौल असहिष्णुता और उग्रवाद के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। कनाडा सरकार द्वारा वीजा की संख्या में कटौती पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम कनाडा में काम कर रहे अपने छात्रों और पेशेवरों की भलाई पर नजर रख रहे हैं। उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए हमारी चिंता बनी हुई है।

### वाणिज्य दूतावास अधिकारियों की निगरानी पर उठाए सवाल

रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार की ओर से सूचित किया गया था कि वे अब भी ऑडियो और वीडियो के जरिए निगरानी में हैं। उनकी बातचीत पर भी नजर रखी जा रही है। हमने कनाडा सरकार के सामने औपचारिक रूप से विरोध जताया है, क्योंकि हम ऐसे कामों को प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास सम्मेलनों का घोर उल्लंघन मानते हैं। तकनीकी पहलुओं का हवाला देकर कनाडा सरकार इस तथ्य को उचित नहीं ठहरा सकती कि वह उत्पीड़न और धमकी में लिप्त है। हमारे राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कर्मी पहले से ही अलगाववाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं। कनाडा सरकार का कृत्य स्थिति को और खराब कर रहे हैं। यह स्थापित राजनयिक मानदंडों और प्रथाओं के साथ असंगत है।

## 'भारत आपदा जोखिम को कम करने के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रति प्रतिबद्ध'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके पीके मिश्रा ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और वैश्विक स्तर पर आपदा लचीलापन बढ़ाने के लिए ज्ञान साझाकरण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सतत विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पीके मिश्रा ने ब्राजील के बेलेम में जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह (डीआरआरडब्ल्यूजी) की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने 30 अक्तूबर से 1 नवंबर तक आयोजित बैठक में भाग लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय भागीदारी के साथ, आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर पहली मंत्रिस्तरीय घोषणा को अंतिम रूप देने पर आम सहमति बनी। कई सत्रों के दौरान, पीके मिश्रा ने आपदा जोखिमों को कम करने और आपदा वित्तपोषण को बढ़ाने में भारत सरकार की तरफ से की गई प्रगति को साझा किया। उन्होंने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो कि जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान घोषित की गई।



## एलएसी पर डेमचोक के बाद देपसांग में भी भारतीय सेना की गश्त शुरू

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने देपसांग में गश्त शुरू कर दी है। यह पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव वाला बिंदु था। सेना ने शुक्रवार को डेमचोक में गश्त शुरू हुई थी। उससे पहले पहले भारतीय और चीनी सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख के इन दोनों तनाव वाले बिंदुओं से पीछे हटने की प्रक्रिया को पूरा किया। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### एलएसी पर गश्त को लेकर भारत-चीन के बीच समझौता

सूत्रों ने पहले बताया था कि गश्त की स्थिति को 2020 से पहले के स्तर पर वापस लाए जाने की उम्मीद है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्तूबर को दिल्ली में कहा था कि भारत और चीन के बीच कई हफ्तों से बातचीत के बाद एक समझौता किया गया है, जो 2020 में हुई समस्याओं के समाधान की दिशा में ले जाएगा। यह समझौता पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पर आधारित है।

### दिवाली पर दोनों देशों की सेनाओं ने किया मिठाइयों का आदान-प्रदान

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि चीन के साथ गश्त के समझौते के बाद डेमचोक और देपसांग में आपसी सहमति से गश्त शुरू हो गई है। गुरुवार को दोनों देशों के सैनिकों ने एलएसी पर दिवाली के मौके पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। यह परंपरा उस समय पूरी की गई, जब दोनों देशों ने डेमचोक और देपसांग पर सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को पूरा किया। जिससे दोनों देशों के संबंधों में नरमी देखने को मिल रही है।

# सत्ता पक्ष के उम्मीदवारों की मदद के लिए पुलिस वाहन प्रयोग हो रहे: शरद पवार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एसपी के अध्यक्ष शरद पवार ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष दलों के उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर खुलकर बोलना चाहते हैं, लेकिन वे इससे बच रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह इसलिए खुलकर नहीं बोल रहे हैं, क्योंकि ऐसा करना से उन अधिकारियों को ठेस पहुंचेगी जिन्होंने यह जानकारी साझा की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार के पोते और पार्टी के उम्मीदवार युगेंद्र पवार (बारामती) और रोहित पवार (कर्जत-जामखेड) भी मौजूद थे। पवार परिवार हर साल गोविंदबाग में एकत्रित होते है, लेकिन इस साल महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार और उनका परिवार शामिल नहीं हुए। शरद पवार ने दावा करते हुए कहा, ÷हमें कई जिलों के अधिकारियों से पता चला कि सत्ता पक्ष दलों के उम्मीदवारों को चुनाव के लिए वित्तीय सहायता मिल रही है। इसके लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### रोहित पवार ने अजित पवार को घेरा

राकांपा-एसपी उम्मीदवार रोहित पवार ने शनिवार को पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि राकांपा-एसपी के शरद पवार ने दिवाली पड़वा मनाने की परंपरा शुरू की थी, लेकिन अजित पवार ने एक और पड़वा उत्सव शुरू किया। उन्होंने कहा, 卐राकांपा-एसपी के शरद पवार ने बारामती में दिवाली पड़वा मनाने की परंपरा शुरू की थी। यहां लोग उनसे मिलने आते हैं और पिछले 35-40 वर्षों से यह परंपरा जारी है। अजित दादा ने एक और पड़वा उत्सव शुरू किया। महाराष्ट्र में यह पवार साहब (शरद पवार) की परंपरा है और भाजपा को इससे परेशानी है। इसलिए उन्होंने पहले परिवार को तोड़ दिया, फिर पार्टी को तोड़ा और अब वे अजित दादा के जरिए एक अन्य पड़वा उत्सव शुरू कर रहे हैं। उनसे यह पूछना चाहिए कि उन्होंने दूसरा पड़वा उत्सव क्यों शुरू किया? जो लोग पवार सहाब का समर्थन करते हैं, वे यहां आकर उनसे मिल सकते हैं।

### 'एक बार फिर पारिवारिक लड़ाई देखने को मिलेगी'

बारामती में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने दिवाली के मौके पर अपने आवास लोगों को बधाई दी। वहीं राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार और सांसद सुप्रिया सुले ने अपने आवास में लोगों को दिल्ली की बधाई दी। बता दें कि महाराष्ट्र के बारामती सीट पर एक बार फिर पारिवारिक लड़ाई देखने को मिलेगा। दरअसल, इस क्षेत्र से इस बार अजित पवार का सामना युगेंद्र पवार से होने वाला है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में इस सीट से राकांपा-एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार पर जीत हासिल की थी।

### एक ही चरण में होंगे चुनाव

288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एनसीपी से मिलकर बनी महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर उठाए सवाल, कहा

# टीटीडी में एक भी गैर हिंदू नहीं हैं



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस दौरान कहा कि, टीटीडी बोर्ड (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के 24 सदस्यों में से एक भी सदस्य गैर-हिंदू नहीं है, टीटीडी के नए चेयरमैन का कहना है कि वहां काम करने वाले लोग हिंदू होने चाहिए, हम इसके खिलाफ नहीं हैं। हमें सिर्फ इस बात पर आपत्ति है कि नरेंद्र मोदी की सरकार वक्फ के प्रस्तावित बिल में कह रही है कि केंद्रीय वक्फ परिषद में 2 गैर-मुस्लिम सदस्यों का होना अनिवार्य कर दिया गया है। आप वक्फ बिल में यह प्रावधान क्यों ला रहे हैं? टीटीडी हिंदू धर्म का बोर्ड है और वक्फ बोर्ड मुस्लिम धर्म का है। समानता होनी चाहिए, जब टीटीडी के ट्रस्टी मुस्लिम नहीं हो सकते, तो वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य कैसे हो सकता है? वहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हम अपने बल पर चुनाव लड़ रहे हैं, एआईएमआईएम का मानना है कि जब मुसलमानों को उनकी आबादी के बराबर अधिकार मिलेंगे, तो भारतीय राजनीति मजबूत होगी।

### फारूक अब्दुल्ला के बयान का किया समर्थन

जबकि बड़गाम आतंकी हमले पर जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी एलजी की है और अगर वहां आतंकी हमले हो रहे हैं तो बीजेपी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैं कह रहा हूं कि पाकिस्तान से आतंकी आ रहे हैं, आप उन्हें क्यों नहीं रोक रहे हैं? मोदी सरकार क्या कर रही है? उन्हें रोकना, उन्हें गिरफ्तार करना सरकार की जिम्मेदारी है, यह नरेंद्र मोदी सरकार की विफलता है कि वे आतंकियों को नहीं रोक पा रहे हैं।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो लूटेगी...: सुधांशु त्रिवेदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी पर सत्ता में आने पर धन लूटने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रमुख ने जो कहा, उससे साफ पता चलता है कि धन, जो लोगों की संपत्ति और समृद्धि होनी चाहिए, अगर कांग्रेस के हाथों में चली जाए, तो यह आपदा बन जाती है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से हम लोगों के कल्याण के लिए काम करते हैं, पिछले 1-2 बजट में हमने लग्जरी की वस्तुओं पर कर और शुल्क बढ़ा दिया है, लेकिन जरूरतमंद लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कांग्रेस जैसे कुछ लोग ऐसे हैं, जो सत्ता में आने के बाद धन लूटते हैं और लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखते हैं।

# वक्फ भूमि बताकर किसानों को भेजे गए नोटिस होंगे वापस: सिद्धारमैया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**



कर्नाटक में मुस्लिम किसानों की जमीन को वक्फ संपत्ति बताकर भेजे गए नोटिस वापस लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर भाजपा के हमले के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सभी अधिकारियों को नोटिस तुरंत वापस लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरों से यह भी कहा कि किसी भी किसान को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों को मामले को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए। कर्नाटक में मुस्लिम किसानों की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर नोटिस भेजे गए थे। राज्य के विजयपुरा, कलबुर्गी, बीदर और शिवमोग्गा के किसानों ने जमीन को नोटिस मिलने की शिकायत की थी। नोटिस में उनकी जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया गया। इसे लेकर भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को घेरा था।

### पीएम मोदी पर किया हमला

चुनावी गारंटी पूरी करने में कांग्रेस की आलोचना करने पर सीएम सिद्धारमैया ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। सिद्धारमैया ने एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले कर्नाटक में भाजपा की विनाशकारी विरासत की जांच कराएं। हम अपने लोगों से किए गए हर वादे को पूरा कर रहे हैं। सभी पांच गारंटियों को 52,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ लागू किया गया है। भाजपा ने राज्य को 40 प्रतिशत कमीशन भ्रष्टाचार में फंसा दिया है, जिससे संसाधन खत्म हो रहे हैं। इनसे जीवन में सुधार हो सकता था।

## सीएम बनने के लिए कांग्रेस के साथ गए उद्धव, शिवसेना को बचाने के लिए सरकार पलट दी: एकनाथ शिंदे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर करारा हमला बोला है। उन्होंने शिवसेना में दोफाड़ होने की वजह पर भी खुलकर बात की। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि जब राज्य में महा विकास अघाड़ी की सरकार थी, उनसे भी मैं था। वह सरकार बाला साहेब ठाकरे के विचारों के खिलाफ थी। मैंने उद्धव ठाकरे को बहुत समझाया, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। बाला साहेब ठाकरे कहते थे कि कांग्रेस को दूर रखो। हमारी पार्टी का नुकसान हो रहा था, हमारी पार्टी खत्म होने की कगार पर चलने लगी थी, इसीलिए हमने सरकार पलट दी और शिवसेना भाजपा गठबंधन की सरकार बनाई। एकनाथ शिंदे ने कहा, पिछले दो साल में हमने जनता के लिए काम किया। मुझे इस बात की खुशी है कि हमने दो साल में जो काम किया है, उसकी सराहना खुद प्रधानमंत्री मोदी ने की। केंद्र और राज्य सरकार एक ही विचारधारा वाली सरकार है।

# नवंबर में भी हिमाचल में रिकॉर्ड गर्माहट, कल्पा 40 साल बाद सबसे गर्म

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला**



मौसम में आए बदलाव से सर्दियों में भी पहाड़ तपने लगे हैं। पहली नवंबर को मौसम में रिकॉर्ड गर्माहट दर्ज की गई। शुक्रवार को कल्पा में 40, चंबा 14, शिमला 8 और कांगड़ा, सोलन व मनाली में 4 साल बाद नवंबर में सबसे अधिक तापमान रहा। कल्पा में 1984 में 24.5 अधिकतम तापमान रहा था। अब शुक्रवार को यहां पारा 23.6 डिग्री दर्ज हुआ। चंबा में 2010 के बाद 30 डिग्री और शिमला में 2016 के बाद अब 22 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पहुंचा है।

### नवंबर के पहले दिन चढ़ते पारे ने कई रिकॉर्ड बनाए

प्रदेश के कई शहरों में नवंबर के पहले दिन चढ़ते पारे ने कई रिकॉर्ड बनाए। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में बुधवार को दिवाली के दिन और गुरुवार को मौसम साफ रहा। गुरुवार को हमीरपुर में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। बिलासपुर, धौलाकुआं, नेरी, भुंतर, ऊना और कांगड़ा में शुक्रवार को अधिकतम पारा 30 डिग्री से अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार कांगड़ा में साल 2020 में 28.4 डिग्री पारा पहुंचा था। अब शुक्रवार को तापमान 30.7 डिग्री रहा। सोलन में 2020 में 28.7 डिग्री था, अब 28.0 डिग्री रहा।

### सुबह-शाम ठंड, ताबो में शून्य से नीचे पारा

न्यूनतम तापमान में कमी आने से सुबह और शाम के समय मौसम में ठंडक बढ़ने लगी है। ताबो में न्यूनतम पारा माइनस 2.5, कुकुमसेरी 0.6, केलांग 3.6, कल्पा 4.6, समदो 8.6, मनाली 6.6, सोलन 8.9, शिमला 11.0, धर्मशाला 14.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। आज शिमला सहित पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना हुआ है। अक्तूबर में सबसे अधिक बारिश 1955 में 413.5 मिमी दर्ज की गई थी।

### अक्तूबर 123 वर्षों में तीसरा सबसे शुष्क महीना रहा

प्रदेश में 123 वर्षों में तीसरा सबसे सूखा अक्तूबर महीना रहा, जिसमें 97 फीसदी कम बारिश हुई। राज्य में सामान्य 25.1 मिमी बारिश के मुकाबले 0.7 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकांश दिनों में कमजोर बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में अक्तूबर महीने में 1901 के बाद तीसरी सबसे कम वर्षा हुई।

### 8 तक मौसम साफ रहने के आसार

प्रदेश के सभी क्षेत्रों में 8 नवंबर तक मौसम साफ बना रहने के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को ऊना में अधिकतम तापमान 32.0, बिलासपुर में 32.3, नेरी में 31.7, धौलाकुआं में 30.4, भुंतर में 30.5, चंबा में 29.9, सोलन में 28.0, धर्मशाला में 27.0, नाहन में 26.8 और केलांग में 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिवाली गुजर जाने के बाद भी उत्तर भारत में नहीं आई सर्दी

दीपावली गुजर गई लेकिन उत्तर भारत में सर्दी नहीं आई। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आए दाना चक्रवात ने ठंड की स्थितियों को पलट दिया। इस चक्रवात ने पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं को दिल्ली समेत उत्तर भारत आने से रोक दिया जिस वजह से इन क्षेत्रों का तापमान बढ़ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि 15 नवंबर के आसपास ठंड के तेजी से बढ़ने का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष ला नीना की वजह से भारत में कम अवधि के दौरान बहुत ज्यादा ठंड पड़ने के आसार हैं। ला नीना के कारण समुद्र का तापमान ठंडा हो जाता है। ला नीना के दौरान प्रशांत तट से दूर का पानी सामान्य से ज्यादा ठंडा होता है, इसलिए उससे टकराकर लौटने वाली हवा ठंड को बेहद तीखा कर देती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)